हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 11



खेल

## मैदान पर भावुक हुए मेसी के लिए अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने लिखा खास पोस्ट

Page 09



देश

## युवा चेतना के राष्ट्रीय संयोजक रोहित सिंह का विपक्ष पर हमला छात्रों को भड़का कर देश में...

शुक्ल पक्ष, अनुराधा, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • शुक्रवार • 24 जुलाई 2026 • वर्ष 28 • अंक 232 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

### सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 1,35,000 | ₹ 2,40,000 |

### आज का इतिहास

1991 : पी. वी. नरसिम्हा राव और उनके वित्त मंत्री मनमोहन सिंह की सरकार ने उन सुधारों की शुरुआत की, जो भारत में चल रहे आर्थिक आर्थिकरण की शुरुआत कर रहे थे।

2011 : बीपी ने लीबिया के तट पर तेल के लिए ड्रिलिंग शुरू करने की योजना की घोषणा की।

### न्यूज बाइट्स

#### बिहार के कई जिलों में भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी

**पटना (निसं)।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बिहार के कई जिलों में 25 से 28 जुलाई के बीच मुसलाधार बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और वज्रपात (ठनका) की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने अलर्ट वाले जिलों के लोगों को विशेष रूप से सतर्क रहने और खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है।

#### बांकीपुर उपचुनावः 30 जुलाई को वोटिंग

**पटना (नि.सं.)।** बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने 182-बांकीपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव के मद्देनजर 30 जुलाई (गुरुवार) को सवैतनिक सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। यह निर्णय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदान कार्यक्रम के अनुरूप लिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-135 (ख) के तहत मतदान के दिन 182-बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र की सीमा के भीतर स्थित सभी सरकारी, अर्द्धसरकारी, वित्तीय संस्थानों तथा निजी प्रतिष्ठानों में सवैतनिक सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

#### दो वरिष्ठ आईएएस को अतिरिक्त प्रभार

**पटना (नि.सं.)।** बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो वरिष्ठ अधिकारियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी है। विभागीय कार्रवाई के लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन और जांच प्रक्रिया को गति देने के लिए दोनों अधिकारियों को जांच आयुक्त, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### पटना, बेगूसराय, दरभंगा और कटिहार में प्रदर्शन, हालात संभालने के लिए पुलिस को करना पड़ा बल प्रयोग

# नीट पेपर लीक के विरोध में उफना बिहार पटना समेत कई जिलों में छात्रों का प्रदर्शन

- शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर दूसरे दिन भी छात्रों का प्रदर्शन

निज संवाददाता | पटना











नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर बिहार में छात्रों का आंदोलन गुरुवार को भी जारी रहा। पटना समेत दरभंगा, बेगूसराय, कटिहार, मुंगेर और शेखपुरा में बड़ी संख्या में छात्र सड़कों पर उतरे। कई स्थानों पर प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तीखी झड़प हुई, जिसके बाद पुलिस ने हालात नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज किया और कई छात्रों को हिरासत में लिया। पटना में अशोक राजपथ और पटना कॉलेज के आसपास छात्रों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। पुलिस ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शन समाप्त नहीं होने पर कई छात्रों को बसों में बैठाकर हिरासत में ले लिया। बेगूसराय में छात्रों ने कलेक्ट्रेट परिसर का घेराव किया और मुख्य गेट पर चढ़ने का प्रयास किया। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, जिसके बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई और भीड़ को हटाने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा। दरभंगा में विरोध मार्च निकाल रहे छात्र कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई। इस दौरान पथराव की घटना भी सामने आई, जिसमें एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। कटिहार में भी प्रदर्शनकारी डीएम कार्यालय के बाहर जुटे। पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें आगे बढ़ने से रोका और बाद में भीड़ को तितर-बितर करने के लिए बल प्रयोग किया। मुंगेर में छात्रों ने जुलूस निकालकर सरकार के खिलाफ नारे लगाए। पूरे कार्यक्रम के दौरान पुलिस बल तैनात रहा और स्थिति नियंत्रण में रही। शेखपुरा में भी छात्र तिरंगा और बैनर लेकर सड़कों पर उतरे तथा परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग उठाई।

#### पूरे राज्य में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

पटना में हुए हिंसक प्रदर्शन के बाद राज्यभर में पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में है। सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल और दंगा नियंत्रण दल तैनात किए गए हैं। एक दिन पहले पटना में प्रदर्शनकारी छात्रों ने बैरिकेडिंग तोड़कर राजभवन और मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़ने का प्रयास किया था। इस दौरान पुलिस ने वाटर कैनन, आंसू गैस और लाठीचार्ज का इस्तेमाल किया। कई जगह पथराव और वाहनों में तोड़फोड़ की घटनाएं भी हुई थीं, जिसमें पुलिसकर्मी और अधिकारी घायल हुए थे। इसी घटनाक्रम के बाद गुरुवार को पुलिस ने राजधानी सहित अन्य जिलों में पहले से अधिक सुरक्षा व्यवस्था लागू की और प्रदर्शन स्थलों पर अतिरिक्त बल तैनात किया।

#### युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ नहीं : सीएम



बिहार में छात्र आंदोलन और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर जारी राजनीतिक बहस के बीच मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बड़ा संदेश दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोशल मीडिया पोस्ट को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी ताकत हैं और उनके सपनों व भविष्य के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा, 'युवा हमारे देश की सबसे बड़ी ताकत हैं। उनके सपनों और भविष्य के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों को कानून के तहत सख्त से सख्त सजा मिलेगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। युवाओं का भविष्य सुरक्षित रखना मोदी सरकार की गारंटी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि युवाओं के भविष्य से जुड़े मामलों में सरकार पूरी गंभीरता से कार्रवाई करेगी और किसी भी दोषी के खिलाफ कानून के अनुसार कठोर कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने जिस पोस्ट को साझा किया, उसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी युवाओं के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को जल्द सजा दिलाने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य दोषियों के खिलाफ त्वरित और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करना है, ताकि युवाओं का भविष्य पूरी तरह सुरक्षित रहे।

#### दोषियों के लिए बनेंगे फास्ट ट्रैक कोर्ट : पीएम



देशभर में पेपर लीक के मामलों पर बढ़ती चिंता के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक के मामलों की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए जाएंगे, ताकि दोषियों को जल्द से जल्द कड़ी सजा मिल सके। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, 'देश के युवाओं का हित और उनका भविष्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। युवाओं के सपनों के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और उन्हें शीघ्र न्याय दिलाने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट की व्यवस्था की जाएगी। यह घोषणा ऐसे समय आई है जब विभिन्न संगठनों और छात्र समूहों द्वारा परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और पेपर लीक के मामलों को लेकर लगातार प्रदर्शन किए जा रहे हैं। पहली बार पेपर लीक मामलों के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट अब तक देश में पेपर लीक से जुड़े मामलों की सुनवाई सामान्य अदालतों में होती रही है, जिससे फैसले आने में कई वर्ष लग जाते थे। प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद पहली बार इन मामलों के त्वरित निपटारे के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित किए जाने की प्रक्रिया शुरू होगी।

### कौशल प्रशिक्षण से महिलाओं को मिलेगा रोजगार

## बिहटा में बिहार के पहला महिला एनएसटीआई कैंपस का भूमिपूजन





- केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े, आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण से महिलाओं को बनाया जाएगा आत्मनिर्भर

निज संवाददाता | पटना

पटना जिले के बिहटा प्रखंड स्थित सिकंदरपुर औद्योगिक क्षेत्र में बनने वाले नेशनल स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट फॉर वूमेन (एनएसटीआई) के नए कैंपस भवन का गुरुवार को भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी तथा बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। इस दौरान केंद्र और बिहार सरकार के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

यह बिहार में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के तहत स्थापित होने वाला पहला नेशनल स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट फॉर वूमेन (एनएसटीआई) होगा। इस संस्थान का उद्देश्य महिलाओं को तकनीकी एवं व्यावसायिक कौशल का प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है।

संस्थान में विभिन्न तकनीकी ट्रेडों में प्रशिक्षण के साथ रोजगार संबंधी मार्गदर्शन तथा केंद्र सरकार की कौशल विकास योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण से जोड़ने पर जोर दिया जाएगा।

#### क्या है एनएसटीआई?

नेशनल स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एनएसटीआई) भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के अधीन संचालित प्रमुख प्रशिक्षण संस्थान है। यहां युवाओं एवं आईटीआई प्रशिक्षकों को विभिन्न तकनीकी और व्यावसायिक ट्रेडों में उन्नत स्तर का प्रशिक्षण दिया जाता है। संस्थान में क्राफ्ट इंस्ट्रक्टर ट्रेनिंग स्कीम (सीआईटीएस) सहित कई विशेष पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं, जिनका उद्देश्य कुशल मानव संसाधन तैयार करना और रोजगार के अवसरों का विस्तार करना है।

#### महिलाओं की रोजगार क्षमता होगी मजबूत

सरकार का मानना है कि इस संस्थान के शुरू होने से बिहार की महिलाओं को आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त होगा, जिससे उनकी रोजगार क्षमता बढ़ेगी और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगी। साथ ही राज्य में कौशल विकास के क्षेत्र को भी नई गति मिलेगी।

## चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी के ठिकानों पर निगरानी का छापा, आय से 253% अधिक संपत्ति का खुलासा

निज संवाददाता | भोजपुर



#### 34 अचल संपत्तियां और लग्जरी वाहन मिले

जांच के दौरान आरोपी और उनकी पत्नी चांदनी सिंह के नाम पर 34 अचल संपत्तियां (जमीन एवं मकान) दर्ज मिलीं। इन संपत्तियों का सरकारी मूल्य 1,11,76,250 आंका गया है। इसके अलावा करीब 17.24 लाख मूल्य के तीन वाहन भी बरामद हुए, जिनमें एक महिंद्रा थार और दो मोटरसाइकिलें शामिल हैं।

बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भोजपुर जिले के गड़हनी प्रखंड स्थित प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय में पदस्थापित चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी (कार्यालय परिचारी) शिवानन्द कुमार सिंह के ठिकानों पर छापेमारी की। जांच में आरोपी के पास उसकी वैध आय की तुलना में 253.8 प्रतिशत अधिक संपत्ति मिलने का खुलासा हुआ है।

निगरानी ब्यूरो की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति (संख्या 0-97/2026) के अनुसार, आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत निगरानी थाना में कांड संख्या 0-087/26 दर्ज किया गया है। जांच में शिवानन्द कुमार सिंह के पास 1,06,62,770 (एक करोड़ छह लाख बासठ हजार सात सौ सत्तर रुपये) की आय से अधिक संपत्ति पाई गई, जो उनकी वैध आय से लगभग 253.8 प्रतिशत अधिक है।

विशेष न्यायालय (निगरानी), पटना से प्राप्त सर्च वारंट के आधार पर 22 जुलाई 2026 को निगरानी ब्यूरो की तीन अलग-अलग टीमों ने आरोपी के आवास, कार्यालय और अन्य ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। कार्रवाई देर रात तक चली। छापेमारी के दौरान 15 जमीन खरीद (क्रय) डीड, 12 बिक्री डीड, तीन एग्रीमेंट पेपर, एक मॉर्गेज डीड तथा पांच बैंक खातों से संबंधित दस्तावेज बरामद किए गए। अधिकारियों का मानना है कि ये दस्तावेज आरोपी की कथित अवैध संपत्ति और लेन-देन की पुष्टि करने में महत्वपूर्ण साबित होंगे। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच जारी है। जांच एजेंसियां यह भी पता लगा रही हैं कि एक चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी ने इतनी बड़ी संपत्ति कैसे अर्जित की और क्या इस पूरे मामले में विभाग के अन्य अधिकारियों या कर्मचारियों की भी मिलीभगत रही है। ब्यूरो का कहना है कि जांच के आधार पर आगे आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बिहार विधान परिषद से 13 अहम विधेयक पारित, उच्च शिक्षा से लेकर ईज ऑफ डूइंग बिजनेस तक कई फैसलों पर लगी मुहर

- निजी विश्वविद्यालय, एआई एवं कंप्यूटर साइंस, इंजीनियरिंग, पंचायत राज, नगर विकास और जेल सुधार से जुड़े विधेयकों को मिली मंजूरी

निज संवाददाता | पटना



बिहार विधान परिषद ने गुरुवार को विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े 13 महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित कर दिया। इनमें उच्च शिक्षा, निजी विश्वविद्यालय, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), कंप्यूटर साइंस, इंजीनियरिंग, नगर विकास, पंचायत राज, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, अपराध नियंत्रण और जेल सुधार से संबंधित विधेयक शामिल हैं। राज्य सरकार ने इसे शिक्षा, रोजगार और प्रशासनिक सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। उच्च शिक्षा मंत्री संजय सिंह टाइगर ने सदन में बिहार निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक और बिहार विशिष्ट विश्वविद्यालय विधेयक पेश किया। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य बिहार के छात्रों को राज्य में ही गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें पढ़ाई के लिए दूसरे राज्यों का रुख न करना पड़े और राज्य से बाहर जाने वाले संसाधनों एवं राजस्व पर भी रोक लग सके।

#### एआई और तकनीकी शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा

सदन ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं कंप्यूटर विज्ञान विश्वविद्यालय विधेयक, बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक तथा शहीद जुब्बा सहनी वास्तुकला एवं असैनिक अभियंत्रण विश्वविद्यालय विधेयक को भी मंजूरी दे दी। सरकार का मानना है कि इन संस्थानों के माध्यम से राज्य में आधुनिक तकनीकी एवं रोजगारोन्मुख शिक्षा को नई दिशा मिलेगी।

#### कारोबार और स्थानीय निकायों से जुड़े सुधार

विधान परिषद ने बिहार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस विधेयक, बिहार नगर विकास विधेयक तथा बिहार पंचायत राज (संशोधन) विधेयक भी पारित किए। इसके अलावा स्टाम्प एवं निबंधन, दुकान एवं प्रतिष्ठान तथा रोजगार से जुड़े कानूनों में संशोधन संबंधी विधेयकों को भी स्वीकृति मिली। सरकार का कहना है कि इन सुधारों से निवेश को बढ़ावा मिलेगा और प्रशासनिक प्रक्रियाएं अधिक सरल एवं पारदर्शी बनेंगी।

#### जेल सुधार और अपराध नियंत्रण पर भी जोर

सदन ने बिहार कारा एवं सुधारात्मक सेवा विधेयक तथा बिहार अपराध नियंत्रण (संशोधन) विधेयक को भी पारित कर दिया। सरकार के अनुसार इन विधेयकों का उद्देश्य कारा प्रशासन को अधिक प्रभावी बनाना, सुधारात्मक सेवाओं को सुदृढ़ करना तथा अपराध नियंत्रण से जुड़े कानूनी प्रावधानों को और मजबूत करना है। सरकार ने कहा कि इन सभी विधेयकों के लागू होने से राज्य में शिक्षा, कौशल विकास, निवेश, रोजगार सृजन और सुशासन को नई गति मिलेगी, जिससे बिहार के समग्र विकास को बल मिलेगा।

### 8,387 पंचायतों में विधवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की तैयारी

**पटना (नि.सं.)।** बिहार की सभी 8,387 पंचायतों में रहने वाली लाखों विधवाओं और उनके आश्रित बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से लूम्बा फाउंडेशन ने राज्य सरकार के साथ मिलकर व्यापक स्तर पर कार्य करने की इच्छा जताई है। इस संबंध में फाउंडेशन ने बिहार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश को ई-मेल भेजकर सहयोग का अनुरोध किया है। फाउंडेशन ने अपने प्रस्ताव में कहा है कि वह देशभर में पंचायत स्तर पर विधवाओं और उनके आश्रित बच्चों के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए अभियान चला रहा है और इसकी बड़े पैमाने पर शुरुआत बिहार से करना चाहता है। इसके लिए राज्य सरकार से सहयोग की अपेक्षा की गई है। फाउंडेशन ने बताया कि वर्ष 2025 में सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन के सहयोग से बिहार के दरभंगा, मधुबनी, पटना, सारण (छपरा), भागलपुर, समस्तीपुर, सिवान, पूर्वी एवं पश्चिमी चंपारण, गया और बेगूसराय सहित 10 जिलों में विधवाओं एवं उनके आश्रित बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए गए थे। फाउंडेशन का कहना है कि इन कार्यक्रमों को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली, जिसके बाद अब पूरे बिहार की पंचायतों तक इस पहल का विस्तार करने की योजना बनाई गई है।

### बिहार में फैंसी नंबर प्लेट का बढ़ा क्रेज, पांच वर्षों में 37 हजार से अधिक वाहन मालिकों ने चुने पसंदीदा नंबर

# लकी नंबर और जन्मतिथि के लिए खर्च कर रहे मोटी रकम

निज संवाददाता | पटना





#### 2026 में अब तक 6,500 से अधिक फैंसी नंबर जारी

चालू वर्ष 2026 में जनवरी से अब तक 6,500 से अधिक वाहनों के लिए फैंसी नंबर प्लेट जारी की जा चुकी हैं। इससे परिवहन विभाग को 10 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। इस अवधि में पटना से 2,700 से अधिक, गया से 535 और मुजफ्फरपुर से 450 से अधिक वाहन मालिकों ने फैंसी नंबर हासिल किए हैं।

बिहार में लग्जरी वाहनों की तरह अब फैंसी नंबर प्लेट का भी क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। वाहन मालिक अपनी पसंद, लकी नंबर, जन्मतिथि या विशेष अंकों वाली नंबर प्लेट के लिए मोटी रकम खर्च करने को तैयार हैं। परिवहन विभाग के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2021 से 2026 तक राज्यभर में 37 हजार से अधिक वाहन मालिकों ने अपनी गाड़ियों के लिए फैंसी नंबर प्राप्त किए हैं। इस दौरान सबसे अधिक रुचि पटना, गया, मुजफ्फरपुर और रोहतास के वाहन मालिकों में देखने को मिली है। परिवहन विभाग के अनुसार वर्ष 2021 में राज्यभर में 3,013 वाहन मालिकों ने फैंसी नंबर लिए, जिससे विभाग को 6 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ। उस वर्ष पटना में 1,400, गया में 233, मुजफ्फरपुर में 217 और पूर्णिया में 154 फैंसी नंबर आवंटित किए गए।

वर्ष 2022 में यह संख्या बढ़कर 4,648 हो गई और विभाग की आय 9 करोड़ रुपये से अधिक पहुंच गई। वहीं 2023 में लगभग 6,800 वाहनों के लिए फैंसी नंबर जारी किए गए, जिससे 12 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ। वर्ष 2024 में 7,789 वाहनों को फैंसी नंबर आवंटित किए गए और विभाग की आय 13 करोड़ रुपये से अधिक रही। इस दौरान पटना में 3,100 तथा मुजफ्फरपुर में 690 वाहन मालिकों ने पसंदीदा नंबर प्राप्त किए। वर्ष 2025 में यह संख्या बढ़कर 8,936 हो गई। पटना में 3,500 से अधिक, गया में 557 और रोहतास में 549 वाहन मालिकों ने फैंसी नंबर लिए। परिवहन सचिव राज कुमार ने कहा कि फैंसी नंबर प्लेट की बढ़ती लोकप्रियता बिहार में बदलती वाहन संस्कृति का संकेत है। लोग अपनी व्यक्तिगत पहचान और सामाजिक प्रतिष्ठा दर्शाने के लिए विशेष नंबरों को प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि बिहार मोटर वाहन (संशोधन) नियमावली, 1992 के नियम-64 के तहत फैंसी नंबरों का आवंटन पूरी तरह ई-नीलामी के माध्यम से किया जाता है।

## भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में हाईकोर्ट सख्त, बिहार सरकार से मांगा जवाब

निज संवाददाता | पटना



भोजपुर के चर्चित भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में गुरुवार को पटना हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति अरुण कुमार झा की एकलपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए बिहार सरकार से तीन सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। साथ ही अदालत ने घटना से जुड़े महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक और दस्तावेजी साक्ष्यों को सुरक्षित रखने का आदेश भी दिया।

हाईकोर्ट ने सीसीटीवी फुटेज, वीडियोग्राफी, वायरलेस लॉगबुक, मोबाइल फोन का डेटा, स्टेशन डायरी की प्रविष्टियां, कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर), बॉडी कैमरा फुटेज, जब्ती सूची (सीजर रिकॉर्ड) और अन्य संबंधित अभिलेख सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है, ताकि जांच प्रभावित न हो। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को बताया गया कि 16-17 जून 2026 की रात पुलिस बिना किसी सूचना और बिना महिला पुलिसकर्मी के उनके घर में दाखिल हुई। साथ ही आरोप लगाया गया कि 17 जून को मृतक के पिता काशीनाथ तिवारी को शाहपुर थाना में रखा गया था। इन सभी पहलुओं की भी न्यायिक जांच कराने की मांग की गई है।

दोनों पक्षों की प्रारंभिक दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने बिहार सरकार को तीन सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 28 अगस्त 2026 को निर्धारित की गई है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### कौआकोल में बीएलओ की बैठक, मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने का निर्देश

**कौआकोल।** कौआकोल प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में गुरुवार को सभी बीएलओ की दो शिफ्टों में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) डॉ. अखिलेश कुमार ने की। बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार ने कहा कि मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण कार्य पूरी पारदर्शिता और गंभीरता के साथ किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि DSE समेत विभिन्न श्रेणी में चिन्हित मतदाताओं का नियमानुसार सत्यापन कर निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप आवश्यक विलोपन की कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं का नाम दो स्थानों पर दर्ज है,उनका नाम नियमानुसार एक स्थान से हटाया जाए। साथ ही नए पात्र मतदाताओं का नाम जोड़ा जाए तथा मृत एवं स्थायी रूप से स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं के नाम भी निर्धारित प्रक्रिया के तहत विलोपित किए जाएं। बीडीओ ने सभी बीएलओ को घर-घर जाकर सत्यापन करने,निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा करने तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया। मौके पर शिक्षक जय प्रकाश मेहता,अरुण कुमार समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।

### रजौली इंटर विद्यालय में अनुशासन और सुरक्षा पर सख्ती बिना अनुमति बाहरी प्रवेश पर रोक, अभिभावकों से 100% उपस्थिति की अपील

**रजौली।** पठन-पाठन और छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए रजौली इंटर विद्यालय प्रशासन ने परिसर में कड़े नियम लागू किए हैं। प्रधानाचार्य आशुतोष कुमार प्रधान ने कहा कि अब विभागीय अनुमति के बिना किसी भी बाहरी व्यक्ति या आगंतुक को विद्यालय परिसर में प्रवेश नहीं मिलेगा।प्रधानाचार्य ने स्पष्ट किया कि विद्यालय में अनुशासन और शैक्षणिक माहौल बनाए रखने के लिए बिना अनुमति बाहरी लोगों का प्रवेश, मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल और अन्य अनावश्यक उपकरण लाने एवं निर्धारित विद्यालयी पोशाक के बिना आने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि "बाहरी लोगों की अनावश्यक आवाजाही से पढ़ाई प्रभावित होती है और बच्चों का ध्यान भटकता है। शिक्षकों और विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए यह कदम जरूरी था।" विद्यालय प्रशासन ने अभिभावकों से भी अपील की है कि वे अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजें और शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें। प्रधानाचार्य का मानना है कि नियमित उपस्थिति से ही छात्र पूरी एकाग्रता के साथ पढ़ाई कर बेहतर परिणाम दे सकेंगे। शिक्षा विभाग और अभिभावकों ने इस निर्णय की सराहना की है। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि यदि इन नियमों को संवेदनशीलता और उचित व्यवस्था के साथ लागू किया जाए तो इससे विद्यालय की गरिमा और अनुशासन दोनों में वृद्धि होगी। प्रधानाचार्य आशुतोष प्रधान ने भरोसा दिलाया कि सुरक्षा और शिक्षा की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

### रजौली के सपूत डॉ. गणेश शंकर की 45 वर्षों की होम्योपैथिक सेवा का गौरवपूर्ण उत्सव

**हजारीबाग में मनाया गया 45वां स्थापना दिवस, नई पुस्तक का भी हुआ लोकार्पण**



डॉ. गणेश शंकर के 45 वर्षों की चिकित्सा सेवा का सम्मान समारोह

**रजौली।** रजौली प्रखंड की पावन धरती पर जन्मे प्रख्यात होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गणेश शंकर द्वारा हजारीबाग में स्थापित प्रदीप होम्योपैथिक क्लिनिक ने 10 जुलाई 2026 को अपने 45वें स्थापना दिवस का गौरवपूर्ण जश्न मनाया। पिछले 45 वर्षों से डॉ. गणेश शंकर अपने समर्पण, अनुभव और मानवीय सेवा-भाव के साथ हजारों मरीजों का इलाज कर रहे हैं। उनके कुशल मार्गदर्शन में प्रदीप होम्योपैथिक क्लिनिक ने न केवल हजारीबाग बल्कि पूरे झारखंड के साथ-साथ बिहार और पश्चिम बंगाल के रोगियों को वैज्ञानिक, सुरक्षित और रोगी-केंद्रित होम्योपैथिक चिकित्सा उपलब्ध कराई है। आधुनिक कम्प्यूटरीकृत केस-रिकॉर्ड प्रणाली , हर मरीज का विस्तृत व्यक्तिगत परामर्श और रोग के मूल कारण पर आधारित उपचार पद्धति के कारण यह क्लिनिक आज विश्वास, गुणवत्ता और सेवा का पर्याय बन चुका है। इस अवसर पर डॉ. गणेश शंकर द्वारा रचित नवीन पुस्तक "बाल मानसिक लक्षणों की संक्षिप्त होम्योपैथिक रिपर्टरी एवं बाल मन मटेरिया मेडिका सह प्रिस्क्राइबर" का भव्य लोकार्पण किया गया। चिकित्सकों और विशेषज्ञों ने इसे बाल चिकित्सा में मानसिक लक्षणों के आधार पर औषधि चयन को सरल बनाने वाला महत्वपूर्ण संदर्भ ग्रंथ बताया। यह पुस्तक होम्योपैथी के विद्यार्थियों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं के लिए भी मील का पत्थर साबित होगी। समारोह में चिकित्सक, शिक्षाविद, समाजसेवी, साहित्यकार, विद्यार्थी और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने डॉ. गणेश शंकर की 4 दशक से अधिक की निःस्वार्थ सेवा, चिकित्सा शिक्षा में योगदान और समाज के प्रति समर्पण की मुक्तकंठ से सराहना की।रजौली के लिए यह गर्व की बात है कि इस मिट्टी के एक सपूत ने अपने ज्ञान और सेवा से राष्ट्रीय स्तर पर होम्योपैथी को नई पहचान दिलाई है।

# दो पंचायतों की खींचतान में घुट रहा अमावां गंदे नाले के पानी में पढ़ने जा रहे छात्र

## जनप्रतिनिधियों की ईगो से 200 परिवार परेशान, बीडीओ ने सफाई का दिया निर्देश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली प्रखंड के अमावां गांव में पंचायती व्यवस्था और जनप्रतिनिधियों की आपसी खींचतान ने पूरे परिसीमन क्षेत्र के विकास को ठप कर दिया है। अमावां पश्चिमी और पूर्वी पंचायत की सीमा विवाद और नाले की सफाई को लेकर दोनों मुखियाओं की सियासी लड़ाई का खामियाजा यहां के आम ग्रामीण, महिलाएं और स्कूली बच्चे भुगत रहे हैं। अमावां बस स्टैंड से बाजार और पूजा स्थलों तक जाने वाले मुख्य मार्ग पर नाले का बदबूदार पानी सरेआम बह रहा है। महीनों से नाले की सफाई नहीं होने से जलजमाव की स्थिति भयावह हो गई है। लोगों को रोजाना घुटने भर गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है, लेकिन प्रशासनिक अमला मौन है।

**गंदे पानी में भीग रही शिक्षा :-** इस बदहाली का सबसे ज्यादा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ा है। प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राएं कोचिंग और स्कूल इसी रास्ते से जाते हैं। अमावां की छात्रा ब्यूटी कुमारी ने बताया कि नाले के ऊपर बने पतले किनारों पर चढ़कर जाना पड़ता है, हर पल गिरने का डर रहता है। आमहदी गांव की सरिता



सड़क पर नाली का पानी के बगल में चलती छात्राएं

कुमारी ने कहा कि मजबूरी में काले और बदबूदार पानी में पैर रखकर सड़क पार करनी पड़ती है। कुछ दिन पहले उनकी कॉपियां और किताबें पानी में गिरकर पूरी तरह खराब हो गईं।

**'पहले तुम-फिर हम' में फंसा नाला :-** स्थानीय लोगों नवलेश और सतीश कुमार के अनुसार जलजमाव की मुख्य वजह परिसीमन का उलझाव है। यह नाला पश्चिमी पंचायत से शुरू होकर पूर्वी से गुजरते हुए फिर पश्चिमी में गिरता है।

पूर्वी मुखिया पति उमेश चौधरी का कहना है कि मुख्य नाला पश्चिमी का है तो सफाई भी वहीं कराए। वहीं पश्चिमी मुखिया उपेंद्र यादव का तर्क है कि पूर्वी पंचायत सहयोग करे तभी वे सफाई कराएंगे। इसी ईगो फाइट के कारण नाला गाद और कचरे से पट गया है।

**धार्मिक आस्था भी हुई प्रभावित :-** इस रास्ते से जुड़े 150-200 घरों के लोग प्रभावित हैं। शिवाला मंदिर और संगत जाने वाली महिलाओं को पवित्रता ताक पर रखकर गंदे पानी में से होकर गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बीडीओ को लिखित शिकायत भी दी थी।

**बीडीओ ने दिए समन्वय के निर्देश :-** बीडीओ संजीव झा ने बताया कि दोनों पंचायतों के मुखिया और सचिव को आपसी समन्वय बनाकर नाले की उड़ाही जल्द कराने का निर्देश दिया गया है। ग्रामीणों ने चेताया है कि समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।।

## छात्रों पर कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर गुरुवार को नवादा जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला अध्यक्ष प्रभाकर झा के नेतृत्व में छात्रों पर कथित पुलिस कार्रवाई और विपक्षी नेताओं के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार के विरोध में जन आक्रोश प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की।कांग्रेस कार्यालय से निकला विरोध मार्च धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग संबंधी नारे लगाते हुए भगत सिंह चौक पहुंचा और प्रजातंत्र चौक स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद समाप्त हुआ। इसके उपरांत आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रभाकर झा ने आरोप लगाया कि नई दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज और कांग्रेस सांसदों के साथ कथित दुर्व्यवहार लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार विपक्ष और आम जनता की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष उपेंद्र सिंह ने भी सरकार पर संविधान की भावना की अनदेखी करने तथा छात्रों की आवाज दबाने का आरोप लगाया।

सभा के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने जिला पदाधिकारी को तीन सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के तत्काल इस्तीफे, परीक्षा संबंधी अनियमितताओं एवं व्यवस्थागत विफलताओं पर संसद में चर्चा कराने तथा नई दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान छात्रों एवं अन्य प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध दर्ज सभी प्राथमिकी और आपराधिक मामलों को वापस लेने की मांग की गई।

## स्वतंत्रता दिवस 2026 समारोह की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने की संयुक्त समीक्षा बैठक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** जिलाधिकारी, रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में 15 अगस्त 2026 को स्वतंत्रता दिवस समारोह को गरिमामय, भव्य एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में आयोजित करने के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में समारोह की समुचित तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रभातफेरी तथा अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि प्रभातफेरी में भाग लेने वाले विद्यालयों एवं विद्यार्थियों का चयन शीघ्र कर निर्धारित समय पर प्रभातफेरी का आयोजन सुनिश्चित कराया जाए। प्रभातफेरी में शामिल होने वाले बच्चों के लिए पेयजल, ओआरएस घोल सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा शिक्षकों की अनिवार्य सहभागिता सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने-अपने कार्यालयों की व्यापक साफ-सफाई एवं आकर्षक प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही नगर एवं जिले में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश प्रभारी जिला सामान्य शाखा एवं कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद को दिया गया।

मुख्य समारोह स्थल हरिश्चन्द्र स्टेडियम, नवादा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद को स्टेडियम परिसर तथा पहुंच पथों की साफ-सफाई, नालियों की सफाई एवं चूना छिड़काव कराने का निर्देश दिया। कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग को स्टेडियम में आवश्यक बैरिकेडिंग कराने तथा झंडोत्तोलन मंच की साफ-सफाई, ध्वजदंड की मरम्मत एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मौसम की संभावित परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए हरिश्चन्द्र स्टेडियम में वॉटरप्रूफ पंडाल का निर्माण कराने, आम नागरिकों एवं अतिथियों के लिए पर्याप्त संख्या में कुर्सियों की व्यवस्था करने तथा समारोह के दौरान बैंड की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया।

राष्ट्रीय गान के गरिमापूर्ण आयोजन हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि विद्यार्थियों द्वारा लय, सुर एवं ताल के साथ राष्ट्रगान का अभ्यास कराया जाए। स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मानित जनप्रतिनिधियों, स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों, विशिष्ट नागरिकों एवं अन्य आमंत्रित अतिथियों को समय पर आमंत्रण पत्र उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि मुख्य समारोह का लाइव प्रसारण सोशल मीडिया, फेसबुक लाइव एवं केबल टीवी के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए प्रभारी जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी एवं जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी को आपसी समन्वय स्थापित कर सफल प्रसारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। समारोह स्थल पर पेयजल, चिकित्सा सुविधा, प्राथमिक उपचार एवं अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में महादलित टोलों में भी ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया जाए।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रशासन एवं आमजन के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच (Friendly Cricket Match) का आयोजन हरिश्चन्द्र स्टेडियम, नवादा में किया जाएगा। वहीं संध्या के समय नगर भवन, नवादा में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं देशभक्ति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है।

बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रभारी गोपनीय शाखा, प्रभारी स्थापना शाखा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नवोदय विद्यालय के शिक्षकों ने चलाया नामांकन जागरूकता अभियान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** जवाहर नवोदय विद्यालय रेवार, नवादा में कक्षा-6 में सत्र 2027-28 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही शिक्षकों ने जागरूकता अभियान शुरू कर दिया है।

नरहट बीआरसी मो ताबिश एजाज एवं अलका कुमारी के मार्गदर्शन में नवोदय विद्यालय के मानव यादव एवं मो फिरोज अहमद शिक्षकों की टीम ने नरहट प्रखंड के सभी प्राथमिक विद्यालयों एवं मध्य विद्यालयों का दौरा किया। इस दौरान शिक्षकों ने कक्षा-5 में पढ़ रहे बच्चों और उनके अभिभावकों को जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा JNVST-2027 के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

**क्या है महत्वपूर्ण जानकारीः** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय रेवार, जिला- नवादा के लिए JNVST-2027 के तहत ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं।

आवेदन की अंतिम तिथि 31.07.2026

परीक्षा की तिथि 28.11.2026

आवेदन प्रक्रिया केवल ऑनलाइन https://navodaya.gov.in पर

हेल्पलाइन नंबर 7906468279

**योग्यता क्या है**

अभ्यर्थी नवादा जिले का मूल निवासी हो और सत्र 2026-27 में कक्षा-5 में पढ़ रहा हो

अभ्यर्थी ने कक्षा 3 और 4 किसी सरकारी/मान्यता प्राप्त स्कूल से पास की हो

जन्म तिथिः 01-05-2015 से 31-07-2017 के बीच होनी चाहिए

**दूसरी बार आवेदन मान्य नहीं होगाः** अभियान के दौरान शिक्षकों ने बच्चों को बताया कि नवोदय विद्यालय में मुफ्त शिक्षा, आवास, भोजन और अच्छी पढ़ाई की सुविधा मिलती है। ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए यह एक सुनहरा मौका है।

विद्यालय प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि से पहले अपने बच्चों का ऑनलाइन आवेदन जरूर कराएं। मौके पर बीआरसी के संजय कुमार, रामानंद कुमार, राजेश कुमार, सुरेंद्र पासवान, राकेश कुमार मौजूद थे

## 'सखी वार्ता' कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को सुरक्षा

**आत्मरक्षा एवं कानूनी अधिकारों की दी गई जानकारी**



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** महिला एवं बाल विकास निगम, समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार के अंतर्गत मिशन शक्ति के तत्वावधान में उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, मोरमा, प्रखंड-रोह, जिला-नवादा में छात्राओं के साथ "सखी वार्ता" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को उनके अधिकारों, सुरक्षा, आत्मविश्वास, लैंगिक समानता एवं कानूनी संरक्षण के प्रति जागरूक करना है।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को POCSO (Protection of Children from Sexual Offences) अधिनियम की जानकारी देते हुए बताया गया कि बच्चों के विरुद्ध किसी भी प्रकार का यौन उत्पीड़न, अनुचित स्पर्श, छेड़छाड़, ऑनलाइन शोषण अथवा दुर्व्यवहार कानूनन अपराध है। ऐसी किसी भी घटना की जानकारी बिना किसी भय के अपने अभिभावकों, शिक्षकों अथवा संबंधित अधिकारियों को तुरंत देने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर-1098 की उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी गई। छात्राओं को बताया गया कि यदि कोई बच्चा किसी भी प्रकार की हिंसा, शोषण, उपेक्षा या संकट की स्थिति में हो, तो 1098 पर निःशुल्क सहायता प्राप्त की जा सकती है।

इसके साथ ही जेंडर आधारित हिंसा (Gender-Based Violence) के विभिन्न स्वरूपों, जैसे लैंगिक भेदभाव, बाल विवाह, घरेलू हिंसा, साइबर बुलिंग, मानसिक एवं शारीरिक उत्पीड़न आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। छात्राओं को आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने, अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहने तथा किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा प्रश्नोत्तर सत्र में अपनी जिज्ञासाएँ साझा कीं। विशेषज्ञों ने छात्राओं को सुरक्षित व्यवहार, डिजिटल सुरक्षा, आत्मरक्षा, कानूनी अधिकारों तथा समय पर शिकायत दर्ज कराने के महत्व की जानकारी दी।

कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने सुरक्षित, सम्मानजनक एवं हिंसा-मुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

उपस्थित छात्राओं ने मिशन शक्ति द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन समय-समय पर किया जाना आवश्यक है। इस कार्यक्रम में जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन, नवादा से लैंगिक विशेषज्ञ श्री मयंक प्रियदर्शी, वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ श्री पंकज कुमार, श्री अमन कुमार, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक, शिक्षिकाएँ, छात्राएँ एवं छात्र उपस्थित थे।

## मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में वाद-विवाद प्रतियोगिता का सफल आयोजन

# आनुवंशिकी के जनक ग्रेगर जॉन मेंडल की जयंती सप्ताह पर विद्यार्थियों ने दिखाई तार्किक क्षमता

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** आधुनिक आनुवंशिकी (Genetics) के जनक महान वैज्ञानिक ग्रेगर जॉन मेंडल की जयंती सप्ताह के अवसर पर मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, कुंती नगर, नवादा में विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भव्य वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, प्रभावशाली अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास तथा समसामयिक विषयों के प्रति जागरूकता विकसित करना था। प्रतियोगिता में कक्षा छठी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और विभिन्न समसामयिक विषयों पर पक्ष एवं विपक्ष में अपने विचार तथ्यपूर्ण एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए।

कक्षा छठी के लिए विषय था— "क्या जलवायु परिवर्तन विश्व के सामने सबसे गंभीर और तात्कालिक वैश्विक खतरा है?" इसमें सेजल, काव्या एवं आदर्श के समूह को विजेता तथा प्रणय, गार्गी एवं आराध्या के समूह को उपविजेता घोषित किया गया।

> ♦ **प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आलोचनात्मक सोच एवं प्रभावी संचार कौशल का करती हैं विकास — डॉ. अनुज**




कक्षा सातवीं एवं आठवीं के लिए विषय था— "क्या डिजिटल शिक्षा ने पारंपरिक शिक्षा का सफलतापूर्वक स्थान ले लिया है?" इस प्रतियोगिता में अदिति, दक्ष, आनंद एवं आण्वी अमृत के समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अभिषेक, मानसी एवं आराध्या का समूह उपविजेता रहा। कक्षा नवमीं एवं दसवीं के लिए विषय था— "क्या सोशल नेटवर्किंग युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभ से अधिक हानिकारक है?" इसमें मोनाली, नमन, साहिल एवं यति सिन्हा का समूह विजेता तथा अंकुश, आरुषि, शौर्य एवं परिधि का समूह उपविजेता घोषित किया गया।

कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के लिए विषय था— "क्या कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence) मानव बुद्धिमत्ता का स्थान ले लेगी?" इस वर्ग में न्यासा एवं अनन्या के समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि स्वास्तिक, ऋषभ एवं नभ का समूह उपविजेता रहा।

प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने तथ्यों, उदाहरणों और सशक्त तर्कों के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत कर निर्णायकों एवं उपस्थित श्रोताओं को प्रभावित किया। निर्णायक मंडल में वरिष्ठ विज्ञान शिक्षक मणिकांत मिश्रा, अखिलेश्वर सिंह एवं सत्या पांडेय शामिल रहे। उन्होंने प्रतिभागियों का मूल्यांकन विषय-वस्तु, भाषा-शैली, प्रस्तुति कौशल, आत्मविश्वास तथा तार्किक क्षमता के आधार पर किया।

विद्यालय के निदेशक डॉ. अनुज सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि वाद-विवाद प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आलोचनात्मक सोच, प्रभावी संचार कौशल तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उत्साह एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के समापन पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी गई। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सफल पहल बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी विज्ञान शिक्षकों की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

## संक्षिप्त समाचार

### गयाजी के मानपुर में सेंट्रल नारकोटिक्स की रेड, संदिग्ध दवाओं का जखीरा बरामद, कमरा सील



**गयाजी।** गयाजी के मानपुर बुनियादगंज इलाके में बुधवार देर रात सेंट्रल नारकोटिक्स विभाग की टीम ने एक घर में छापेमारी की। यह कार्रवाई खंजाहापुर मोहल्ले के वार्ड संख्या 47 में की गई। नारकोटिक्स की टीम अत्याधुनिक असलहे के साथ रेड करने पहुंची थी। खास बात यह कि शुरुआत में बुनियादगंज थाने को भी भनक नहीं लगी थी। टीम सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स की नीमच (मध्य प्रदेश) शाखा की थी। उसी ने गोपनीय कार्रवाई की। छापेमारी बुद्ध प्रतिमा के पास स्थित मुखलाल यादव के मकान में हुई। मौके से एक युवक को हिरासत में लिया गया है। हालांकि न तो हिरासत में लिए गए युवक की पहचान सार्वजनिक की गई है और न ही बरामद सामग्री को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी किया गया है। जानकारी के मुताबिक, छापेमारी करने आई टीम अपने साथ एक व्यक्ति को भी साथ लेकर आई थी। जिसकी निशानदेही पर मकान के अंदर रखी गई संदिग्ध दवाओं की पहचान की गई। इसके बाद अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए वहां मौजूद सभी दवाओं को अपने कब्जे में ले लिया और विधिवत रूप से किराए वाले कमरे को सील कर दिया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस किराए के मकान से बहुत बड़ी मात्रा में संदिग्ध और कथित नकली दवाएं बरामद हुई है। हालांकि सेंट्रल नारकोटिक्स या किसी अन्य आधिकारिक एजेंसी की तरफ से देर रात तक इस बारे में आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई थी। अधिकारियों ने फिलहाल चुप्पी साध रखी है। जांच एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुट गई है कि इन दवाओं का भंडारण किस नीयत से किया गया था। क्या इसके पीछे कोई बड़ा सिंडिकेट काम कर रहा है। कौन-कौन इसमें शामिल है। यह नेटवर्क कहां-कहां तक फैला है, इसकी भी थाह ली जा रही है। सूत्रों का कहना है कि इस मामले में कुछ लोगों से पूछताछ भी जारी है और जरूरी दस्तावेजों की पड़ताल की जा रही है। जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद ही यह पूरी तरह साफ हो पाएगा कि दवाएं वाकई नकली या प्रतिबंधित हैं और इस खेल में कौन-कौन लोग शामिल हैं।

### बाल विवाह निषेध एवं ड्रग फ्री इंडिया के विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**कटिहार।** +2 उच्च विद्यालय बी.एम. पी-7 मिरचाईबाड़ी, कटिहार में बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार कटिहार के तत्वाधान में बाल विवाह निषेध एवं ड्रग फ्री इंडिया के विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके सफल संचालन में सिविल जज- सह-सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार कमलेश सिंह देऊ,मुख्य न्याय रक्षक विजय कुमार श्रीवास्तव,महिला हेल्प लाइन से प्रभा पांडे,विद्यालय के प्राचार्य पंकज कुमार कर्ण,तटवासी समाज न्यास के प्रतिनिधि श्री रौशन कुमार, प्रवीण कुमार ठाकुर और जिला विधिक सेवा प्राधिकार कटिहार के कार्यालय लिपिक आशीष कुमार झा,सिन्टू कुमार,शहनवाज आलम एवं शिक्षकगण श्रीमति अनिता कुमारी, फरहत परवीन,रश्मि,बिंदु कुमारी,सजल कुमार झा,आशीष कुमार अव्वोशु,मनोज कुमार,सईदुर रहमान,नेहा कुमारी,रुचि कुमारी,अर्चना कुमारी,नाहेला प्रवीण,निगार सुल्ताना,विद्यालय कर्मी अमन कुमार,गायत्री देवी सहित छात्र छात्राओं की सहभागिता रही ।

### कटिहार में छात्रों का उग्र प्रदर्शन, पुलिस पर पथराव के बाद लाठीचार्ज आधे दर्जन से अधिक छात्र गिरफ्तार

**कटिहार।** जिला मुख्यालय में आज उस वक्त तनावपूर्ण हो गई जब केंद्र सरकार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प हो गई। बिना प्रशासनिक अनुमति के निकाले गये इस जुलूस के दौरान प्रदर्शनकारियों ने समाहरणालय का मुख्य द्वार तोड़ने का प्रयास किया और पुलिस पर जमकर पथराव किया। जिसके जवाब में पुलिस को हल्का बल (लाठीचार्ज) प्रयोग करना पड़ा। आज सुबह करीब 10:45 बजे कटिहार जिला के नगर थाना अंतर्गत टाउन हॉल में मनीष कुमार के नेतृत्व में 100 से 150 छात्र एकत्र हुए थे। बिना किसी लाइसेंस या अनुमति के इन छात्रों ने जुलूस निकाला।जो शहीद चौक,जीआरपी चौक, मिर्चाई बाड़ी चौक और अंबेडकर चौक से गुजरते हुए कटिहार समाहरणालय गेट के पास पहुंचा। इस दौरान प्रदर्शनकारी केंद्र सरकार के विरुद्ध नारेबाजी कर रहे थे और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। इस दौरान भीड़ में मौजूद कुछ लोगों द्वारा कवरेज कर रहे मीडिया कर्मियों के खिलाफ भी आपत्तिजनक नारे लगाया गया। प्रदर्शन के दौरान जब भीड़ ने समाहरणालय के मुख्य द्वार को तोड़ने की कोशिश की, तो ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उन्हें पीछे धकेलने का प्रयास किया। इससे छात्र और अधिक उग्र हो गए। उग्र भीड़ ने पानी की बोतलों और सड़क किनारे पड़े पत्थरों से पुलिस बल पर पथराव शुरू कर दिया, जो लगभग 15 से 20 मिनट तक जारी रहा। प्रदर्शन की शुरुआत में पुलिस बल की संख्या कम थी और उनके पास पर्याप्त सुरक्षा उपकरण (बॉडी प्रोटेक्टर या हेलमेट) नहीं थे। इस भीड़ को कुछ लोग लगातार उग्र छात्रों को पानी की बोतल की पेटियां लाकर दे रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही भारी संख्या में अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा, जिसके बाद दोपहर करीब 1:00 बजे स्थिति पर पूरी तरह नियंत्रण पाया गया। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल से 7 से 8 छात्रों को गिरफ्तार कर लिया है। वर्तमान में जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक सहित तमाम वरीय अधिकारी मौके पर कैंप कर रहे हैं और समाहरणालय के सामने भारी पुलिस बल तैनात कर चप्पे-चप्पे पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इस पूरे घटनाक्रम पर कटिहार के डीएम आशुतोष द्विवेदी ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि "यदि कोई असंतुष्ट है, तो वे संवैधानिक और कानूनी माध्यमों से अपने विचार रख सकते हैं। यदि कोई सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाता है या बिना अनुमति के गैरकानूनी तरीके से विरोध प्रदर्शन करता है,तो निश्चित रूप से कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पंचायती राज विभाग ने देहरादून में आयोजित विशेष प्रशिक्षण में बलिया बेलौन के मुखिया मेराज आलम ने लिया भाग

**कटिहार।** पंचायती राज विभाग द्वारा उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में कदवा प्रखंड के मुखिया संघ अध्यक्ष सह बलिया बेलौन पंचायत के युवा तुर्क मुखिया मेराज आलम ने भाग लिया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 25 जुलाई 2026 तक चलेगा। मुखिया मेराज आलम ने बताया कि विभिन्न जिलों से चयनित मुखिया को इस विशेष प्रशिक्षण में शामिल होने का अवसर मिला है। मुखिया मेराज आलम ने कहा कि पंचायतों को आधुनिक,पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में राज्य सरकार का यह एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रशिक्षण के दौरान पंचायतों के विकास एवं आधुनिकीकरण, डिजिटल पंचायत व्यवस्था, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, जल संरक्षण, जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण, डिजिटल पंचायत सेवाओं, महिला सशक्तिकरण, आदर्श पंचायत निर्माण तथा पंचायती राज की नई योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी जा रही है। मुखिया मेराज आलम ने कहा कि इस प्रशिक्षण से पंचायत प्रतिनिधियों की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी और योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता आएगी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकेगा, जिससे आम ग्रामीणों को योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा। मुखिया मेराज आलम ने विश्वास जताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम पंचायतों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ सुशासन और बेहतर जनसेवा की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# पुलिस रेडियो वायरलेस एग्जाम में नकल की डील की कोशिश, हाई स्कूल का टीचर निकला मास्टरमाइंड

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

## ठिकाने से सर्टिफिकेट और ब्लैंक चेक बरामद



**गयाजी।** देशभर में NEET पेपर लीक के खिलाफ आंदोलन चल रहा है। इस बीच गयाजी में बिहार पुलिस रेडियो वायरलेस एग्जाम के दौरान नकल की डील का मामला सामने आया है। बुधवार को गयाजी के 14 एग्जाम सेंटर पर करीब 8 हजार कैंडिडेट्स एग्जाम दे रहे थे। इसी दौरान एक एग्जाम सेंटर से नकल की डील की सूचना पुलिस को मिली। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि मास्टरमाइंड समेत एक अन्य की तलाश की जा रही है। नकल की सूचना मिलने के बाद गयाजी SSP सुशील कुमार के निर्देश पर रामपुर, सिविल लाइन थाने की पुलिस, एसटीएफ और जिला सूचना इकाई की टीम हाई स्कूल के बाहर पहुंची। पुलिस ने एक संदिग्ध ब्रेजा कार देखी। पुलिस को देखते ही कार सवार भागने लगे। फिर पुलिस ने कार का पीछा किया और 8 किलोमीटर दूर गांगो बिगहा गांव के पास कार को जब्त किया। पुलिस के मुताबिक, आसपास के लोगों से पूछताछ की गई तो पता चला कि इस कार को शिवम सिंघानिया यूज कर रहा था।

**अब सिलसिलेवार तरीके से जानिए पूरा मामलाः** दरअसल, बुधवार को गयाजी में बिहार पुलिस रेडियो वायरलेस परीक्षा चल रही थी। लगभग 8 हजार से अधिक अभ्यर्थी 14 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा दे रहे थे। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि कासमी हाई स्कूल का बायोलॉजी टीचर दिलशाद अपने साथियों के साथ मिलकर नकल के लिए सौदा कर रहा है। मुखबिर ने पुलिस को बताया कि अभ्यर्थियों से पैसों के बदले एग्जाम से पहले दिलशाद क्वेश्चन पेपर देने की डील कर रहा है। जानकारी के मुताबिक, दिलशाद बुधवार को छुट्टी पर था। एग्जाम में उसकी तैनाती नहीं थी, लेकिन दिलशाद के गुर्गे एग्जाम सेंटर के बाहर कार में बैठकर नकल की डील की कोशिश कर रहे थे। पुलिस के सामने मुखबिर ने दिलशाद से मोबाइल पर बात की। इसी दौरान पुलिस मोबाइल के लोकेशन को ट्रैक करते हुए एक मकान में पहुंची, जहां दिलशाद बैठा था। हालांकि, पुलिस को देख दिलशाद वहां से फरार हो गया। पुलिस ने मकान से तीन लोगों को पकड़ा, लेकिन पूछताछ में उनकी संलिप्ता नहीं मिली तो तीनों को छोड़ दिया गया।

**कोई फर्जी अभ्यर्थी तो एग्जाम में नहीं बैठा, पुलिस ने दोबारा कराई बायोमैट्रिक जांचः** एग्जाम में नकल की डील की जानकारी के बाद एसएसपी सुशील कुमार खुद कासमी हाई स्कूल पहुंचे। उन्होंने परीक्षा खत्म होने का एक घंटे तक इंतजार किया। एग्जाम सेंटर में कोई फर्जी अभ्यर्थी तो नहीं बैठा है, इसकी जांच के लिए सेंटर पर पुलिस ने करीब 2 घंटे तक जांच पड़ताल की। एग्जाम खत्म होते ही एसएसपी की मौजूदगी में 267 परीक्षार्थियों की दोबारा बायोमैट्रिक जांच कराई गई। हालांकि, जांच में कोई फर्जी परीक्षार्थी नहीं मिला।

**शिवम सिंघानिया और दिलशाद के ठिकानों से सर्टिफिकेट और मार्कशीट बरामदः** स्कूल में जांच करने के बाद पुलिस की टीम ने रामपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले शिवम सिंघानिया और दिलशाद के ठिकानों पर छापेमारी की। दोनों के ठिकानों पर अलग-अलग अभ्यर्थियों के ओरिजिनल सर्टिफिकेट, मार्कशीट और एडमिट कार्ड बरामद किए गए। इसके अलावा साइन किए हुए ब्लैंक चेक भी मिले। सूत्रों के मुताबिक, जिन युवकों की डिग्रियां बरामद हुई हैं। उनमें कुछ लोग पहले से सरकारी नौकरी में हो सकते हैं। इसलिए जिला पुलिस इन सभी दस्तावेजों की लिस्ट बनाकर संबंधित सेवा आयोग को भेजने जा रही है। इस बात की पुष्टि एसएसपी सुशील कुमार ने दैनिक भास्कर से की है।

**पुलिस का दावा- पेपर लीक नहीं हुआ, सिर्फ कोशिश थीः** एसएसपी सुशील कुमार ने कहा कि पेपर लीक नहीं हुआ है। यह सिर्फ पेपर लीक कराने और नकल कराने की एक नाकाम कोशिश थी। इस मामले में एक आरोपी गिरफ्तार है। शिक्षक दिलशाद व शिवम सिंघानिया की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी चल रही है। शिवम के घर से विभिन्न प्रखंड के बीडीओ, सीओ की मुहर भी मिली है। उधर, कासमी हाई स्कूल के प्रिंसिपल आफताब ने बताया कि दिलशाद पिछले 3-4 सालों से स्कूल में बायोलॉजी का टीचर था। उनके इन हरकतों की कोई जानकारी नहीं थी। अब स्कूल प्रबंधन भी गंभीर है और दिलशाद को नौकरी से निष्कासित करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## नक्सल प्रभावित जंगलों में शिक्षा की नई रोशनी

# प्राथमिक विद्यालय खड़ाऊ में भगत सिंह व बाल गंगाधर तिलक की जयंती पर गूंजे देशभक्ति के स्वर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**इमामगंज।** गया जिले के नक्सल प्रभावित इमामगंज प्रखंड के सुदूरवर्ती जंगलों के बीच अवस्थित प्राथमिक विद्यालय खड़ाऊ एक बार फिर अपनी शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को लेकर चर्चा में है। सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यालय में महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद भगत सिंह एवं लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती पूरे उत्साह, गरिमा और राष्ट्रभक्ति के भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार एवं बच्चों द्वारा पोषक क्षेत्र में आकर्षक झांकी निकाली गई, जिसने ग्रामीणों का मन मोह लिया। बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों के माध्यम से महान विभूतियों के आदर्शों को जीवंत कर दिया।



प्राथमिक विद्यालय खड़ाऊ में भगत सिंह एवं बाल गंगाधर तिलक की जयंती के अवसर पर आकर्षक झांकी प्रस्तुत करते स्कूली बच्चे एवं उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाएं।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। बच्चों ने भगत सिंह और बाल गंगाधर तिलक के जीवन संघर्ष, त्याग, बलिदान एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रदर्शित किया। झांकी के दौरान ग्रामीणों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए विद्यालय परिवार की सराहना की। जंगलों के बीच स्थित यह विद्यालय न केवल बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है, बल्कि उनमें संस्कार, अनुशासन, देशभक्ति एवं सामाजिक चेतना का भी संचार कर रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार ने बताया कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों में नैतिक मूल्यों, राष्ट्रीय चेतना और महान व्यक्तित्वों के आदर्शों को विकसित करना भी हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्र में रहने वाले बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए विद्यालय परिवार निरंतर प्रयासरत है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास का विकास होता है और वे अपने इतिहास एवं संस्कृति से जुड़ाव महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को एक बेहतर और जागरूक नागरिक के रूप में तैयार करना है। ग्रामीणों ने भी विद्यालय के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि प्राथमिक विद्यालय खड़ाऊ शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अनुकरणीय कार्य कर रहा है। नक्सल प्रभावित और दुर्गम क्षेत्र में इस प्रकार के आयोजन यह साबित करते हैं कि यदि शिक्षकों में समर्पण और सकारात्मक सोच हो तो शिक्षा की रोशनी जंगलों की गहराइयों तक भी पहुंचाई जा सकती है।

# बैंक मैनेजर की पत्नी का फंदे से लटका शव मिला

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा।** नालंदा में बुधवार को बैंक मैनेजर की पत्नी की मौत हो गई। घर में फंदे से लटका हुआ शव मिला है। मृतका की पहचान शंभू रजक की पत्नी कविता कुमारी(35) के तौर पर हुई है। पति की पोस्टिंग पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले में हैं। पंजाब नेशनल बैंक में मैनेजर के पद पर हैं। वारदात के समय मृतका घर में अकेली थी, दोनों बच्चे स्कूल गए थे। मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। सुसाइड नोट में लिखा है, अपनी मर्जी से खुदकुशी कर रही हूं, इसमें कोई दोषी नहीं है। बच्चों की परवरिश को लेकर काफी चिंता है।' घटना सोहसराय थाना क्षेत्र के आशानगर मोहल्ले की है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, घटना के वक्त मृतका का 11 साल का बेटा और 6 साल की बेटी स्कूल पढ़ने गए थे। जब तय समय पर बच्चों को स्कूल से लाने के लिए कविता कुमारी नहीं पहुंची, तो पति शंभू कुमार को स्कूल से फोन किया। इसके बाद उन्होंने पड़ोसियों को



फोन कर बच्चों को स्कूल से लाने और घर जाकर देखने का अनुरोध किया। पड़ोसी जब उनके घर पहुंचे, तो देखा कि कविता का शव किचन में फंदे से लटका हुआ है। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही सोहसराय पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए साक्ष्य संकलन के लिए एफएसएल (FSL) की टीम को भी बुलाया गया।

इस संबंध में थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। घटनास्थल से पुलिस ने एक सुसाइड नोट बरामद किया है। जिसमें अपनी मर्जी से खुदकुशी की बात लिखी गई है। परिजनों की ओर से लिखित आवेदन मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# एनओयू में दो दिवसीय सम्मेलन डिजिटल टूल्स के उपयोग पर जोर




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा।** नालंदा ओपन विश्वविद्यालय और सी.आर.सी. पटना के संयुक्त देखरेख में राष्ट्रीय पुनर्वास परिसर के मानकों के तहत आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन का आज सफलतापूर्वक समापन हो गया। वर्चुअल और डिजिटल युग की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इस सम्मेलन का मुख्य फोकस दिव्यांगजन सशक्तिकरण, समावेशी शिक्षा और आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग पर रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर रवींद्र कुमार ने की, जबकि कुलसचिव प्रोफेसर अभय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सभी प्रशासनिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। यह आयोजन राष्ट्रीय गतिशील दिव्यांगजन संस्थान के निदेशक डॉ. ललित नारायण और सी.आर. सी. पटना के प्रभारी निदेशक डॉ. अनिल कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसका कुशल संचालन विकासात्मक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. कुमार भारत भूषण ने किया। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. संगीता कुमारी ने अपनी कर्मठता और दृढ़ संकल्प से इसे सफलतापूर्वक संपन्न कराया। समापन के इस अंतिम दिन डिजिटल और आधुनिक तकनीकों के साथ-साथ सरकारी योजनाओं पर विशेष चर्चा की गई। सी.आर.सी. पटना के व्याख्याता और शैक्षणिक प्रभारी डॉ. विद्या भूषण ने भारत सरकार की डिजिटल पहलों और योजनाओं—जैसे ए.डी.आई.पी. योजना, छात्रवृत्ति योजनाओं, डिजिटल यू.डी.आई.डी. कार्ड और निरामया स्वास्थ्य बीमा—के बारे में विस्तार से बताया। तकनीकी सत्र में डॉ. अमित कुमार ने एन.ई.पी. 2020 के प्रावधानों और कक्षा प्रबंधन पर प्रकाश डाला, वहीं डॉ. कुमार सुरेंद्र प्रताप ने राष्ट्र निर्माण में शिक्षा की भूमिका को रेखांकित किया।

डिजिटल एरा में शिक्षा की पहुंच को सुगम बनाने के लिए नालंदा ओपन विश्वविद्यालय के आईटी कोऑर्डिनेटर डॉ. अमरनाथ पांडे ने एसिस्टिव टूल्स और डिजिटल गैजेट्स के उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकों की मदद से विशेष आवश्यकता वाले बच्चे भी सामान्य छात्रों की तरह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर शिक्षा हासिल करने में पूरी तरह सक्षम हो सकते हैं। इसके अलावा, विश्वविद्यालय के सहायक लाइब्रेरियन आफ़ताब अहमद ने डिजिटल लाइब्रेरी और ब्रेल बुक्स, ऑडियो बुक्स, स्पीक-टू-टेक्स्ट व टेक्स्ट-टू-स्पीक जैसी सुविधाओं की जानकारी दी।

डॉ. पल्लवी ने समावेशी शिक्षा के लिए समाज और विद्यालयों में ट्रेंड शिक्षकों की अनिवार्यता पर बात की, जबकि मोनिका सिंह ने भारतीय सांकेतिक भाषा की डिजिटल और व्यावहारिक व्याख्या प्रस्तुत की। यह दो दिवसीय सम्मेलन डिजिटल समावेशिता और दिव्यांगजन शिक्षा के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित हुआ है।


# गयाजी कोर्ट कैंपस के पास से बाइक चोर अरेस्ट, गिरोह के 3 अन्य सदस्य भी गिरफ्तार

## मोटरसाइकिल का लॉक तोड़ते वक्त पुलिसकर्मी ने दबोचा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में पुलिस ने बाइक चोरी के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि कोर्ट कैंपस और पास के अंबेडकर मार्केट में कई दिनों से बाइक चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही थी। पुलिस का कहना है कि पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि हाल के दिनों में कोर्ट परिसर, रजिस्ट्री ऑफिस और अंबेडकर मार्केट के आसपास लगातार बाइक चोरी हो रही थीं। लगातार हो रही इन घटनाओं से इलाके के लोगों में डर का माहौल था। बीते दिन भी अंबेडकर मार्केट से बाइक चोरी होने का मामला सामने आया था। इससे स्थानीय दुकानदारों और वाहन चालकों में पुलिस के प्रति नाराजगी बढ़ रही थी।

**बाइक का लॉक तोड़ते वक्त एक आरोपी को पुलिसकर्मी ने दबोचाः** चोरी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए सिविल लाइन थाने की पुलिस काफी सतर्क थी। पुलिस टीम सादी



वर्दी में अंबेडकर मार्केट और कोर्ट परिसर के आसपास लगातार निगरानी रख रही थी। गुरुवार दोपहर पुलिस टीम को एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। सादे कपड़ों में मौजूद पुलिसकर्मियों ने उस पर नजर रखनी शुरू कर दी। इसी दौरान वह युवक एक खड़ी बाइक का लॉक तोड़ने की कोशिश करने लगा। जैसे ही उसने लॉक तोड़ने का प्रयास किया, पुलिस ने उसे तुरंत रंगे हाथ धर दबोचा। पुलिस टीम आरोपी को फौरन थाने ले आई।

**आरोपी की निशानदेही पर पकड़े गए 3 अन्यः** थाने में जब पुलिस ने पकड़े गए आरोपी से कड़ी पूछताछ की, तो उसने गिरोह का पर्दाफाश कर दिया। उसने अपने तीन अन्य साथियों के नामों का खुलासा किया। उसने बताया कि उसके तीनों साथी भी शहर के अलग-अलग इलाकों में बाइक चोरी करने की फिराक में हैं। इस जानकारी के मिलते ही पुलिस तुरंत हरकत में आई। पुलिस ने पकड़े गए युवक की निशानदेही पर अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की। पुलिस ने एक-एक करके उसके तीनों साथियों को भी दबोच लिया।

फिलहाल पुलिस चारों आरोपियों को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। पुलिस उनसे चोरी की गई पुरानी बाइकों और गिरोह के अन्य नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रही है। पुलिस को उम्मीद है कि इस गिरोह से चोरी के कई अन्य मामलों का खुलासा हो सकता है। वहीं सिविल लाइंस थाना इंस्पेक्टर शमीम अहमद ने बताया कि सभी पकड़े गए लड़के फिलहाल संदिग्ध है। पूछताछ की जा रही है। उनके बारे में पता किया जा रहा है।

# गयाजी के मिर्जापुर में एक ट्रक में मिले 55 मवेशी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी के मानपुर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में गुरुवार को एक ट्रक से करीब 55 मवेशियों का रेस्क्यू किया गया है। घटना तड़के करीब 4 बजे की है। मिर्जापुर गांव के पास एक ट्रक आकर रुका। ट्रक का चालक शौच करने के लिए गाड़ी से नीचे उतरा। इसी दौरान वहां से गुजर रहे कुछ ग्रामीणों की नजर उस संदिग्ध ट्रक पर पड़ी। ग्रामीणों ने जब ट्रक के अंदर झांककर देखा, तो उनके होश उड़ गए। ग्रामीणों का दावा है कि ट्रक के अंदर बहुत सारे मवेशी बहुत ही बेदर्दी से बांधकर रखे गए थे।

**मौके पर पहुंचे बजरंग दल कार्यकर्ता और पुलिसः** ट्रक में मवेशियों को देखकर ग्रामीणों ने



तुरंत इसकी सूचना बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को दी। खबर मिलते ही बजरंग दल की टीम मिर्जापुर गांव पहुंची। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने तुरंत स्थानीय मुफस्सिल थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने स्थिति को संभाला और माहौल को बिगड़ने से बचाया।

**गोरक्षणी भेजे गए सभी मवेशीः** पुलिस की देखरेख में मवेशियों से भरे ट्रक को मिर्जापुर से मानपुर स्थित गोरक्षणी लाया गया। गोरक्षणी में सभी मवेशियों को सुरक्षित रखवाया गया है। वहां मवेशियों के खाने व पानी का इंतजाम किया जा रहा है।

फिलहाल मानपुर थाना पुलिस पूरे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है। अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि मवेशियों को कहां ले जाया जा रहा था। पुलिस यह जांच कर रही है कि क्या मवेशियों को वैध दस्तावेजों के साथ ले जाया जा रहा था या यह तस्करी का मामला है। इस मामले में अभी तक ट्रक मालिक या चालक का कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। मुफस्सिल इंपेक्टर देवराज इंद्र का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि 55 मवेशी बरामद किए गए हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### पाइपलाइन निर्माण कार्य को लेकर 24 जुलाई को सुबह 5 बजे से 7 बजे तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**सासाराम/ रोहतास**। सिंचाई प्रमंडल, डिहरी द्वारा जल जीवन हरियाली अभियान के तहत सोन नदी के सतही जल से डिहरी, औरंगाबाद एवं सासाराम शहर में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए एमएस 1000 मिमी पाइपलाइन बिछाने का कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्य सासाराम शहर के पुरानी जीटी रोड स्थित फल मंडी एवं रूंगटा ब्रदर्स के समीप विद्युत लाइन के नीचे किया जाना है। कार्य के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचाव के लिए सिंचाई प्रमंडल, डिहरी द्वारा विद्युत प्रमंडल, सासाराम से अस्थायी विद्युत शटडाउन का अनुरोध किया गया है। इसके आलोक में 24 जुलाई (शुक्रवार) को प्रातः 05:00 बजे से 07:00 बजे तक संबंधित क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी, ताकि पाइपलाइन निर्माण कार्य सुरक्षित एवं निर्बाध रूप से पूरा कराया जा सके। सहायक विद्युत अभियंता सासाराम (शहरी) रंजन कुमार ने उपभोक्ताओं से इस अस्थायी असुविधा के लिए सहयोग एवं समझदारी बरतने की अपील की है। कार्य पूर्ण होते ही विद्युत आपूर्ति यथाशीघ्र सामान्य कर दी जाएगी।

### रोहतास एसपी ने लिया त्वरित संज्ञान, वायरल वीडियो मामले में पांच पुलिसकर्मी निलंबित

**सासाराम (रोहतास)**। सोशल मीडिया पर सुबह वायरल हुए एक वीडियो पर रोहतास पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने तत्काल संज्ञान लेते हुए बड़ी कार्रवाई की है। प्रारंभिक जांच के आधार पर पांच पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। एसपी की इस त्वरित कार्रवाई को पुलिस विभाग में जवाबदेही और अनुशासन बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। मामले की विस्तृत जांच जारी है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। रोहतास पुलिस ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### रोहतास सासाराम नए राशन कार्ड बनाने और नाम जोड़ने/हटाने की प्रक्रिया हुई आसान

**सासाराम** /सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) को अधिक पारदर्शी और कुशल बनाने के लिए राशन कार्ड से जुड़ी सेवाओं को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को तुरंत राशन कार्ड की सुविधा देना और अयोग्य या फर्जी नामों को सूची से हटाना है। नए राशन कार्ड आवेदन जो पात्र परिवार अब तक राशन योजना से वंचित थे, उनके लिए आवेदन प्रक्रिया को सरल और त्वरित बनाया गया है। नई राशन बनवाने के लिए ऑफलाइन के माध्यम से ब्लॉक अस्तर या अनुमंडल कार्यालय परिसर में नाम जोड़ना परिवार में नए जन्मे बच्चों, नवविवाहित वधुओं या छूटे हुए सदस्यों के नाम आसानी से जोड़े जा सकेंगे। नाम हटाना मृत व्यक्तियों, अन्य जगह स्थानांतरित हो चुके लोगों या अपात्र धारकों के नाम सूची से छांटकर हटाए जा रहे हैं, ताकि सही जरूरतमंदों को अनाज मिल सके।

### महानंदा नदी के उफान पर होने से कटिहार,पूर्णिया और किशनगंज में बाढ़ और कटाव का गंभीर संकट मंडरा रहा



**कटिहार**। महानंदा नदी के उफान पर होने और लगातार जलस्तर बढ़ने के कारण बिहार के सीमांचल खासकर कटिहार,पूर्णिया और किशनगंज में बाढ़ और कटाव का गंभीर संकट मंडरा रहा है।कई गांवों में नदी का कटाव इतना तेज है कि दर्जनों परिवार बेघर हो चुके हैं और सैकड़ों एकड़ जमीन कट चुकी है।कटिहार, पूर्णिया और किशनगंज की स्थिति धीरे धीरे भयावह रूप बनता जा रहा है। कटिहार जिले के कदवा,आजमनगर प्रखंड में महानंदा और अन्य नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है।आजमनगर और कदवा प्रखंडों के कई गांवों में नदी का पानी फैलने लगा है।जिससे निचले इलाकों में रहने वाले हजारों लोगों की चिंता बढ़ गई है।बेलगाछी और आसपास के इलाकों में मिट्टी कटाव बहुत तेजी से हो रहा है।पूर्णिया जिले के अमौर, बायसी मल्हना गांव के पास महानंदा ने रौद्र रूप धारण कर लिया है, जहां कई घर नदी में विलीन हो गए हैं। लोग विस्थापित होकर सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने को मजबूर हैं।किशनगंजः लगातार भारी बारिश और नदी के उफान के कारण तैयबपुर के पास निर्माणाधीन पुल को भी नुकसान पहुंचा है। हालांकि पानी घटने के बाद कटाव की समस्या जस की तस बनी हुई है।नदी के बढ़ते जलस्तर और कटाव को लेकर प्रशासन द्वारा तटवर्ती इलाकों के निवासियों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

**कटाव और फसलों के नुकसान से किसान परेशानः** बारिश के कारण नदी में जलस्तर काफी बढ़ गया है, जबकि महानंदा नदी भी उफान पर है।अब पानी घटने के साथ खेतों से जलभराव कम होने लगा है, लेकिन नदी किनारे कई स्थानों पर कटाव की समस्या सामने आई है।ग्रामीणों का कहना है कि कटाव की वजह से उनकी उपजाऊ कृषि भूमि नदी में समा गई है।साथ ही धान और अन्य फसलों को भी नुकसान पहुंचा है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। भारी बारिश के दौरान कुछ ग्रामीण मार्गों पर आवागमन प्रभावित हो गया था।अब जलस्तर कम होने के साथ अधिकांश रास्तों पर आवाजाही फिर से सामान्य होने लगी है।इसके बावजूद प्रशासन ने नदी किनारे रहने वाले लोगों से सतर्क रहने की अपील की है, क्योंकि जलस्तर में बदलाव की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। अंचल प्रशासन की टीम लगातार प्रभावित गांवों का सर्वे कर रही है और कटाव से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है. किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए राहत एवं बचाव दल को अलर्ट मोड में रखा गया है।

# जीएनएसयू एवं एनएमसीएच को आई एस ओ प्रमाणपत्र मिला

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**डेहरी /रोहतास**। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय एवं नारायण मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल को 23 जुलाई 2026 (गुरुवार) को विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित गरिमामय आईएसओ प्रमाणन सम्मान समारोह के दौरान आई एस ओ 9001:2015 गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली , 14001:2015 पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली तथा आई एस ओ 50001:2018 ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली के लिए औपचारिक रूप से आई एस ओ प्रमाणपत्र प्रदान किए गए ।

कार्यक्रम का शुभारंभ आई एस ओ प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रो. डॉ. विवेक शर्मा के स्वागत उद्बोधन से हुआ। इसके पश्चात करेक्ट सर्टिफ़िकेशन के प्रतिनिधि मनीष श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में आई एस ओ प्रमाणन प्रक्रिया के महत्व तथा संस्थानों की अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के प्रति प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला ।

समारोह को माननीय कुलपति प्रो. डॉ. जगदीश सिंह ने संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था में गुणवत्ता आश्वासन, संस्थागत उत्कृष्टता तथा सतत सुधार के महत्व पर बल दिया। इसके उपरांत उपस्थित गणमान्य अतिथियों द्वारा गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय एवं नारायण मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल को औपचारिक रूप से आई एस ओ प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

अपने उद्बोधन में प्रति-कुलाधिपति गोविंद नारायण सिंह ने उत्कृष्टता, गुणवत्ता एवं निरंतर सुधार की संस्कृति को बनाए रखने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया तथा जी एन एस यू की अंतरराष्ट्रीय मानकों, संस्थागत उत्कृष्टता एवं हितधारकों की संतुष्टि के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया।

यह समारोह विश्वविद्यालय द्वारा गुणवत्ता प्रबंधन, संस्थागत सुशासन, पर्यावरणीय उत्तरदायित्व, ऊर्जा प्रबंधन तथा सतत सुधार की दिशा में किए गए प्रयासों की एक ऐतिहासिक उपलब्धि का प्रतीक रहा। इस अवसर पर प्रबंधन बोर्ड की सदस्य डॉ. संगीता सिंह, डॉ. मोनिका सिंह एवं श्रीमती निरूपमा सिंह; कुलसचिव प्रो. डॉ. कुमार आलोक प्रताप; परीक्षा नियंत्रक सुदीप कुमार सिंह; विभिन्न संकायों के डीन, निदेशक, प्राचार्य, विभागाध्यक्ष, सहायक कुलसचिव, विश्वविद्यालय के अधिकारी, आई एस ओ टीम के सदस्य एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के साक्षी बने।

यह आई एस ओ प्रमाणन जी एन एस यू एवं एन एम सी एच द्वारा अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप सुदृढ़ व्यवस्थाओं एवं प्रक्रियाओं की स्थापना की औपचारिक मान्यता है। यह उपलब्धि संस्थानों की शैक्षणिक उत्कृष्टता, प्रभावी प्रशासन, पर्यावरणीय सततता, ऊर्जा दक्षता तथा हितधारकों की संतुष्टि के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को और अधिक सुदृढ़ करती है।

कार्यक्रम का समापन आई एस ओ प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष प्रो. डॉ. श्वेता शर्मा द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी संचालन भी किया।

## हरिदासपुर में छात्रा का शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक मनाया जन्मदिन

### सभी छात्रों ने शिक्षकों का जताया आभार



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोचस (रोहतास)**। कोचस प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय हरिदासपुर में आज प्रार्थना सभा के दौरान ग्राम पंचायत कंजर के पूर्व मुखिया जगमोहन जी का आगमन हुआ।उनके विद्यालय पहुंचने पर प्रार्थना कार्यक्रम चल रहा था।इसी दौरान विद्यालय की कक्षा 5 की छात्रा रागिनी कुमारी का जन्मदिन भी मनाया गया। जन्मदिन के शुभ अवसर पर विद्यालय के सभी बच्चों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ मुखिया जी और छात्रा का स्वागत किया।स्वागत के उपरांत पूर्व मुखिया जगमोहन जी ने छात्रा रागिनी कुमारी को एक कलम और कॉपी भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय परिवार ने भी रागिनी कुमारी के सुखद, सफल और उज्ज्वल जीवन की मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं।मुखिया जी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी देश के भविष्य हैं। अभी से परिश्रम में लग जाइए। पढ़ोगे तो एक दिन अवश्य अपना नाम रोशन करोगे। उन्होंने कहा कि प्राथमिक विद्यालय से ही बच्चों की शिक्षा की शुरुआत होती है, इसलिए मजबूत नींव बनाना जरूरी है। जैसे पौधे की जड़ मजबूत होती है तो वह ऊँचे शिखर तक पहुँचता है और आंधी-तूफान भी उसे गिरा नहीं पाते, वैसे ही यदि आपकी नींव मजबूत होगी तो आने वाले समय में आप जीवन में ऊँचा मुकाम हासिल करोगे और देश तथा गांव का नाम रोशन करोगे।इसी के साथ रागिनी कुमारी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गईं।

## सिंगल यूज प्लास्टिक पर नगर पंचायत का अभियान, 13 दुकानदारों से वसूला जुर्माना

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**काराकाट/ रोहतास**। नगर पंचायत क्षेत्र में बुधवार को सिंगल यूज प्लास्टिक बैग के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान करूप, गोडारी सहित अन्य बाजारों में दुकानों की जांच की गई और प्लास्टिक बैग का उपयोग करते पाए जाने पर करीब 12–13 दुकानदारों से जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई के दौरान नगर पंचायत की टीम के साथ पुलिस बल भी मौजूद रहा।नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सीमाब मतीन ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के आलोक में फिलहाल जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को न्यूनतम जुर्माना वसूलते हुए दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की चेतावनी दी गई। उन्होंने कहा कि आगे नियमित जांच अभियान चलाया जाएगा और यदि कोई दुकानदार सिंगल यूज प्लास्टिक बैग का उपयोग करते पाया गया तो नियमानुसार करीब 1500 तक का जुर्माना वसूला जाएगा।

उन्होंने सभी दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए प्लास्टिक बैग की जगह बायो बैग या अन्य पर्यावरण अनुकूल विकल्पों का उपयोग करें। नगर पंचायत क्षेत्र में यह अभियान लगातार जारी रहेगा। वहीं, कार्रवाई के दौरान मौजूद नगर पंचायत के अकाउंटेंट विपुल कुमार, काराकाट थाना के एसआई योगेश कुमार एवं अन्य कर्मियों ने दुकानदारों को प्लास्टिक प्रतिबंध के नियमों की जानकारी भी दी। इधर, गोडारी के दुकानदार पिंकू पांडे ने कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनकी दुकान से 100 का जुर्माना वसूला गया। उनका कहना था कि छोटे दुकानदारों पर कार्रवाई करना उचित नहीं है, क्योंकि बड़ी कंपनियां आज भी शैंपू, साबुन, सर्फ समेत कई उत्पाद प्लास्टिक पैकिंग में बाजार में भेज रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पंचायत गठन के करीब चार वर्ष बाद भी अपेक्षित विकास कार्य धरातल पर नहीं दिख रहे हैं, जबकि छोटे दुकानदारों पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। हालांकि नगर पंचायत का कहना है कि यह अभियान केवल दंडात्मक नहीं बल्कि लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है और आने वाले दिनों में नियमित जांच जारी रहेगी।

## शिवसागर में लूटकांड का 24 घंटे के भीतर खुलासाः एक कुख्यात अपराधी वैगनआर कार के साथ गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**सासाराम / शिवसागर (रोहतास)ः** रोहतास पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शिवसागर थाना क्षेत्र में हुई लूट की वारदात का महज़ 24 घंटे के भीतर सफल उद्भेदन कर लिया है। पुलिस ने घटना में शामिल एक शातिर अभियुक्त को वारदात में प्रयुक्त चार पहिया वैगनआर कार के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

**पेट्रोल पंप के पास चाकू व बेल्ट से किया था हमलाः** प्राप्त जानकारी के अनुसार, 21/22 जुलाई की देर रात्रि (समय लगभग 01:30 बजे) शिवसागर थानांतर्गत टोल प्लाजा से पश्चिम बनारस की ओर जाने वाली NH-19 सड़क पर स्थित एस्सार पेट्रोल पंप के पास यह वारदात हुई थी।

चेनारी थाना क्षेत्र के साकिन निवासी मनीष कुमार (24 वर्ष) को वैगनआर कार सवार 04 अज्ञात अपराधियों ने घेर लिया। अपराधियों ने पीड़ित को चाकू और बेल्ट से मारपीट का भय दिखाकर उनके पास से 10,000 नकद, कपड़े और 01 सोने की अंगूठी से भरा बैग लूट लिया था।

**एसपी के निर्देश पर गठित हुई विशेष टीमः** घटना की सूचना मिलते ही रोहतास पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सासाराम-1) के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी (CCTV) फुटेज को खंगाला और तकनीकी साक्ष्यों को एकत्र किया।

तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर घटना में प्रयुक्त वैगनआर कार (सं० JH 10BU 6416) को जब्त कर लिया और उसके स्वामी सह अभियुक्त आदित्यमल सिंह (30 वर्ष), पिता रामअयोध्या सिंह, निवासी मेदनीपुर (थाना धौधाड़, जिला रोहतास) को गिरफ्तार कर लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का है पुराना आपराधिक इतिहासः** पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त आदित्यमल सिंह का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। उस पर पूर्व में भी संगीन मामले दर्ज हैं:

सासाराम (मु०) थाना कांड सं० 157/22: धारा 392 भा०द०वि० (लूट)

डिहरी नगर थाना कांड सं० 454/23: धारा 364ए भा०द०वि० (फिरौती हेतु अपहरण)

**अन्य अपराधियों की तलाश जारीः** पुलिस ने बताया कि घटना में शामिल अन्य फरार अभियुक्तों की पहचान कर ली गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है और जल्द ही उन्हें भी सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

छापेमारी दल में शिवसागर थानाध्यक्ष पु०नि० रितेश कुमार सिंह, पु०अ०नि० चंद्रहास कुमार, स०अ०नि० सिंधु शेखर एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# राशन कार्ड से वंचित पात्र परिवारों को अब सरकारी खाद्य सुरक्षा योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना पड़ेगा :दिलीप कुमार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज** । राशन कार्ड से वंचित पात्र परिवारों को अब सरकारी खाद्य सुरक्षा योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना पड़ेगा । रोहतास जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा के निर्देश पर बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रखंडों में ऐसे पात्र परिवारों की पहचान कर उनका नया राशन कार्ड बनवाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है । प्रशासन ने इस अभियान को मिशन मोड में चलाने का निर्देश दिया है । अभियान के तहत पंचायत एवं वार्ड स्तर पर पंचायत सचिव,विकास मित्र,टोला सेवक तथा अन्य संबंधित कर्मियों के माध्यम से उन पात्र परिवारों की पहचान की जाएगी,जो अब तक राशन कार्ड से वंचित हैं । पहचान के बाद संबंधित लाभुकों से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर निर्धारित प्रपत्र में आवेदन भरवाया जाएगा तथा स्मार्ट पीडीएस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी ।

**इन दस्तावेजों के साथ करना होगा आवेदनः** नया राशन कार्ड बनवाने के लिए परिवार के सभी सदस्यों का आधार कार्ड,परिवार की फोटो,आवासीय प्रमाण-पत्र,आय प्रमाण-पत्र, आवश्यकता होने पर जाति प्रमाण-पत्र,बैंक पासबुक की फोटो तथा आवेदक का मोबाइल नंबर आवश्यक होगा ।

**अधिकारियों को मिशन मोड में काम करने का निर्देशः** बिक्रमगंज एसडीएम दिलीप कुमार ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों,अंचल अधिकारियों, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों, आपूर्ति निरीक्षकों एवं संबंधित कर्मियों को अभियान में तेजी लाने का निर्देश दिया है । अधिकारियों को पात्र लाभुकों का ऑनलाइन आवेदन शीघ्र कराने और उसके निष्पादन की नियमित समीक्षा करने को कहा गया है । प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कोई भी पात्र परिवार राशन कार्ड बनवाने से वंचित न रहे ।

**पीडीएस दुकानदारों से भी मांगा सहयोगः** सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं से अपने-अपने क्षेत्र में राशन कार्ड से वंचित पात्र परिवारों की जानकारी संबंधित प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध कराने तथा ऐसे परिवारों को आवेदन कराने में सहयोग करने की अपील की गई है । अनुमंडल प्रशासन ने पात्र परिवारों से अपील की है कि यदि वे अब तक राशन कार्ड से वंचित हैं, तो आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपनी पंचायत,वार्ड अथवा संबंधित प्रखंड कार्यालय से संपर्क कर निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन करें,ताकि उन्हें सरकार द्वारा संचालित खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ मिल सके ।

बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी. (डी.सी.ई.सी.ई.)-2026/09 दिनांक- 23.07.2026

**डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2026**

**पॉलिटेकनिक (अभियंत्रण) पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु Online Round-2 Counselling से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.सी.ई.सी.ई.)-2026/07 एवं 2026/08 दिनांक 21.06.2026 एवं के क्रम में DCECE(PE)-2026 के आधार पर बिहार राज्य के सरकारी / निजी क्षेत्र के पॉलिटेकनिक अभियंत्रण पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों पर नामांकन के लिए पर्षद के वेबसाईट पर दिनांक 21.07.2026 को प्रकाशित की गयी Online Round-2 Counselling Seat Allotment Result में कतिपय तकनीकी त्रुटि पाये जाने के कारण Withdraw किया जाता है। साथ ही दिनांक 23.07.2024 एवं दिनांक 24.07.2024 को आयोजित की जानेवाली Document Verification एवं नामांकन प्रक्रिया को रद्द किया जाता है।

संशोधित Online Round-2 Counselling Seat Allotment Result दिनांक 25.07.2026 को पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध करा दी जायेगी। तद्नुसार Online Round-2 Counselling कार्यक्रम को निम्नवत् पुनर्निर्धारित किया जाता है;

| क्र. | कार्यक्रम | पुनर्निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| i. | Revised Round-2 Seat Allotment Result ........................ : | 25.07.2026 |
| ii. | Downloading of Revised Allotment order (Round-2) .... : | 25.07.2026 to 28.07.2026 |
| iii. | Documents Verification & Admission (Round-2) .......... : | 27.07.2026 to 28.07.2026 |

2. आवंटित अभ्यर्थी पर्षद के Website पर उपलब्ध Link "Online Portal of DCECE(PE)-2026" पर click कर अपने Account में login कर दिनांक 25.07.2026 से 28.07.2026 तक की अवधि में Revised Provisional Seat Allotment Order Download कर प्राप्त कर लें तथा दिनांक **27.07.2026** से **28.07.2026** तक की अवधि में Revised Provisional Seat Allotment Order पर छपे **Reporting Centre** पर जाकर **Document Verification** एवं **Admission की प्रक्रिया पूरी करेंगे अन्यथा उनका आवंटित सीट रद्द हो जायेगा।**
3. ऐसे अभ्यर्थी जो Revised Seat Allotment Result में सम्मिलित हैं और दिनांक 23.07.2026 को नामांकन प्रक्रिया पूरी कर चुके हैं, वे भी अपना Revised Provisional Seat Allotment Order download करेंगे और **पुनः अपने Alloted Reporting Centre पर जाकर Document / Identity Verification प्रक्रिया पूरी करना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा उनका आवंटित सीट रद्द हो जायेगा, जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेवार होंगे।**
4. विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.सी.ई.सी.ई.)-2026/07 दिनांक- 21.06.2026 की शेष शर्तें एवं नियम यथावत् रहेंगी।

परीक्षा नियंत्रक

### धोखाधड़ी से बचने के लिए हाई स्कूल छात्रों को पुलिस ने किया जागरूक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

राजपुर- मोबाइल पर सोशल मिडिया माध्यम से संचालित धोखाधडी अपराधियों से बचने के लिए पुलिस लाईन डीसपी एवं राजपुर थानाध्यक्ष अंशु माला द्वारा गुरूवार को छात्रों को जागरूक किया गया. जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष ने बताया कि टेन प्लस टू शौणडिक हाई स्कूल राजपुर एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंगरवलिया के छात्रों को सोशल मीडिया पर फ्राड वीडीओ कालिंग, मैसेज एवं वाटसॉप आदी चैटिंग के माध्यम से होने वाले फरॉड के प्रति जागरूक किया गया. मौके पर प्रधानाध्यापक रजनीश कुमार तिवारी, एकाउंटेंट बिनोद सिंह समेत काफी संख्य में छात्र छात्राएं मौजूद रहे.

## भाजपा नेता डॉ.मनीष पर हुए जानलेवा हमले की एनडीए कार्यकर्ताओं ने की कड़ी निंदा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज (रोहतास)**। बिहार के पटना में दो अलग-अलग हिंसक घटनाओं के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और विधायकों पर उग्र छात्रों के भीड़ ने जानलेवा हमला कर उन्हें निशाना बनाया। इसी क्रम में बुधवार को शाम करीब 6 बजे घटित घटना में नीट पेपर लीक के विरोध में वामपंथी छात्र संगठन (आईसा) ने नीट छात्रों के साथ उग्र प्रदर्शन करते हुए आयकर विभाग बेली रोड़ स्थित भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ.मनीष रंजन की गाड़ी पर पथराव और जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान सैकड़ों झुंड में छात्रों ने भाजपा नेता उसके ड्राइवर के उपर छड़ के रड़ से पिटाई भी किया। जिस घटना में बैलेनू गाड़ी को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। लेकिन घायल अवस्था में भी भाजपा नेता डॉ. मनीष रंजन के जख्मी चालक गुडु यादव ने आनन-फानन में गाड़ी को वहां से हाई कोर्ट परिसर में भगाते हुए गाड़ी में सवार अन्य लोगों सहित अपनी जान बचाई। जबकि गाड़ी में सवार करीब तीन लोगों ने राजकीय औषधालय हाई कोर्ट अस्पताल में पहुंच चिकित्सक द्वारा अपना प्राथमिक उपचार कराया। जहां इलाज कर रहें डॉक्टरो ने सभी जख्मी लोगों को खतरे से बाहर बताया। दूसरी तरफ इस हमले की सूचना मिलते ही भाजपा और एनडीए समर्थित कार्यकर्ताओं ने कड़ी निंदा व्यक्त करते हुए बताया कि यह महागठबंधन के राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने छात्रों के आंदोलन की आड़ में घुसकर उपद्रव फैलाया। जिसके लिए कोचिंग छात्रों और असामाजिक तत्वों को भड़काने के लिए व्हाट्सएप ग्रुप्स और सैकड़ों कंटेंट क्रिएटर्स का सहारा लेते हुए भीड़ जुटाकर हिंसा भड़काई गयी है। जिस घटना को अंजाम देने के लिए बिहार में महागठबंधन की सोची समझी साजिश थी।

## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट में घायल युवक की मौत

**बांका।** बांका के रजौन थाना क्षेत्र में 19 जुलाई को हुई मारपीट की घटना में गंभीर रूप से घायल एक युवक की गुरुवार को पटना पीएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान उपरामा गांव निवासी रूपेश कुमार मंडल के रूप में हुई है। इस घटना में दो अन्य लोग भी घायल हुए थे। मृतक के भाई मुकेश कुमार मंडल ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उनका भाई रूपेश कुमार मंडल दिल्ली में रहकर मजदूरी करता था। कुछ दिन पूर्व गांव के ही अजित कुमार उर्फ बिल्ला ने फोन पर उसके साथ गाली-गलौज की थी।

**पत्नी को परेशान करने को लेकर था विवादः** आरोप है कि अजित कुमार शराब के नशे में रूपेश की पत्नी को फोन कर परेशान करता था, जिसको लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। इसी विवाद के बाद रूपेश दिल्ली चला गया था। दिल्ली जाने के बाद भी अजित कुमार उर्फ बिल्ला रूपेश की पत्नी को शराब के नशे में लगातार फोन कर परेशान करता रहा। बताया गया कि आरोपी अजित उर्फ बिल्ला दिल्ली जाकर करीब पांच लोगों के साथ मिलकर रूपेश के साथ मारपीट भी कर चुका था। इसके बाद रूपेश वापस अपने गांव लौट आया। कुछ समय बाद आरोपी अजित कुमार उर्फ बिल्ला भी गांव लौट आया। आरोप है कि 19 जुलाई को वो अजित शराब के नशे में रूपेश के घर पहुंचा और उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। शोर सुनकर अरुण यादव और जयकांत यादव भी वहां पहुंच गए।

**बीच-बचाव करने पहुंचे भाई और पत्निः** आरोप है कि तीनों ने मिलकर लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से रूपेश पर हमला कर दिया। इस हमले में रूपेश के सिर में गंभीर चोट लगी और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया।बीच-बचाव करने पहुंचे उसके भाई मुकेश कुमार मंडल और रीना देवी के साथ भी आरोपियों ने मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया,जिसमें दोनों का भी सिर फट गया। आरोप है कि मारपीट के दौरान रीना देवी के गले और कान के आभूषण भी छीन लिए गए।घटना के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए।गंभीर रूप से घायल रूपेश कुमार मंडल, मुकेश कुमार मंडल और रीना देवी को इलाज के लिए रजौन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने तीनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए भागलपुर मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। रूपेश की हालत नाजुक होने पर उसे पटना पीएमसीएच रेफर किया गया, जहां उसे वेंटिलेटर पर रखा गया था।

**थानाध्यक्ष बोले- मामले की जांच की जा रही हैः** गुरुवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके पहले मारपीट को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई थी।मौत के बाद दोबारा मृतक के भाई मुकेश कुमार मंडल के बयान पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की। थाना अध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि मारपीट में घायल रूपेश कुमार मंडल की मौत के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### बारिश के बीच कांग्रेस का प्रदर्शन

**भागलपुर।** भागलपुर में नीट पेपर लीक, छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में गुरुवार को कांग्रेस नेताओं-कार्यकर्ताओं ने बारिश के बीच समाहरणालय के गेट पर प्रदर्शन शुरू कर दिया है। केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी हो रही है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफे की मांग हो रही है। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने भागलपुर के सदर अनुमंडल पदाधिकारी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से सरकार से छात्रों के हित में आवश्यक कदम उठाने और परीक्षा व्यवस्था में सुधार करने की मांग की गई।

**छात्रों पर कार्रवाई, लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन हैः** कांग्रेस नेता विपिन बिहारी ने बताया कि अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। ये लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन है। छात्रों पर दर्ज सभी मामलों को वापस लिया जाए। उनके साथ हुए दुर्व्यवहार की जांच कराई जाए। प्रदर्शन के दौरान नेताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की। साथ ही नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली की जांच कराने, परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता और भविष्य में पेपर लीक जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए व्यवस्था लागू करने की मांग की गई। इस मौके पर कांग्रेस नेता विपिन बिहारी, मुजफ्फर अहमद सहित जिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस और छात्र संगठनों के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नमामि गंगे घाट पर एडीएम करेंगे तैयारी की निगरानी : जिलाधिकारी

**भागलपुर।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला शुरू होने में अब 7 दिन शेष हैं। मेला क्षेत्र में सभी काम तेजी से कराया जा रहा है। 28 जुलाई को नमामि गंगे घाट पर मेला का उद्घाटन होगा। इसके लिए विभिन्न विभागों और एजेंसियां निर्माण तथा व्यवस्था में जुटी हैं। डीएम अलंकृता पांडेय ने कहा है कि नमामि गंगे घाट पर चल रहे सभी काम समय पर गुणवत्तापूर्ण कराने के लिए एडीएम जन्मेजय शुक्ला को प्रतिनियुक्त किया गया है। उनका मुख्य दायित्व होगा कि वे नगर आयुक्त के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सभी तैयारियों को समय सीमा के भीतर पूरा कराएं। इसके लिए वे प्रतिदिन काम की प्रगति का पर्यवेक्षण कर डीएम को लिखित और मौखिक रूप से रिपोर्ट देंगे। जानकारी के अनुसार सुल्तानगंज घाट रोड में जगह-जगह काम चल रहा है। नाला निर्माण के साथ ही कई जगह नालों की उड़ाही की जा रही है। इस वजह से अभी पैदल आने-जाने वालों को परेशानी होती है। मिट्टी खोदाई मैनुअल तरीके से करने की वजह से और समय लग रहा है। दो दुकानों के बीच से नाले खोदकर निकाले जा रहे हैं। इस वजह से वहां मजदूरों को परेशानी हो रही। जिला प्रशासन की टीम ने बुधवार को अजगैबीनाथ मंदिर परिसर, दोनों घाटों, कांवरियां पथ, रेलवे स्टेशन, पार्किंग स्थल, नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया और एजेंसी को कई दिशा-निर्देश दिए। पीएचईडी का काम धीमा, 50 फीसदी शौचालय तैयार नहीं अफसरों के निरीक्षण में पीएचईडी के काम की गति धीमी पाई गई। 50 फीसदी शौचालयों का काम अधूरा है। अभी उनमें टाइल्स ही लगाई जा रही है। 30 नए हैंडपंप में से अब तक 27 हैंडपंप ही लगा है। प्याऊ के नलों में टोटी नहीं लगाई जा सकी है। पुराने हैंडपंप को रंग-रोगन कर दिया गया है, लेकिन कुछ जगहों पर उससे पानी नहीं निकल रहा है। जेई राही रंजन ने बताया कि दो दिन में काम पूरा हो जाएगा। अजगैबीनाथ मंदिर के गर्भगृह में तांबा का अर्घा लगाया गया अजगैबीनाथ मंदिर के गर्भगृह में मेला के दौरान स्पर्श पूजा पर रोक लगाने के बाद डीएम के निर्देश पर नगर परिषद के ईओ अभिषेक आनंद की मौजूदगी में बुधवार को तांबा का अर्घा लगाया गया। मंदिर के महंत प्रेमानंद गिरि ने बताया, जो मांग थी, उसके अनुरूप ही नप प्रशासन ने तांबा निर्मित अर्घा लगवाया है, जो धार्मिक दृष्टिकोण से उचित है। सावन की सोमवारी पर मंदिर में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती है। स्पर्श पूजा की होड़ के चलते भीड़ कभी-कभी बेकाबू हो जाती है। अब अर्घा के जरिये जलार्पण की व्यवस्था से भीड़ पर काबू पाने में प्रशासन को सहूलियत होगी।

### दो बड़े ग्रहों की बदलेगी चाल, 24 को बुध मार्गी और 27 से शनि वक्री होंगे

**भागलपुर।** जुलाई अंत यानी इस हफ्ते दो बड़े ग्रहों की चाल बदलने वाली है। 24 जुलाई को बुद्धि और व्यापार के कारक बुध वक्री अवस्था छोड़कर मार्गी (सीधी चाल) हो जाएंगे। इसके ठीक तीन दिन बाद 27 जुलाई को कर्मफल दाता शनि मीन राशि में वक्री (उल्टी चाल) होने जा रहे हैं, जो 11 दिसंबर तक (कुल 138 दिन) इसी अवस्था में रहेंगे। ज्योतिषाचार्य मनोज कुमार मिश्रा के अनुसार, इन दो बड़े ग्रहों के बदलाव से कॅरियर, वित्तीय फैसलों, शिक्षा और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में बड़े बदलावों के आसार हैं। 29 जून से वक्री चल रहे बुध के मार्गी होते ही लंबे समय से अटकी योजनाएं, शेयर बाजार, आईटी और संचार क्षेत्र फिर से गति पकड़ेंगे। तीन राशियों पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। मिथुन : आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और रुके हुए काम आसानी से निपटेंगे। सिंहः आय के नए स्रोत बनेंगे, व्यापार में लाभ और समाज में मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। वृश्चिकः जबरदस्त आर्थिक लाभ के योग हैं। प्रॉपर्टी, भूमि या वाहन खरीद के संयोग बनेंगे। बुध और शनि की इस संयुक्त हलचल से बड़े बदलाव दिखेंगे। प्रशासनिक और सरकारी नीतियों तथा फैसलों की समीक्षा तेज होगी। साथ ही आईटी, संचार और शिक्षा जगत में नई तकनीकों और पहल की शुरुआत होगी।

# पत्थरबाजी के बाद लाठीचार्ज, छात्रा बोली- वर्दी-लाठी मिल गई है तो कुछ भी कीजिएगा, पेपर लीक को लेकर प्रदर्शन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बेगूसराय।** बेगूसराय में नीट पेपर लीक और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर गुरुवार को AISF समेत छात्र संगठनों ने जीडी कॉलेज कैंपस से जुलूस निकाला। शहर के अलग-अलग रास्तों से हुए जिला जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां हजारों की संख्या में छात्रों ने 2 घंटे तक प्रदर्शन किया। इसी बीच समाहरणालय की तरफ पत्थरबाजी शुरू कर दी गई। प्रशासन की एक गाड़ी भी तोड़ दी। सदर एसडीओ अश्वनी कुमार सहित कुछ पुलिस कर्मी चोटिल हुए। जिसके बाद पुलिस ने हल्का बल प्रयोगकर सभी को खदेड़ दिया। लाठी चार्ज हुआ। पुलिस की कार्रवाई पर एक छात्रा ने कहा कि वर्दी-लाठी मिल गई है तो कुछ भी कीजिएगा। वहीं, एसपी मनीष ने कहा कि आक्रोश मार्च पहले निकाला गया था। ज्ञापन भी दिया गया। कुछ उपद्रवी ने शांति भंग कर दी। जिसके बाद सभी को खदेड़ा गया। डीएम ऑफिस पूरी तरह से सुरक्षित है।



कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर कार्रवाई की गई है।

**समाहरणालय के गेट पर चढ़ गएः** AISF के राष्ट्रीय सचिव अमीन हमजा के नेतृत्व में छात्रों का जुलूस जीडी कॉलेज से निकला और शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए समाहरणालय की उत्तरी द्वार कैंटीन चौक पर पहुंचा। जहां 1000 से अधिक छात्र जमा हुए। इस दौरान छात्रों ने समाहरणालय के मुख्य द्वार को खोलकर अंदर जाने की कोशिश की। कुछ छात्र गेट पर चढ़ भी गए थे, लेकिन भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती के कारण अंदर नहीं जा सके। AISF के नेताओं ने जब प्रदर्शन समाप्त होने की घोषणा कर दी तो आईएफ, आइसा और एआईवायएफ से जुड़े छात्र निकल गए, लेकिन भीड़ में मौजूद कुछ असामाजिक तत्वों ने हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने छात्रों को बरगला कर एक ओर ट्रैफिक चौक पर NH- 31 को जामकर जमकर हंगामा मचाया तो वहीं कैंटीन चौक पर पत्थरबाजी करने लगे। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर सभी को वहां से भगा दिया।

**पत्थरबाजी में पत्रकार हुए घायलः** पुलिस 3-4 बार पुलिस खदेड़ती रही और उपद्रवी फिर लौटकर वापस आते रहे। इस दौरान नवाब चौक के पास छत के ऊपर से भी पत्थरबाजी की गई। पत्थरबाजी में सीनियर जर्नलिस्ट सौरभ कुमार को भी चोटें आई। पुलिस विभाग की एक स्कार्पियो को भी छतिग्रस्त कर दिया गया। दूसरी और ट्रैफिक चौक पर भी दो-तीन यूट्यूबर को पीट दिया गया। हंगामा बढ़ता देख एसपी मनीष खुद मौके पर पहुंचे और काफी प्रयास के बाद स्थिति को नियंत्रित किया। हंगामा को देख बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ वाटर कैनन, रैपिड एक्शन फोर्स की गाड़ी और फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी तैनात थी।

**'गद्दी छोड़ दें नहीं तो हम छोड़वा देंगे':** मौके पर AISF के राष्ट्रीय सचिव अमीन हमजा एवं अन्य छात्र नेताओं ने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफे, परीक्षा में धांधली और पिछले दिनों जंतर-मंतर और पार्लियामेंट मार्च के दौरान छात्र पर हुए लाठीचार्ज के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए आए हैं। हमारी मांग है कि धर्मेंद्र प्रधान, अमित शाह और नरेंद्र मोदी को तुरंत गद्दी छोड़ देना चाहिए। अगर वह गद्दी नहीं छोड़ते हैं, तो छात्र-नौजवान गद्दी छोड़वाने पर मजबूर होंगे, उसकी जवाबदेही वह खुद होंगे। नरेंद्र मोदी और अमित शाह बहुत बड़े नौटंकीबाज हैं। मामले को दबाना चाहते हैं, आंदोलन को डायवर्ट करना चाहते हैं, लाठी चलवा कर आंदोलन को रोकना चाहते हैं। चाहे लाठी चलाओ, चाहे वाटर कैनन चलाओ, चाहे गोली चलाओ करना है करो, तुम जितनी लाठी-गोलियां चलाओगे हमारा आंदोलन और तेज-उग्र होगा।

**कुछ लोग उपद्रव करके माहौल खराब कर रहे हैंः** AISF के राष्ट्रीय सचिव अमीन हमजा का कहना है कि अपने राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत हम लोगों का समय निर्धारित था। 12:00 बजे GD कॉलेज से निकले और कैंटीन चौक पर पहुंचे। पहले से तय था कि 2 घंटा हम लोगों का सांकेतिक आंदोलन चलेगा। यह पूरे बिहार भर में चल रहा है। हम लोगों ने करीब 2:00 बजे आंदोलन की समाप्ति की घोषणा कर दी। समाप्ति की घोषणा के बाद हमारे आंदोलन में आए कुछ उपद्रवी तत्वों ने यहां पर लाठियां फेंके, पत्थर फेंके गए, यह निंदनीय है। हमारा संगठन AISF, AIYF और आइसा अनुशासित छात्र संगठन है। हम लोग दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करके आए हैं, पार्लियामेंट मार्च करके आए हैं, कल विधानसभा मार्च किया है, इसमें इस तरह की बातें नहीं हुई। पूरे बिहार के तमाम अपने संगठन के लोगों से कहना चाहेंगे कि इस तरह के आंदोलन में कुछ लोग घुस कर, उपद्रव करके हमारे आंदोलन को डायवर्ट करना चाहते हैं। हमारे आंदोलन को खराब करना चाहते हैं।

## किशोर से छिनतई की कोशिश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर में किशोर से छिनतई की कोशिश हुई है। विरोध करने पर मारपीट की गई है। मारपीट में घायल किशोर को इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घायल की पहचान अंबेडकर नगर कॉलोनी निवासी राजू राम के पुत्र रौशन कुमार(11) के रूप में हुई है। घटना जोगसर थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक बच्चा लाजपत पार्क के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान एक युवक ने उससे मोबाइल छीनने की कोशिश की। रौशन ने जब मोबाइल देने से इनकार किया तो बदमाश आगबबूला हो गया। उस पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। आरोपी ने बच्चे को इतनी बेरहमी से पीटा कि वह सड़क पर लहूलुहान होकर गिर पड़ा।

**आसपास मौजूद लोगों ने अस्पताल पहुंचायाः** बच्चे की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोग दौड़ पड़े। भीड़ को अपनी ओर आते देख आरोपी मौके से भाग निकला।



स्थानीय लोगों ने घायल बच्चे को तुरंत टोटो से नजदीकी नर्सिंग होम पहुंचाया। जहां उसका इलाज कराया गया। सूचना मिलने के बाद परिजन अस्पताल पहुंचे।

**स्थानीय लोगों ने जताई नाराजगीः** लाजपत पार्क शहर का अत्यंत व्यस्त और संवेदनशील इलाका माना जाता है। यहां हर दिन सुबह-शाम बड़ी संख्या में लोग एक्सरसाइज और वॉक के लिए आते हैं। इसके बावजूद इस क्षेत्र में मोबाइल लूट, चेन स्नेचिंग, बाइक चोरी और असामाजिक तत्वों की गतिविधियां लगातार सामने आती रही है। जिससे स्थानीय लोगों में रोष है। पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## बीएसएफ जवान चंदन सिंह की पंजाब में मौत

**मुंगेर।** मुंगेर जिले के शामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत तेलियाडीह पंचायत के जवायत गांव के रहने वाले बीएसएफ जवान चंदन सिंह (30) की पंजाब के फिरोजपुर में ड्यूटी के दौरान बिजली के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक जवान चंदन सिंह, ब्रजेश सिंह के सबसे छोटे पुत्र थे। परिजनों के अनुसार, वह वर्ष 2014 में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में भर्ती हुए थे और वर्तमान में पंजाब के भारत-पाकिस्तान सीमा के समीप फिरोजपुर में जनरेटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे। बताया जा रहा है कि ड्यूटी के दौरान शॉर्ट सर्किट होने के बाद वह बिजली के करंट की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। शुक्रवार तक गांव पहुंचेगा पार्थिव शरीरः परिजनों ने बताया कि पंजाब में पोस्टमार्टम सहित अन्य औपचारिकताएं पूरी होने के बाद जवान का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव जवायत भेजा जाएगा। संभावना है कि शुक्रवार तक पार्थिव शरीर गांव पहुंचेगा, जहां पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। सात साल पहले हुई थी शादी, संतान नहीं: चंदन सिंह की शादी करीब सात वर्ष पूर्व हुई थी। उनकी कोई संतान नहीं है।

## रास्ते चलेगी एक और नई एक्सप्रेस ट्रेन

**बेगूसराय।** बेगूसराय और कोसी-सीमांचल क्षेत्र से पटना जाने वाले रेल यात्रियों के लिए राहत की खबर है। कोसी एक्सप्रेस, राज्यरानी एक्सप्रेस और इंटरसिटी एक्सप्रेस में भीड़ को देखते हुए रेलवे ने दानापुर के लिए नई एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की तैयारी की है। पूर्व मध्य रेलवे (ECR) हाजीपुर मुख्यालय की ओर से सहरसा और दानापुर के बीच एक नई त्रि-साप्ताहिक (सप्ताह में तीन दिन) एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का प्रस्ताव तैयार कर रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली को भेज दिया गया है। नई ट्रेन का रूट बेगूसराय, बरौनी, शाहपुर पटोरी और पाटलिपुत्र होते हुए तय किया गया है। 224 किलोमीटर की दूरी 32 से 34 किलोमीटर प्रति घंटे की औसत गति से तय करने वाली इस ट्रेन के लिए एक रैक की आवश्यकता होगी।

पूर्व मध्य रेलवे ने नई ट्रेन के परिचालन को लेकर संभावित टाइम टेबल और अन्य तकनीकी पहलुओं की रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को भेज दी है। अब रेलवे बोर्ड से अप्रूवल मिलते ही इस नई एक्सप्रेस ट्रेन का आधिकारिक उद्घाटन कर दिया जाएगा। क्या होगा नई ट्रेन का रूट और समयः रेलवे की ओर से जारी ड्राफ्ट शेड्यूल के मुताबिक यह ट्रेन दानापुर से सहरसा के बीच चलेगी। जिसका अप और डाउन दोनों ओर मुख्य ठहराव पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर, शाहपुर पटोरी, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया और मानसी स्टेशनों पर होगा। सहरसा से यह ट्रेन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को सुबह 07:30 बजे खुलेगी। बेगूसराय के यात्रियों के लिए यह ट्रेन सटीक समय पर मिलेगी। यह ट्रेन सुबह 10:08 बजे बेगूसराय स्टेशन पहुंचेगी और 10:10 बजे यहां से खुलकर दोपहर 01:50 बजे पाटलिपुत्र और 02:25 बजे दानापुर पहुंचेगी।

## हजारों छात्रों का नीट पेपर लीक पर मार्च

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मुंगेर।** गुरुवार को मुंगेर में हजारों छात्रों ने नीट पेपर लीक और दिल्ली में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में विशाल मार्च निकाला। छात्रों का यह विरोध प्रदर्शन केंद्र सरकार के खिलाफ था। यह मार्च आरडी एंड डीजे कॉलेज से शुरू हुआ और अंबे चौक, गोला रोड, कस्तूरबा वाटर वर्क्स चौक, भगत सिंह चौक, एक नंबर ट्रैफिक होते हुए किला के मुख्य द्वार से शहीद स्मारक के बाद समाहरणालय पहुंचा। कार्यक्रम का समापन समाहरणालय पर एक सभा के साथ हुआ। मार्च के दौरान छात्रों ने शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही, परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और छात्र हितों की रक्षा को लेकर लगातार नारेबाजी की। प्रदर्शन में शामिल छात्र अपने हाथों में तिरंगा के साथ महापुरुषों की तस्वीरें लिए हुए थे।

**परीक्षा पारदर्शी और भरोसेमंद होनी चाहिएः** छात्रों ने कहा कि देश के लाखों मेहनती विद्यार्थियों के भविष्य के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा। उनका कहना था कि परीक्षा प्रणाली पूरी तरह पारदर्शी और भरोसेमंद होनी चाहिए, ताकि योग्य छात्रों के साथ न्याय हो सके। प्रदर्शनकारी छात्रों ने नीट पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने तथा शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की भी निंदा करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई।

सके साथ ही छात्रों ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की भी मांग की। छात्र नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इस दौरान एक छात्रा ने कांग्रेस और भाजपा दोनों के कार्यकाल में हुई पेपर लीक की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों ही सरकारों में ऐसी घटनाएं हुई हैं। छात्रों के विरोध मार्च को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट पर थी। डीजे कॉलेज से लेकर पूरे जुलूस मार्ग पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं.: एलआरसी_कैम्पिंग_कोच_आरएसपी-टी, दिनांक 21.07.2026;** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (एलएचबी), पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा, पिन-711204 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए वित्तीय एवं तकनीकी रूप से सक्षम निविदाताओं से ऑनलाइन ई-निविदाएं (खुली निविदा) आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नामः** आईसीएफ कोचों का एसी कैम्पिंग कोचों में रूपांतरण। **कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 22,07,57,228.48। **बयाना राशिः** रु. 44,15,200। **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 11.08.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण जहां निविदा के परिपूर्ण विवरण के उपलब्ध हैः www.ireps.gov.in** निविदा सूचना के प्रकाशन के उपरांत प्रकाशित किसी भी शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, के लिए निविदाताओं को नियमित रूप से आईआरईपीएस पोर्टल देखने की सलाह दी जाती है। (MISC-112/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: सीट-बर्थ _26-28, दिनांक 20.07.2026;** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/सी, पूर्व रेलवे वर्कशॉप, कांचारापाड़ा, पिन-743145, 24 परगना (उत्तर), पश्चिम बंगाल द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम एवं उसका स्थानः** खुली निविदा के आधार पर कार्य संविदा के जरिए 02 (दो) वर्षों की अवधि के लिए कैरेज कॉम्पलेक्स, कांचरापाड़ा वर्कशॉप में गैर-वातानुकूलित प्रचलित (सीएन, जीएस, सीजेड) एवं एलएचबी कोचों (एलडब्ल्यूएससीएन, एलडब्ल्यूएस) की बर्थो/सीटों/ बैकरेस्टों की स्ट्रिपिंग, अनलोडिंग, परिवहन, मरम्मत, लोडिंग, फीटिंग। **कार्य की अनुमानित लागतः** जीएसटी सहित रु. 1,33,95,187.01; **जमा की जाने वाली बोली सुरक्षाः** रु. 2,68,000/-। **निविदा दस्तावेज की कीमत (टीडीसी):** शून्य। **कार्य समापन अवधिः** 02 (दो) वर्ष। **वेबसाइट जहां निविदा दस्तावेज उपलब्ध होंगेः** निविदा दस्तावेज का सम्पूर्ण सेट भारतीय रेल की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 20.07.2026 से 11.08.2026 को 14.00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। **विज्ञापन अवधिः** दिनांक 20.07.2026 से 11.08.2026 को 14.00 बजे तक। **प्रस्ताव जमा करने की अवधिः** 15 (पंद्रह) दिन पहले से दिनांक 11.08.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा की वैधताः** 66 (छियासठ) दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 11.08.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः** निविदाएं 11.08.2026 को 15.00 बजे अथवा उसके उपरांत खोली जाएंगी। (MISC-110/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**सं.: ओ-एसी-टी-112 से 113-26-27 (ओपन), दिनांक 22.07.2026;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, केस सं.:** ओ-एसी-टी-112-26-27; **कार्य का नामः** अंडाल एवं दुर्गापुर स्टील एक्सचेंज यार्ड के वर्तमान कंबाइंड रनिंग रूम के विस्तार तथा डीईएन/4/ आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में यार्ड क्रू लॉबी का उन्नयन, रनिंग रूम का विस्तार तथा आसनसोल मंडल के तहत ट्रैक रखरखाव एवं संचालन कर्मियों के लिए बुनियादी सुविधाओं के साथ गैंग हटों, गुमटियों, पेय जल सुविधाओं, पाथवे इत्यादि के प्रावधान के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 8,44,13,153.82। **बयाना राशिः** रु. 16,88,300; **कार्य हेतु समापन अवधिः** 12 महीने। **क्रमांक 2, केस सं.:** ओ-एसी-टी-113-26-27; **कार्य का नामः** आसनसोल मंडल में अंडाल-सैंथिया, देवघर-दुमका, मोहनपुर-हंसडीहा, अंडाल-बाराबनी एवं मधुपुर-गिरिडीह अनुभागों में 10000 से अधिक टीवीयू वाले लेवल क्रॉसिंग गेटों की इंटरलॉकिंग के लिए गेट बिल्डिंग, रिले हट के प्रावधान के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 6,95,32,655.25। **बयाना राशिः** रु. 13,90,700; **कार्य हेतु समापन अवधिः** 09 महीने। **बंद होने की तारीख एवं समयः** 17.08.2026 को 12.00 बजे (दोनों के लिए)। परिपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। (ASN-192/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: 222-एस/1/डब्ल्यू- II, दिनांक 21.07.2026;** मंडल रेल प्रबंधक/सियालदह, पूर्व रेलवे, सियालदह, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कमरा सं. 44, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: टीएन-133-26-27; कार्य का नामः** कोलकाता में - कोलकाता स्टेशन में प्लेटफॉर्म सं. 1 में प्लेटफॉर्म तथा प्लेटफॉर्म 2-3 के आईलैंड प्लेटफॉर्म के विस्तार के साथ अन्य संचालनगत सुविधाओं की व्यवस्था। **निविदा मूल्यः** रु. 4,01,37,290.21; **ईएमडीः** रु. 8,02,800; **कार्य समापन अवधिः** (12) बारह महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 18.08.2026 को 15.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः** 18.08.2026 को 15.30 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे। भारतीय रेलवे मानक अनुबंध की सामान्य शर्ते 2022 के अनुसार ई-निविदा प्रपत्र की कीमत शून्य है। (SDAH-148/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/626, दिनांक 21.07.2026;** सीनि. डीएसटीई, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **ई-निविदा सं. एसडीएसटीई/सिग/टी/13/26-27/आरआरएसके; कार्य का नाम साथ में उसका स्थानः** सियालदह मंडल में निम्नलिखित कार्यों के संबंध में सिग्नलिंग कार्य - सियालदह मंडल में सीटीआर (पी) - 20.909 टीकेएम तथा टीआरआर (पी) - 4.404 टीकेएम, सीटीआर (पी) - 4.123, टीआरआर (पी) - 27.395 टीकेएम तथा टीटीआर (एफएस + टीडब्ल्यूएस, डब्ल्यूसीएमएससी) - 3 सेट (1 इन 12) के साथ 12 अदद ट्रैक मशीन साइडिंग का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु. 4,84,41,034.28; **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षा :** रु. 9,68,800; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य। **कार्य समापन अवधिः** 12 महीने। **निविदा जमा शुरू होने की तारीखः** 04.08.2026; **निविदा जमा करने की अंतिम तारीखः** 18.08.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली खुलने की तारीखः** 18.08.2026 को 14.30 बजे। विस्तृत विवरणः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **पात्रता के तकनीकी मानदंड :** निविदादाताओं द्वारा पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निविदा आमंत्रित किए जाने वाले माह से पहले महीने के अंतिम दिन तक, नीचे उल्लेखित श्रेणियों में से किसी भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा अथवा काफी हद तक सम्पन्न किया होना चाहिए: (i) समतुल्य प्रकृति के तीन कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (ii) समतुल्य प्रकृति के दो कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (iii) समतुल्य प्रकृति का एक कार्य, जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए। **पात्रता के वित्तीय मानदंडः** निविदादाता द्वारा वी/एन अथवा 'वी' जो कम हो का न्यूनतम औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार किया होना चाहिए, जहां वी=निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन=कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोली आमंत्रित की गई है। औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना लेखा परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्त वर्षों में "कुल अनुबंधकीय भुगतान" के औसत के रूप में किया जाएगा। हालांकि, पिछले वर्ष के तुलन पत्र के तैयार होना/लेखा परीक्षण होना बाकी रहने की स्थिति में औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जाएगा। निविदादाताओं को जीसीसी 2022 के अनुलग्नक-VIबी (इस निविदा दस्तावेज का प्रपत्र-6) के अनुसार अपेक्षित जानकारी के साथ चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा भलीभांति सत्यापित लेखा परीक्षित तुलनपत्र/लेखा परीक्षित तुलन पत्र के साथ भलीभांति समर्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्रमाणपत्र जमा करना होगा। **जमा किए जाने वाले अन्य दस्तावेजः** जैसा कि निविदा दस्तावेज में उल्लेखित है। **समतुल्य प्रकृति का कार्य :** इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य [इनडोर या (इनडोर +आउटडोर)] तथा/अथवा पैनल इंटरलॉकिंग कार्य [इनडोर या (इनडोर +आउटडोर)] तथा/अथवा रूट रिले इंटरलॉकिंग कार्य [इनडोर या (इनडोर +आउटडोर)]। **टिप्पणीः** निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में यथा उल्लेखित पात्रता के मानदंडों को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज जमा करने होंगे। निविदादाता द्वारा अनुशंसापत्रों के समर्थन में जमा किए गए दस्तावेज/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता अथवा निविदाकारी प्रतिष्ठान के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्वयं सत्यापित/डिजिटली हस्ताक्षर होना चाहिए। स्वयं सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर तथा तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होना चाहिए। (SDAH-146/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-सीसीटीवी-आरपीएच-एनआई-एलसी-एचडब्ल्यूएच, दिनांक 21.07.2026;** मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नामः** अनुसूची-एः हावड़ा मंडल के रामपुरहाट यार्ड में विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की स्थापना। अनुसूची-बीः हावड़ा मंडल के तहत मानवयुक्त नॉन-इंटरलॉक्ड लेवल क्रॉसिंग गेटों पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 2,73,20,381.38; **बयाना राशि/बोली सुरक्षाः** रु. 5,46,400; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** रु. 0.00; **बोली शुरू होने की तारीखः** 30.07.2026। **समापन अवधिः** 09 महीने। **प्रस्ताव की वैधताः** 60 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 13.08.2026 को 15.00 बजे। **निविदा अपलोडिंग की तारीख एवं समयः** 21.07.2026 को 15.25 बजे। (HWH-230/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**बरहनी–देवघर–बरहनी श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन अतिरिक्त ठहराव प्रदान करेगी**

यात्रियों की सुविधा के लिए, **05028/05027 बरहनी–देवघर–बरहनी श्रावणी मेला स्पेशल** ट्रेन दुदही और रतन सराय स्टेशनों पर निम्नानुसार अतिरिक्त ठहराव प्रदान करेगी:

| बरहनी–देवघर स्पेशल (05028) | | स्टेशन | देवघर–बरहनी स्पेशल (05027) | |
|---|---|---|---|---|
| आ. | प्र. | | आ. | प्र. |
| 19.45 | 19.47 | दुदही | 09.50 | 09.52 |
| 21.40 | 21.42 | रतन सराय | 07.40 | 07.42 |

सभी अन्य निर्देश अपरिवर्तित रहेंगे।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

## संक्षिप्त समाचार

### टाइल्स व्यवसायी से ठगी की घटना में पुलिस की जांच तेज

**आरा**| टाइल्स व्यवसाई से पुलिस अधिकारी बन 8 लाख के सोने की गहने की ठगी के मामले में जांच तेज। नवादा थाना के थानाध्यक्ष विपिन बिहारी ने बताया कि टाइल्स दुकानदार अंजनी कुमार उपाध्याय से सोने की गहने की ठगी के मामले में जांच चल रही है। घटना स्थल के आसपास की सीसीटीवी के फुटेज को चेक किया जा रहा है। सीसीटीवी के फुटेज से पुलिस आरोपियों की पहचान करने और गिरफ्तारी करने में जुट गई है। जल्द ही घटना में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम को ले निर्देश जारी

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा के अंतर्गत आने वाले सभी अंगीभूत और सम्बद्ध कॉलेजों में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम सत्र 2026-30 सेमेस्टर-वन के छात्रों के लिए महत्वपूर्ण खबर सामने आई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय की कक्षाएं आगामी 23 जुलाई 2026 से नियमित रूप से शुरू करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। छात्र कल्याण अध्यक्ष द्वारा विश्वविद्यालय के सभी अंगीभूत एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों और प्रधानाचार्यों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि स्नातक सेमेस्टर-वन में नामांकन की प्रक्रिया अब लगभग पूरी हो चुकी है। ऐसे में पठन-पाठन का माहौल बेहतर बनाने और छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए 23 जुलाई से समय-सारणी के अनुसार कक्षाओं का संचालन शुरू कर दिया जाए। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस आदेश को अतिआवश्यक श्रेणी में रखा है। छात्र कल्याण अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि समय पर कक्षाओं का संचालन शुरू होना इसलिए आवश्यक है ताकि विद्यार्थियों का पाठ्यक्रम निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा कराया जा सके और सत्र को नियमित रखा जा सके। सभी कॉलेज प्राचार्यों को इस निर्देश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से कक्षाआं में उपस्थित हों।

### डीएम से मिले मानव सेवा संस्थान के अध्यक्ष

**आरा**| मानव सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं समाजसेवी दीपक कुमार अकेला डीएम तनय सुल्तानिया से मिलकर समाज सेवा से जुड़े अपने कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान मानव सेवा संस्थान के अध्यक्ष ने डीएम को पाम ट्री का पौधा, दीन-दुखियों के दीपक स्मारिका और बुके भेंट कर उनका सम्मान किया।यह सम्मान जिले के समग्र विकास कार्यों में उनकी सक्रिय भूमिका और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता के लिए दिया। इस अवसर पर डीएम तनय सुल्तानिया ने कहा कि दीपक कुमार अकेला वर्षों से गरीब, लावारिस एवं सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों का इलाज कराकर उन्हें नया जीवन देने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है और दीपक अकेला का सेवा भाव समाज के लिए प्रेरणादायक है।

### लाठीचार्ज के बाद भोजपुर में हुई राजनीतिक बयानबाजी

**आरा**। पटना में छात्र संगठन आइसा (आइसा) के प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा आंसू गैस के गोले, वाटर कैनन और लाठीचार्ज किए जाने के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया। इस घटनाक्रम को लेकर भोजपुर के कांग्रेस और भाजपा नेताओं की ओर से अलग-अलग बयान जारी किए गए हैं। ऑल इंडिया लॉयर्स एसोसिएशन एंड जस्टिस (आइलाज) के राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं अधिवक्ता अमित कुमार गुप्ता उर्फ बंटी ने पटना के बिहार कांग्रेस कार्यालय सदाकत आश्रम पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए कथित हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से विरोध और राजनीतिक गतिविधियों पर हिंसक हमला स्वीकार्य नहीं है तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं भोजपुर के भाजपा की ओर से दावा किया गया है कि कांग्रेस कार्यालय मार्च के दौरान कांग्रेस समर्थकों ने ईंट-पत्थर चलाए, जिसमें कई भाजपा कार्यकर्ता घायल हो गए। भाजपा के अनुसार, भोजपुर से युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विशुद्ध विभु जैन, जिला महामंत्री आदित्य सिंह तथा जिला मंत्री रविश सिंह को चोटें आई हैं। दोनों दलों ने एक-दूसरे पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया है। घटना के बाद पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बल प्रयोग किया। मामले को लेकर राजनीतिक बयानबाजी जारी है।

### लॉकेट चोरी के आरोप में एक को किया गिरफ्तार

**आरा**| आरा रेलवे स्टेशन के स्टेशन परिसर से जीआरपी ने सोने का लॉकेट काट कर भाग रहे एक आरोपी को गिरफ्ताआरा र कर लिया। गिरफ्तार आरोपी गड़हनी थाना क्षेत्र के रतनाढ़ गांव के निवासी अशोक नाथ का पुत्र राजा बाबू है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के पास से एक सोने का लॉकेट बरामद किया है। आरोपी राजा बाबू ने स्वीकार किया है कि वह लॉकेट किसी यात्री के गले से कटकर चोरी किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के ऊपर केस दर्ज कर जेल भेज दिया।

### आंदोलन जारी, सरकार की नीतियों का किया विरोध

**आरा**। जंतर-मंतर पर चल रहे जनसंघर्ष के समर्थन तथा कथित अलोकतांत्रिक पुलिस कार्रवाई, शिक्षा व्यवस्था की बदहाली और असंवेदनशील प्रशासनिक व्यवस्था के विरोध में सिविल सोसायटी, आरा के बैनर तले चल रहा अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। आंदोलन के तीसरे दिन धरना स्थल प्रतिरोध की कविताओं और जनगीतों से गूंज उठा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रतिरोध की कविताओं का पाठ रहा। साहित्यकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और युवाओं ने लोकतंत्र, सामाजिक न्याय, शिक्षा और नागरिक अधिकारों से जुड़ी कविताओं का पाठ कर आंदोलन के प्रति अपनी एकजुटता जताई। कविता पाठ के दौरान नीलाम्बुज सरोज ने रमाशंकर यादव विद्रोही की औरतें, कमलेश कुमार ने विजेंद्र अनिल की कहाँ हैं तुम्हारी फाइलें, जनार्दन मिश्र ने सुनो तानाशाह, कोई सुरक्षित नहीं, धर्मदेव कुमार ने विजेंद्र अनिल की सिलसिले, डॉ. लक्ष्मी कुमारी ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की आग की भीख तथा विजय मेहता ने दुष्यंत कुमार की प्रसिद्ध गजल ये सारा जिस्म झुक कर बोझ से दुहरा हुआ होगा का पाठ किया। इसके अलावा सुशील कुमार ने दुष्यंत कुमार की ग़ज़ल, नंद किशोर यादव ने तानाशाह, आमोद कुमार ने हम आएंगे, फिर लौटकर, व्यास जी ने भड़कता था शोला गोला अनल का तथा आशुतोष पांडेय ने मंच संचालन के साथ सुनील श्रीवास्तव की कविता कविता का समय प्रस्तुत की।

### स्वामी जी ने प्रज्ञा पाण्डेय को किया सम्मानित

**बक्सर**| बुधवार को कथा वाचिका सुश्री किशोरी प्रज्ञा पांडे गंगा धाम आश्रम कम्हरिया बक्सर पहुंची। वहां मौजूद (विराजमान) श्री गंगा पुत्र त्रिदंडी स्वामी जी महाराज का काफी श्रद्धा भाव के साथ दर्शन की, और उनके चरणों में शीश झुकाकर अपने को धन्य समझी। क्योंकि संत का दर्शन भी बहुत भाग्य से होता है। इस कलिकाल में संत का दर्शन दुर्लभ होता है। और संत दर्शन का ही महत्व है। बिना प्रभु के कृपा से संत का दर्शन होना मुश्किल है। इस दौरान श्री गंगा पुत्र त्रिदंडी स्वामी जी महाराज द्वारा धर्म के प्रचार और श्रीमद् भागवत कथा एवं राम कथा की शैली से प्रभावित होकर प्रज्ञा पाण्डेय को अंग वस्त्र आदि से सम्मानित किया गया। उन्होंने प्रज्ञा पांडे के उज्जवल भविष्य को लेकर आशीर्वचन भी दिए। उन्होंने कहा कि इतने कम उम्र में इस प्रकार के कार्य को आगे लेकर चलना, धर्म का प्रचार प्रसार करना अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणादाई है। मौके पर चुन्नू राय आदि उपस्थित रहे।

### आईटीआई में कल कैंपस प्लेसमेंट का होगा आयोजन

**बक्सर**। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बक्सर में 24 जुलाई को कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जाएगा। यह भर्ती बिहार सरकार के युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के तहत आयोजित होगी। आईटीआई बक्सर के प्राचार्य मो. मसूद रशीद ने बताया कि यह आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं के लिए रोजगार पाने का सुनहरा अवसर है। इच्छुक अभ्यर्थी 24 जुलाई को सुबह 10:30 बजे तक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बक्सर परिसर में उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को अपने साथ मैट्रिक एवं आईटीआई के शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बायोडाटा तथा पासपोर्ट साइज फोटो सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज लेकर आना होगा।

# कांग्रेस नेता बुच्चा उपाध्याय की मौत, नीलगाय से टकराई बाइक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। बक्सर जिले के चौसा प्रखंड के खिलाफतपुर निवासी कांग्रेस नेता और बनारपुर पंचायत के पूर्व मुखिया रविंद्र नाथ उपाध्याय उर्फ बुच्चा उपाध्याय (55) का गुरुवार दोपहर सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। उनके निधन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों ने दुख व्यक्त किया है। जानकारी के अनुसार, बुच्चा उपाध्याय गुरुवार दोपहर बक्सर से अपने गांव खिलाफतपुर मोटरसाइकिल से लौट रहे थे। रास्ते में अचानक एक नीलगाय उनके वाहन के सामने आ गई, जिससे बाइक नीलगाय से टकरा गई। इस दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए।



**चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया:** स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल, बक्सर पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर मुफस्सिल थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। रविंद्र उपाध्याय उर्फ बुच्चा उपाध्याय की उम्र लगभग 55 वर्ष थी। वह लंबे समय से कांग्रेस से जुड़े थे और पार्टी ने उन्हें प्रखंड से लेकर जिला स्तर तक कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी थीं। वर्ष 2008 में बनारपुर पंचायत के उपचुनाव में वह लगभग ढाई महीने तक मुखिया रहे थे।

**निधन कांग्रेस परिवार के लिए बड़ी क्षति:** वर्ष 2022 में चौसा नगर पंचायत चुनाव में महिला सीट आरक्षित होने के कारण उन्होंने अपनी पत्नी को चुनाव लड़वाया था। उनकी पत्नी को लगभग दो हजार मत मिले थे और वह चौथे स्थान पर रही थीं। बुच्चा उपाध्याय जिले में एक सक्रिय समाजसेवी के रूप में भी जाने जाते थे। सामाजिक कार्यों के साथ-साथ बच्चों के खेलकूद कार्यक्रमों के आयोजन में भी उनकी सक्रिय भागीदारी रहती थी। पूर्व सदर विधायक संजय तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी ने उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया और शोक संवेदना व्यक्त की। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने कहा कि बुच्चा उपाध्याय पार्टी के समर्पित और कर्मठ कार्यकर्ता थे। उनका निधन कांग्रेस परिवार के लिए बड़ी क्षति है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की।

## छात्र आंदोलन को बदनाम करने की चल रही है साजिश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह ने दिल्ली में छात्र आंदोलन पर हुए लाठीचार्ज और पुलिस कार्रवाई को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्र आंदोलन को दबाने और बदनाम करने के लिए सुनियोजित प्रयास किए जा रहे हैं। सांसद सुधाकर सिंह ने दावा किया कि गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में आंदोलन को कुचलने की रणनीति अपनाई जा रही है। उनके अनुसार, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और गृह मंत्री अमित शाह पर लगे कदाचार एवं भ्रष्टाचार के आरोपों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए यह घटनाक्रम रचा गया है।

**हजारों सीआरपीएफ जवानों को दिल्ली बुलाया गया - सांसद:** उन्होंने यह भी दावा किया कि उन्हें पुख्ता जानकारी मिली है कि देश के विभिन्न हिस्सों, जैसे जम्मू-कश्मीर और पश्चिम बंगाल से हजारों सीआरपीएफ जवानों को दिल्ली बुलाया गया है।



जंतर-मंतर और उसके आसपास बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। उनका आरोप है कि इसका उद्देश्य आंदोलनरत छात्रों पर दबाव बनाना और आंदोलन को कमजोर करना है। सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस समर्थित तत्व, दिल्ली पुलिस के सहयोग से आंदोलन को हिंसक बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा समर्थित लोग पुलिस की मदद से आंदोलनकारी छात्रों के बीच घुसकर उपद्रव का माहौल बना रहे हैं, ताकि आंदोलन को खालिस्तानी, आतंकवादी और नक्सली जैसे नामों से जोड़कर बदनाम किया जा सके।

## करंट लगने से 2 लोगों की मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर जिले में करंट की चपेट में आने से अधेड़ समेत दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना जिले के आयर थाना क्षेत्र के हदियाबाद गांव की है। जहां बुधवार की शाम खेत में सिंचाई करने गए एक किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान जितेंद्र सिंह(55) के तौर पर हुई है। परिजन राजकुमार ने बताया कि वह खेत में बोरिंग से सिंचाई कर रहे थे। उसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गए। गंभीर हालत में आरा सदर अस्पताल लेकर गए। जहां चेकअप के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची।



**बिजली का तार जोड़ते समय हुआ हादसा:** दूसरी घटना तरारी थाना क्षेत्र के कपूर डीहरा गांव की है। जहां करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रौशन यादव(18) घर के बाहर बिजली का तार जोड़ रहा था। उसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। घटनास्थल पर ही उसने दम तोड़ दिया।

**घर में मचा कोहराम:** सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को शव सौंप दिया। मृतक जितेंद्र सिंह के परिवार में पत्नी और दो पुत्र विकास, रूपेश है। जबकि रौशन कुमार अपने दो भाइयों में बड़ा था। उसके परिवार में मां कुसुम देवी और छोटा भाई रंजन यादव उर्फ खकू यादव है।

## मालगोदाम रोड पर जानलेवा गड्ढे

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। रेलवे स्टेशन से मालगोदाम तक जाने वाली सड़क की बदहाल स्थिति चर्चा में है। शहर की व्यापारिक गतिविधियों की सबसे महत्वपूर्ण सड़कों में शामिल यह मार्ग वर्षों से जर्जर है। बारिश में सड़क के बड़े-बड़े गड्ढे पानी से भर जाते हैं। इससे वाहन चालकों के लिए यह रास्ता खतरे से कम नहीं रह जाता। हर दिन माल लदे ट्रक, छोटे मालवाहक वाहन और स्थानीय लोग इसी मार्ग से गुजरते हैं। सड़क की खराब हालत के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे स्टेशन और मालगोदाम को जोड़ने वाला यह मार्ग जिले के व्यापार की जीवनरेखा माना जाता है। खाद, सीमेंट, अनाज और अन्य आवश्यक सामान की ढुलाई इसी सड़क से होती है। लगातार भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क की परत उखड़ चुकी है। जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। बरसात के दौरान इन गड्ढों




में पानी भर जाने से सड़क की वास्तविक स्थिति दिखाई नहीं देती। इससे दुर्घटनाओं की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। बारिश शुरू होते ही सड़क की हालत और खराब हो जाती है। जलजमाव के कारण वाहन चालकों को गड्ढों का अंदाजा नहीं लग पाता। दोपहिया वाहनों के साथ-साथ भारी ट्रकों को भी संतुलन बनाने में कठिनाई होती है। कई बार वाहन फंस जाते हैं। कई बार पलटने की घटनाएं भी सामने आती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क से गुजरना अब जोखिम उठाने जैसा हो गया है। गहराई का पता नहीं चलता : सुपरवाइजर मालगोदाम सुपरवाइजर नितेश दत्त सिंह ने सड़क की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा, "सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों में बारिश का पानी भरा रहता है। पानी के कारण गड्ढों की गहराई का पता नहीं चलता। अक्सर वाहन पलट जाते हैं। इससे माल ढुलाई भी प्रभावित होती है। लोगों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। समस्या बरकरार रहेगी मंडल स्तर पर निर्माण योजना को सहमति नहीं मिली है। ऐसे में समस्या अभी बरकरार रहेगी। -समय सिंह मीणा, रेलवे के सहायक अभियंता मालगोदाम रोड व्यापारिक गतिविधियों की रीढ़ व्यापारियों और स्थानीय लोगों का कहना है कि मालगोदाम रोड केवल एक सड़क नहीं, बल्कि जिले की व्यापारिक गतिविधियों की रीढ़ है। ऐसे में हर साल अस्थायी मरम्मत पर खर्च करने के बजाय स्थायी और गुणवत्तापूर्ण सड़क का निर्माण कराया जाना चाहिए। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में हादसों की संख्या और बढ़ सकती है।

## विद्यालयों में हर महीने चुने जाएंगे सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी और अभिभावक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। जिले के सभी 1093 प्रारंभिक विद्यालयों में 25 जुलाई को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर प्राथमिक शिक्षा के निदेशक कुमार निशांत विवेक ने डीईओ व सर्व शिक्षा अभियान के डीपीओ को पत्र भेजा है। संगोष्ठी में अधिक से अधिक अभिभावकों को शामिल करने के लिए जनप्रतिनिधियों से सहयोग लेने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया गया है कि पीटीएम की सूचना प्रत्येक अभिभावक तक समय से पहुंचे। इसके लिए व्हाट्सएप ग्रुप, मोबाइल फोन, व्यक्तिगत संपर्क, एसएमसी सदस्यों की भी मदद ली जाएग। ताकि विद्यालय व परिवार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो



सके। संगोष्ठी में अधिक से अधिक अभिभावकों को भाग लेने के लिए प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया गया है। पीटीएम के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को वर्गवार स्टूडेंट ऑफ द मंथ व विशेष सहयोग प्रदान करने वाले अभिभावकों को पैरेंट्स ऑफ द मंथ के रूप में सम्मानित किया जाएगा। अभिभावकों से कहा जाएगा कि वे अपने बच्चों को घर पर पढ़ने का कोना बनाकर प्रतिदिन कम से कम एक घंटा पढ़ने के लिए बैठाएं। साथ ही 15-20 मिनट बोल-बोलकर पढ़ने को लेकर बच्चों को प्रेरित करें। मोबाइल व टीवी का समय सीमित कर बच्चों के साथ बातचीत करना व अन्य रचनात्मक गतिविधियों में उन्हें संलग्न कराने के लिए प्रेरित करें। वहीं किताब कॉपी व विद्यालय से मिले गृहकार्यों के बारे में बच्चों से प्रतिदिन चर्चा करने को लेकर भी संवाद होगा। पत्र में कहा गया है कि मई 2025 से बिहार के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में वार्षिक कैलेंडर के अनुसार अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत समावेशी शिक्षा हमारा हर बच्चा महत्वपूर्ण थीम पर 25 जुलाई को संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस बार "हमारा हर बच्चा महत्वपूर्ण" थीम पर अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बच्चों की सीखने की प्रगति, उपस्थिति व आधारभूत साक्षरता पर बात होगी। संगोष्ठी के दौरान समावेशी शिक्षा की अवधारणा, प्रत्येक बच्चे के प्रति संवेदनशील व्यवहार, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की शिक्षा, नियमित उपस्थिति, सीखने में सहयोग व घर पर सकारात्मक शिक्षा वातावरण उपलब्ध कराने जैसे विषयों पर संवाद होगा। बच्चों की उपलब्धियों, प्रतिभाओं व प्रेरक उदाहरणों को अभिभावकों के साथ साझा किया जाएगा।

## पति के पार्थिव शरीर से लिपटकर बिलखती रही पत्नी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। झारखंड के चतरा में गोली लगने से जान गंवाने वाले बक्सर के पुराना भोजपुर निवासी पूर्व असम राइफल्स जवान अतुल कुमार सैनी का पार्थिव शरीर बुधवार को पोस्टमॉर्टम के बाद उनके पैतृक गांव पहुंचा। शव गांव पहुंचते ही पूरे इलाके में मातम छा गया। एंबुलेंस दरवाजे पर रुकते ही परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। पति का पार्थिव शरीर देखते ही पत्नी निक्की देवी खुद को संभाल नहीं सकीं। वह शव से लिपटकर लगातार रोती रहीं और बार-बार कहती रहीं, "बिट्टू... मुझे छोड़कर नहीं जा सकते... उठिए, देखिए मैं आ गई हूं... हमारी बेटी को किसके सहारे छोड़ गए... अब हम कैसे जिएंगे?" पत्नी की यह पुकार सुनकर वहां मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं।

**अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब:** मृतक के पिता लक्ष्मण प्रसाद सैनी, बड़े भाई अमन सैनी, छोटे भाई अक्षय कुमार और बहन साक्षी सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल था। घर के आंगन में मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम थीं। परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे लोग भी अपने आंसू नहीं रोक पाए। शव गांव पहुंचने की सूचना मिलते ही पुराना भोजपुर समेत आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े। गांव की गलियां लोगों से भर गईं। कई लोग अपने घरों की छतों, खिड़कियों और दीवारों पर खड़े होकर अतुल की अंतिम झलक पाने का प्रयास करते दिखे। अंतिम यात्रा में भी भारी जनसैलाब उमड़ा और पूरे गांव ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

**3 साल पहले यूपी की लड़की से हुई थी शादी:** अतुल कुमार सैनी एक शिक्षित और सम्मानित परिवार से थे। उनके पिता लक्ष्मण प्रसाद सैनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में कार्यरत हैं। उनकी माता स्वर्गीय उषा देवी वर्ष 2006 से 2011 तक पुराना भोजपुर पंचायत की सरपंच रह चुकी थीं। अतुल चार भाई-बहनों में दूसरे स्थान पर थे। करीब तीन वर्ष पहले उनकी शादी उत्तर प्रदेश के बलिया



जिले के सहतवार निवासी निक्की कुमारी से हुई थी। उनकी डेढ़ वर्ष की एक बेटी माही कुमारी है। अतुल अपनी पत्नी और बेटी के साथ गया के एपी कॉलोनी में किराये के मकान में रहते थे।

**डेढ़ वर्ष की मासूम बेटी के सिर से पिता का साया उठा:** ग्रामीणों ने बताया कि अतुल कुमार सैनी सरल, मिलनसार और अनुशासित स्वभाव के व्यक्ति थे। असम राइफल्स में सेवा देने के बाद भी उन्होंने अपने व्यवहार और कर्मठता से लोगों का दिल जीता था। उनकी असमय मौत से पूरे इलाके में शोक की लहर है। ग्रामीणों ने कहा कि सबसे अधिक पीड़ा इस बात की है कि डेढ़ वर्ष की मासूम बेटी के सिर से पिता का साया उठ गया। लोगों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए हत्यारोपित को जल्द से जल्द कठोर सजा दिलाने की मांग की। वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और हत्या के कारणों की विस्तृत पड़ताल कर रही है।

**विनीत यादव के निजी सुरक्षा गार्ड थे:** अतुल कुमार सैनी कुछ साल पहले असम राइफल्स की नौकरी छोड़ चुके थे। इसके बाद वह गया जिले के बेलागंज विधानसभा क्षेत्र की विधायिका मनोरमा देवी के बेटे रॉकी यादव उर्फ विनीत यादव के निजी सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत थे। 21 जुलाई मंगलवार दोपहर करीब ढाई बजे रॉकी यादव किसी कार्य से चतरा के पुलिस अधीक्षक अनिमेष नाथवानी से मिलने उनके सरकारी आवास पहुंचे थे। इस दौरान उनके दोनों निजी सुरक्षा गार्ड अतुल कुमार सैनी और बलविंदर सिंह आवास के बाहर वाहन के पास मौजूद थे।

## पियनिया के 3 वार्डों में 5 माह से पेयजल संकट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना उदवंतनगर प्रखंड के पियनिया गांव में दम तोड़ती नजर आ रही है। गांव के वार्ड संख्या 7, 8 और 9 में पिछले पांच से छह महीनों से योजना पूरी तरह ठप पड़ी है। इसका खामियाजा सैकड़ों ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। शुद्ध पेयजल की सुविधा बंद होने से लोगों को निजी चापाकलों और अन्य वैकल्पिक स्रोतों पर निर्भर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत और लिखित आवेदन देने के बावजूद विभागीय अधिकारियों ने समस्या के समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। वार्ड संख्या 9 के वार्ड सदस्य उपेंद्र ठाकुर ने बताया कि नल-जल योजना बंद होने की शिकायत कई बार प्रखंड के पीएचईडी विभाग की कनीय अभियंता प्रोन्नति प्रधान से की गई। इसके अलावा लिखित आवेदन भी दिया गया, लेकिन महीनों बीत



जाने के बाद भी योजना को चालू कराने के लिए कोई पहल नहीं की गई। उन्होंने कहा कि विभाग की लापरवाही का खामियाजा आम ग्रामीण भुगत रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार वार्ड संख्या 7 और 8 में लगभग पांच महीने पहले पानी की टंकी स्थापित कर दी गई, लेकिन अब तक उसका पाइपलाइन से कनेक्शन नहीं जोड़ा गया है। कई स्थानों पर पाइपलाइन भी क्षतिग्रस्त और टूटी हुई है। इसके कारण योजना शुरू ही नहीं हो सकी और लोगों को इसका कोई लाभ नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों और संबंधित ठेकेदार पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द जलापूर्ति बहाल नहीं की गई और क्षतिग्रस्त पाइपलाइन व टंकी की मरम्मत नहीं कराई गई । वार्ड 9 में टंकी क्षतिग्रस्त, पाइपलाइन भी टूटी वार्ड संख्या 9 की स्थिति और भी खराब है। यहां पानी की टंकी गिरकर क्षतिग्रस्त हो गई है, जबकि पाइपलाइन भी कई जगह से टूट चुकी है। इसके चलते पूरे वार्ड में जलापूर्ति पूरी तरह बंद है। ग्रामीणों का कहना है कि कई महीनों से इस स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। मानदेय नहीं मिलने से वार्ड सदस्यों में भी नाराजगी वार्ड सदस्यों का कहना है कि नल-जल योजना की मोटर के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी उन्हें दी गई थी, लेकिन वर्षों से इसके लिए निर्धारित मानदेय का भुगतान नहीं किया।

## संक्षिप्त समाचार

### 10 लीटर देसी शराब के साथ महिला गिरफ्तार, उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई

*मसौढ़ी: *लहसुना थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को एक महिला को करीब 10 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला की पहचान लहसुना थाना क्षेत्र के उस्मांचक गांव निवासी योगेंद्र मांझी की पत्नी देवयनती देवी के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर उस्मानचक मुसहरी में छापेमारी की गई।कार्रवाई के दौरान महिला के कब्जे से करीब 10 लीटर देसी शराब बरामद की गई। बरामद शराब को जब्त कर महिला को गिरफ्तार कर लिया गया.लहसुना थानाध्यक्ष विक्रम कुमार ने बताया कि अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार महिला के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### वैशाली- अपहरण के बाद 10 साल के बच्चे का मर्डर

**हाजीपुर**। वैशाली के राघोपुर में अपहरण के बाद बच्चे की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने किडनैपर को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन बच्चा नहीं मिला है। आरोपी ने बताया है कि हमने बच्चे की हत्या कर गंगा नदी में बॉडी फेंक दी है। 20 जुलाई को 10 साल के अंकुश का घर के बाहर से अपहरण हुआ था। वो दूसरी क्लास में पढ़ता था। अपराधियों ने फोन कर परिवार से 10 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। पैसे नहीं देने पर हत्या की धमकी दी थी। बच्चे के पिता का नाम अनिल पंडित है। वो मजदूर हैं। अपहरण मामले में पुलिस ने गांव के ही किराना दुकानदार मनोज कुमार राय को पुलिस ने हिरासत में लिया था। पूछताछ में उसने बताया कि बच्चे की हत्या कर शव को गंगा नदी में फेंक दिया है। पुलिस अब बच्चे की बॉडी ढूंढ रही है। दरअसल, 20 जुलाई सोमवार को अंकुश दोपहर करीब 11 बजे अपने घर के दरवाजे पर खेलते हुए अचानक लापता हो गया। परिजन ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। दोपहर 2 बजे परिजन ने राघोपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। इसके बाद रात 8 बजे अनिल पंडित के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने पहले 10 लाख रुपए की फिरौती मांगी। बाद में उसने रकम घटाकर 5 लाख रुपए करने की बात कही और धमकी दी कि पैसे न देने पर बच्चे को जान से मार दिया जाएगा। इसके बाद रात 10 बजे तक आरोपियों का 2 बार और कॉल आया। 5 लाख की फिरौती को घटाकर उन्होंने 3 लाख किया फिर 39,000 रुपए पर मान गए। लेकिन परिजन के पैसा देने से पहले बच्चे ने किडनैपर को पहचान लिया। इसके बाद पहचान उजागर होने के डर से आरोपी ने बच्चे की हत्या कर दी।

### महुआ में अनुरक्षक संघ ने दी आत्मदाह की चेतावनी

**हाजीपुर**। वैशाली के महुआ प्रखंड कार्यालय परिसर में नल-जल अनुरक्षक संघ ने प्रदर्शन किया। इस दौरान संघ की जिला अध्यक्ष अजमेरी खातून ने हाथ में जहर का पैकेट दिखाकर आत्मदाह की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे यह कदम उठाने को मजबूर होंगी। अनुरक्षकों का आरोप है कि हाल ही में प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सौरव बरनवाल, मुखिया पति पारसमणी और महुआ थानाध्यक्ष अरविंद प्रसाद पुलिस बल के साथ अजमेरी खातून के घर पहुंचे थे। उन्होंने हड़ताल के बावजूद जबरदस्ती नल-जल आपूर्ति बहाल कराई। इसी घटना के विरोध में यह प्रदर्शन आयोजित किया गया है। जिला अध्यक्ष अजमेरी खातून ने बीडीओ को एक लिखित आवेदन भी सौंपा है। इसमें उन्होंने बताया कि सरकार से मांगें पूरी न होने और कैबिनेट से प्रस्ताव पारित न होने के कारण सभी अनुरक्षक 15 जुलाई, 2026 से हड़ताल पर हैं। इस हड़ताल की सूचना जिलाधिकारी, पंचायती राज पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य हाजीपुर और पुलिस अधीक्षक को लिखित रूप में पहले ही दी जा चुकी है। अजमेरी खातून ने आरोप लगाया कि 19 जुलाई की रात मोहम्मद इस्तखार उनके घर आए और पानी चालू न करने पर धमकी दी। इसके अगले दिन, 20 जुलाई की शाम को वार्ड सदस्य के परिजन मोहम्मद खुर्शीद, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद अनवारुल सहित कई ग्रामीण उनके दरवाजे पर पहुंचे और गाली-गलौच की। उन्होंने बताया कि मुखिया पति से फोन पर बात कर ताला तोड़ने की बात कही गई थी। इस घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई थी और इसकी सूचना बीडीओ को भी दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अजमेरी खातून के अनुसार, 21 जुलाई की शाम बीडीओ, मुखिया पति और पुलिस उनके घर पहुंचे। उन्होंने जबरदस्ती ताला खुलवाकर पानी की आपूर्ति बहाल कराई। इस दौरान उनके साथ कथित तौर पर अभद्र व्यवहार किया गया और धमकी भी दी गई। उन्होंने मांग की है कि दोषियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए, अन्यथा सभी अनुरक्षक प्रखंड कार्यालय के सामने धरना देकर आत्मदाह करेंगे।

### मुजफ्फरपुर में छत पर सोलर पैनल के लिए लोन मेला

**मुजफ्फरपुर**। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत गुरुवार को रामदयालु स्थित विद्युत आपूर्ति अंचल कार्यालय में सोलर लोन मेला आयोजित किया गया। मेले का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान एक ही परिसर में पंजीकरण, बैंक, वेंडर और बिजली विभाग के अधिकारियों की व्यवस्था की गई, ताकि लोगों की तकनीकी, वित्तीय और पंजीकरण संबंधी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा सके। लोन मेले का उद्देश्य आम लोगों को रूफटॉप सोलर लगाने के लिए प्रोत्साहित करना था। उपभोक्ताओं की सुविधा को देखते हुए जिले के सभी 12 विद्युत सब-डिवीजन के लिए अलग-अलग पंजीकरण काउंटर बनाए गए थे। प्रत्येक काउंटर पर संबंधित सहायक विद्युत अभियंता मौजूद रहे और लाभुकों का ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवश्यक दस्तावेजों की प्रक्रिया पूरी कराई गई। बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत पात्र लाभुकों को रूफटॉप सोलर लगाने पर 78 हजार तक की सब्सिडी दी जाती है। मेले का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को योजना से जोड़ना और सौर ऊर्जा के प्रति जागरूक करना है। मेले के दौरान उन उपभोक्ताओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने घरों में रूफटॉप सोलर संयंत्र लगाकर बिजली बिल को शून्य कर दिया है। इसके अलावा जिले में सबसे अधिक सोलर संयंत्र स्थापित करने वाले प्रमुख वेंडरों को भी सम्मानित किया गया। नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एनबीपीडीसीएल) के प्रबंध निदेशक राहुल कुमार ने बताया कि पीएम सूर्य घर योजना के तहत यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले बिना उचित कारण के कई बैंक सोलर लोन आवेदन अस्वीकार कर देते थे। अब इस प्रक्रिया को आसान बनाया गया है। उन्होंने बताया कि सोलर संयंत्र लगाने के लिए 2 लाख तक का लोन बिना सिविल स्कोर की अनिवार्यता के भी उपलब्ध कराया जा सकता है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठा सकें।

### नदियों का जलस्तर बढ़ा, नेपाल में बारिश का असर

**मुजफ्फरपुर**। नेपाल के तराई क्षेत्रों लगातार हो रही बारिश का असर मुजफ्फरपुर में भी दिख रहा है। जिले की प्रमुख नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। स्थिति को देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन विभाग और जल संसाधन विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में हैं। आपातकालीन संचालन केंद्र की ओर से आज सुबह(गुरुवार) 6 बजे जारी दैनिक जलस्तर और बाढ़ पूर्वानुमान आंकड़ों के अनुसार, जिले से गुजरने वाली मुख्य नदियों के गेज स्टेशनों पर पानी का दबाव बना हुआ है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, बागमती नदी का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। कटौझा स्थित गेज स्टेशन पर बागमती का जलस्तर 54.45 मीटर दर्ज किया गया है, जबकि खतरे का निशान .55 मीटर है। पिछले कुछ घंटों में जलस्तर में मामूली गिरावट देखी गई है, लेकिन नेपाल में दोबारा बारिश होने पर यह खतरे के निशान को पार कर सकता है। इस क्षेत्र का अब तक का उच्चतम जलस्तर वर्ष 2021 में 58.34 मीटर दर्ज किया गया था। दूसरी ओर, गंडक नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। रेवाघाट गेज स्टेशन पर गंडक का जलस्तर 53.51 मीटर मापा गया है, जो खतरे के निशान 54.41 मीटर से केवल 0.90 मीटर नीचे है। विभाग के अनुसार, रेवाघाट में नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे तटवर्ती इलाकों के ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। सिकंदरपुर में बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर फिलहाल 50.22 मीटर पर स्थिर बना हुआ है, जो खतरे के निशान 52.53 मीटर से सुरक्षित दूरी पर है।

# पटना में 24 जुलाई को होगा लायंस क्लब्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 322-एम का 'आरोहण' समारोह

**ताज होटल में नवगठित जिला कैबिनेट का होगा शपथ ग्रहण, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी करेंगे उद्घाटन; सेवा कार्यों की नई कार्ययोजना होगी प्रस्तुत**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। लायंस क्लब्स इंटरनेशनल, डिस्ट्रिक्ट 322-एम द्वारा वार्षिक जिला कैबिनेट स्थापना समारोह 'आरोहण' का आयोजन शुक्रवार, 24 जुलाई 2026 को शाम 6 बजे होटल ताज, पटना में किया जाएगा। समारोह में लायनिस्टिक वर्ष 2026-27 के लिए नवगठित जिला कैबिनेट का विधिवत पदस्थापन किया जाएगा तथा बिहार एवं झारखंड में संगठन की सेवा गतिविधियों की नई रूपरेखा प्रस्तुत की जाएगी। समारोह की अध्यक्षता डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन श्रीमती संगीता नंदा करेंगी।

**डॉ. मनोज शाह दिलाएंगे शपथः** समारोह के मुख्य अतिथि एवं स्थापना अधिकारी (Installing Officer) के रूप में लायन डॉ. मनोज शाह, प्रथम अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष, लायंस क्लब्स इंटरनेशनल उपस्थित रहेंगे। वे नवनिर्वाचित जिला कैबिनेट पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे तथा अपने संबोधन में संगठन की वैश्विक सेवा भावना, नेतृत्व और मानवता के प्रति समर्पण पर प्रकाश डालेंगे।

**उपमुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटनः** कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी करेंगे। इस अवसर पर वे समाज सेवा और जनकल्याण के क्षेत्र में लायंस क्लब्स इंटरनेशनल की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। वहीं, पूर्व अंतरराष्ट्रीय निदेशक लायन वी. के. लूथरा भी समारोह को संबोधित करेंगे और संगठन के सेवा मंत्र "We Serve" (हम सेवा करते हैं) को जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का आह्वान करेंगे।




**कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम होंगे आयोजितः** समारोह के दौरान वर्ष 2026-27 के जिला कैबिनेट पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं स्थापना समारोह आयोजित होगा। इसके साथ ही डिस्ट्रिक्ट 322-एम डायरेक्टरी का विमोचन किया जाएगा तथा नवगठित लायंस क्लबों को चार्टर प्रदान कर सेवा कार्यों के विस्तार की औपचारिक शुरुआत होगी। इस अवसर पर उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए प्रेसिडेंशियल एप्रिसिएशन सर्टिफिकेट, रॉकस्टार अवार्ड, प्रेसिडेंशियल अवार्ड तथा एलसीआईएफ (LCIF) डोनर सम्मान भी प्रदान किए जाएंगे। सदस्यता वृद्धि, नेतृत्व विकास और उत्कृष्ट क्लबों को भी सम्मानित किया जाएगा।

**सेवा कार्ययोजना का होगा प्रस्तुतीकरणः** कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट 322-एम की वर्ष 2026-27 की सेवा कार्ययोजना भी प्रस्तुत की जाएगी। इसमें नेत्रदान एवं दृष्टि संरक्षण, निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन, मधुमेह जागरूकता अभियान, रक्तदान शिविर, भूखमुक्त समाज अभियान, पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण, महिला सशक्तिकरण, युवा नेतृत्व विकास, बाल कैंसर सहायता, स्वास्थ्य शिविर तथा आपदा राहत एवं पुनर्वास जैसी जनकल्याणकारी परियोजनाओं को व्यापक स्तर पर संचालित करने की घोषणा की जाएगी।

**बड़ी संख्या में जुटेंगे सदस्यः** लायंस क्लब्स इंटरनेशनल विश्व का सबसे बड़ा सेवा संगठन है, जिसके 200 से अधिक देशों एवं भौगोलिक क्षेत्रों में 14 लाख से अधिक सदस्य मानवता की सेवा में कार्यरत हैं। समारोह में बिहार और झारखंड के विभिन्न लायंस क्लबों के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कार्यक्रम का समापन डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सचिव लायन प्रीति प्रिया के धन्यवाद ज्ञापन, राष्ट्रगान तथा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संगीता नंदा द्वारा औपचारिक समापन घोषणा के साथ होगा।

## तारेगना स्टेशन पर थमी पटना-गया पैसेंजर की रफ्तार इंजन में खराबी से एक घंटे तक यात्री रहे परेशान



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ी**। पटना-गया रेलखंड पर गुरुवार सुबह उस समय यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा, जब पटना से गया जा रही 63245 पैसेंजर ट्रेन तारेगना स्टेशन पर इंजन में आई तकनीकी खराबी के कारण रुक गई। अचानक आई खराबी की वजह से ट्रेन करीब एक घंटे तक प्लेटफॉर्म पर खड़ी रही, जिससे यात्रियों की यात्रा प्रभावित हुई।

जानकारी के अनुसार, ट्रेन अपने निर्धारित समय पर सुबह 8 बजे पटना से गया के लिए रवाना हुई थी। तारेगना स्टेशन पहुंचते ही इंजन में तकनीकी समस्या आ गई। पहले ट्रेन चालक ने स्वयं खराबी दूर करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर रेलवे की तकनीकी टीम को सूचना दी गई।

मौके पर पहुंची तकनीकी टीम ने इंजन की जांच कर खराबी को दूर किया। इसके बाद ट्रेन को सुरक्षित रूप से गया के लिए रवाना किया गया। इस दौरान प्लेटफॉर्म पर मौजूद यात्रियों को इंतजार करना पड़ा। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि तकनीकी खराबी दूर होने के बाद ट्रेन का परिचालन सामान्य कर दिया गया।

## बीड़ी श्रमिकों के बच्चों की छात्रवृत्ति के लिए जागरूकता अभियान, ऑनलाइन आवेदन में दी गई सहायता





**♦ श्रम कल्याण संगठन ने विभिन्न जिलों में लगाए जागरूकता शिविर, पात्र विद्यार्थियों को NSP पोर्टल पर आवेदन प्रक्रिया समझाई**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन श्रम कल्याण संगठन, पटना द्वारा बीड़ी श्रमिकों के बच्चों के लिए संचालित छात्रवृत्ति योजना (2026-27) के प्रचार-प्रसार और ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को आसान बनाने के उद्देश्य से बिहार के विभिन्न बीड़ी श्रमिक बहुल क्षेत्रों में जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। इस अभियान के तहत दलसिंहसराय, बिहारशरीफ और गया स्थित केंद्रों पर आयोजित शिविरों में छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को छात्रवृत्ति योजना की पात्रता, आवश्यक दस्तावेज और आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (NSP) पर ऑनलाइन आवेदन भरने में भी लाभार्थियों की सहायता की गई।

**ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया समझाईः** शिविर के दौरान अधिकारियों ने बताया कि आवेदन करते समय आवश्यक दस्तावेजों को सही तरीके से अपलोड करना और निर्धारित समय-सीमा का पालन करना जरूरी है। पात्र विद्यार्थियों को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर स्वयं आवेदन करने की प्रक्रिया का भी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

**आवेदन की अंतिम तिथि की दी जानकारीः** अधिकारियों ने बताया कि प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है, जबकि पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 31 अक्टूबर 2026 तक किए जा सकते हैं। सभी पात्र विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों से समय रहते आवेदन पूरा करने की अपील की गई।

**योजना का उद्देश्यः** श्रम कल्याण संगठन के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य बीड़ी श्रमिक परिवारों के बच्चों को शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना तथा अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति योजना का लाभ दिलाना है। जागरूकता शिविरों के माध्यम से आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाकर लाभार्थियों तक योजना की पहुंच सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# फतुहा में चाय दुकान के बाहर ऑटो चालक पर फायरिंग, जांघ में गोली लगने से गंभीर घायल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**फतुहा,पटना**। पटना जिले के फतुहा थाना क्षेत्र में गुरुवार को दिनदहाड़े एक ऑटो चालक पर गोलीबारी की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। अज्ञात बदमाशों ने गोविंदपुर स्थित एक चाय दुकान के पास बैठे युवक को निशाना बनाते हुए फायरिंग कर दी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए।


घायल की पहचान कृपाल टोला निवासी धर्मेंद्र कुमार (30) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, वह गोविंदपुर में बजरंगबली मंदिर के समीप स्थित चाय दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान काले रंग की अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार दो अपराधी वहां पहुंचे और बिना किसी बातचीत के उन पर गोली चला दी। गोली उनकी बाईं जांघ में लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़े।



गोली चलने की आवाज सुनते ही आसपास मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर डायल-112 की पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घायल को फतुहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच, पटना रेफर कर दिया। घटना के पीछे की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस आपसी रंजिश, पुरानी दुश्मनी और अन्य संभावित कारणों को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। वारदात में शामिल अपराधियों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। फतुहा थाना प्रभारी श्रीमंत सुमन ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई।

## मुजफ्फरपुर-भागलपुर समेत 4 जिलों में बारिश, 9 में ऑरेंज अलर्ट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। बिहार के कई जिलों का मौसम बदला हुआ है। नालंदा, मुजफ्फरपुर, भागलपुर में तेज बारिश हो रही है। बेगूसराय, पटना समेत कई जिलों में बादल छाए हैं। मौसम विभाग ने 9 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जमुई, जहानाबाद, नवादा, नालंदा, पटना, बेगूसराय, मुंगेर, लखीसराय एवं शेखपुरा में शाम 7 बजे तक भारी बारिश का अलर्ट है। इस दौरान 30-40Kmph की रफ्तार से हवा चल सकती है। बिजली गिरने को लेकर भी चेतावनी जारी की गई है।

25 से 28 जुलाई तक उत्तर बिहार के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। 28 जुलाई को पटना, भोजपुर, बक्सर, गोपालगंज, सारण, वैशाली और सीवान समेत कई जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है बुधवार को पटना, पूर्णिया, बेगूसराय, खगड़िया, मधेपुरा, सहरसा, सुपौल और जहानाबाद में तेज बारिश हुई। कुछ जिलों में आसमान में बादल छाए रहे। वहीं भोजपुर में ठनका गिरने से 2 समस्तीपुर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक बारिश मधेपुरा के पुरैनी में 64.2 मिमी हुई। पटना में 2.8 मिमी बारिश दर्ज की गई।

## 'पुलिस दीदी अभियान' के तहत बच्चों को सुरक्षा और साइबर अपराध से बचाव की दी गई जानकारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नौबतपुर,पटना**। बिहार पुलिस के 'पुलिस दीदी अभियान' के तहत गुरुवार को नौबतपुर स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को व्यक्तिगत सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव और आपातकालीन पुलिस सेवाओं की जानकारी देकर उन्हें जागरूक एवं आत्मविश्वासी बनाना था।



कार्यक्रम में नौबतपुर थाना की एसआई किमी कुमारी ने बच्चों से संवाद करते हुए 'गुड टच' और 'बैड टच' के बीच अंतर को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति अनुचित व्यवहार करे या गलत तरीके से छूने का प्रयास करे, तो बच्चे बिना डर के अपने अभिभावकों, शिक्षकों या किसी भरोसेमंद व्यक्ति को इसकी जानकारी दें और जरूरत पड़ने पर पुलिस की सहायता लें। एसआई ने बच्चों को इंटरनेट और मोबाइल फोन के सुरक्षित उपयोग के बारे में भी जागरूक किया। उन्होंने बताया कि अनजान नंबरों से आने वाले कॉल, मैसेज या किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचना चाहिए।

साथ ही किसी भी व्यक्ति के साथ ओटीपी, पासवर्ड, बैंकिंग या अन्य निजी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को आपातकालीन स्थिति में डायल 112 की सेवा का उपयोग करने की प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही महिला हेल्प डेस्क की भूमिका और छात्राओं एवं महिलाओं को उपलब्ध पुलिस सहायता की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में मौजूद पुलिस अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं के सवालों का जवाब देते हुए उन्हें जागरूक, सतर्क और आत्मविश्वासी बनने के लिए प्रेरित किया। एसआई शुभ नारायण साह भी कार्यक्रम में शामिल रहे।

## तरेगना स्टेशन से हटाए गए परिवारों के समर्थन में उतरे राजद व भाकपा माले, पुनर्वास की मांग तेज





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ी**। तरेगना रेलवे स्टेशन परिसर से वर्षों से रह रहे गरीब परिवारों को हटाए जाने के बाद मामला तूल पकड़ने लगा है। गुरुवार को राजद और भाकपा माले का प्रतिनिधिमंडल घटनास्थल पर पहुंचा और प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि रेलवे प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर उनके आशियाने ध्वस्त कर दिए तथा विरोध करने पर महिलाओं और पुरुषों के साथ मारपीट की गई। भाकपा माले के पूर्व विधायक गोपाल रविदास के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने अनुमंडल पदाधिकारी से तत्काल हस्तक्षेप कर प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और राहत की व्यवस्था करने की मांग की। इसके बाद अनुमंडल प्रशासन ने प्रभावित परिवारों को अस्थायी रूप से सामुदायिक भवन में ठहराने के साथ भोजन, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि वर्षों से रह रहे गरीब परिवारों को वैकल्पिक व्यवस्था किए बिना हटाना मानवीय दृष्टि से उचित नहीं है। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि प्रभावित परिवारों के स्थायी पुनर्वास की शीघ्र व्यवस्था नहीं की गई तो व्यापक जन आंदोलन किया जाएगा।इस मौके पर खेमस के जिला अध्यक्ष नागेश्वर पासवान राजद प्रखंड अध्यक्ष राकेश कुमार पूर्व प्रखंड अध्यक्ष ब्रजनंदन सहाय विनेश चौधरी खेमस के अध्यक्ष मसौढ़ी संजय पासवान सदस्य कमलेश कुमार सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# रांची : बैरिकेडिंग तोड़ कांग्रेस व भाजपा कार्यकर्ता भिड़े, चले पत्थर

एजेंसी। रांची



रांची में नीट और जेपीएससी में कथित गड़बड़ियों को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच सियासी तनातनी अब सड़क पर पहुंच गई है। बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया था। इसके जवाब में कांग्रेस कार्यकर्ता नीट पेपर लीक मामले को लेकर गुरुवार को भाजपा कार्यालय घेराव करने पहुंचे और पुलिस की ओर से लगाई गई बैरिकेडिंग को तोड़ दिया। इसके बाद दोनों दलों के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। दोनों तरफ से जमकर नारेबाजी शुरू हुई और देखते ही देखते मामला हंगामे में बदल गया। दोनों तरफ से पत्थर, टमाटर, अंडे और पानी की बोतलें फेंकी गईं। धक्का-मुक्की के बाद दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चलने की भी बात सामने आई है। इस दौरान घटना की कवरेज कर रहे दो मीडियाकर्मियों के घायल होने की भी खबर है। हंगामे की आशंका को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भाजपा कार्यालय के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। बड़ी संख्या में पुलिस जवानों की तैनाती की गई थी। इसके बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ता एक बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ गए। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर नारेबाजी की। इससे पहले बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के नेतृत्व में निकाले गए मार्च को पुलिस ने सुभाष चौक के पास रोक दिया था। इसके बाद भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता काफी देर तक आमने-सामने रहे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता 'राहुल गांधी चोर है' और 'झारखंड सरकार युवाओं को न्याय दे' जैसे नारे लगाते रहे तो वहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 'वोट चोर गद्दी छोड़ो', 'चंदा चोर गद्दी छोड़ो' और 'नीट पेपर लीक के आरोपी मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो' जैसे नारे लगाए। भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच हुए इस टकराव के बाद हरमू रोड पर काफी देर तक तनाव का माहौल बना रहा। पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग कर स्थिति को नियंत्रित करने में जुटी रही।

# झारखंड के सभी स्थानों पर 26 से 29 जुलाई तक बारिश होने की संभावना



एजेंसी। रांची

राजधानी रांची सहित झारखंड के सभी स्थानों में 26 से 29 जुलाई तक बारिश होने की प्रबल संभावना है। यह जानकारी मौसम विभाग ने गुरुवार को दी। विभाग के अनुसार निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के कारण आने वाले दिनों में राज्य में अच्छी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने बताया है कि 27 जुलाई तक राज्य के विभिन्न स्थानों पर गर्जन के साथ बारिश हो सकती है। इसे लेकर विभाग की ओर से येलो अलर्ट जारी किया गया है। इधर, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश पश्चिमी सिंहभूम के गुड़ाबांधा में 57.4 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। इस दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान दुमका में 32.6 डिग्री और सबसे कम न्यूनतम तापमान लातेहार में 20.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से बादल छाए रहे और हल्की बारिश दर्ज की गई। हल्की बारिश होने से मौसम में ठंड महसूस की गई और सुहाना बना रहा। वहीं, गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री और न्यूनतम 21.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 29.6 डिग्री और न्यूनतम 23.6 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 32 और न्यूनतम 24.6 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 30.1 डिग्री और न्यूनतम 23.2 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### संत जेवियर्स कॉलेज रांची के प्राचार्य ने ऑक्सफोर्ड में प्रस्तुत किया शोध पत्र, जादुगोड़ा-झरिया में खनन विस्थापन का मुद्दा उठाया



**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज, रांची के प्राचार्य डॉ. फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के हैरिस मैनचेस्टर कॉलेज में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी "Shaping the Future: Innovation, Technology & Business in a Changing World" में अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। 20 से 22 जुलाई तक चले इस संगोष्ठी में उन्होंने झारखंड के जादुगोड़ा यूरेनियम खदान और झरिया कोयला क्षेत्रों में खन के कारण होने वाले विस्थापन के सामाजिक और मानवीय प्रभावों पर चर्चा की। शोध में बताया गया कि खनन की वजह से लोगों को घर-जमीन छोड़नी पड़ती है, जिससे उनके जीवन, रोजगार, आय, स्वास्थ्य और सामाजिक स्थिति पर गहरा नकारात्मक असर पड़ता है। जादुगोड़ा और झरिया के प्रभावित लोगों की समस्याओं और संघर्षों का इसमें विस्तार से उल्लेख किया गया है। कार्यक्रम में विश्वभर के विद्वानों और शोधकर्ताओं के साथ सतत विकास और सामाजिक उत्तरदायित्व पर सार्थक चर्चा हुई। संगोष्ठी का संचालन शिक्षाविद् ब्रायन माउंटफोर्ड और एफ. किंग अलेक्जेंडर ने किया।

### अरगोड़ा में चोरी का खुलासा, 17.36 लाख नकद और जगुआर कार बरामद, 2 महिलाओं की गिरफ्तारी

**रांची।** वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के निर्देश पर गठित SIT ने अरगोड़ा थाना क्षेत्र के अशोक नगर में 9 जुलाई को हुई चोरी कांड 172/26 का उद्भेदन कर दिया है। पुलिस ने CCTV और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर छापामारी कर कोलकाता से चोरी में प्रयुक्त ब्लू रंग की जगुआर कार UP78EM0101, 17 लाख 36 हजार 200 रुपये नकद, एक मंगलसूत्र, एक डायमंड और तीन सोने की अंगूठी बरामद की। इस मामले में अंतर्राज्यीय कुख्यात चोर इरफान उर्फ उजाले उर्फ आर्यन, अफरोज उर्फ समीर और नवीन शर्मा की पहचान हुई है। इरफान और अफरोज की पत्नियों गुलशन प्रवीण और शकीला उर्फ लाडली के घर से चोरी के गहने और नकद बरामद कर दोनों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य आरोपी अब भी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है। पुलिस के अनुसार इरफान पर कानपुर, दिल्ली, गोवा, बेंगलुरु, सूरत, हैदराबाद समेत देश के 12 राज्यों में लगभग 80 चोरी के मामले दर्ज हैं। छापामारी दल का नेतृत्व वरीय पुलिस उपाधीक्षक हटिया नीरज कुमार ने किया।

### युवा राजद का राजभवन घेराव, दिल्ली में छात्रों पर अत्याचार के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

**रांची।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के साथ हुए अत्याचार के विरोध में युवा राष्ट्रीय जनता दल झारखंड प्रदेश ने आज राजभवन घेराव कार्यक्रम किया। कार्यकर्ता मोराबादी के बापू वाटिका से पैदल मार्च करते हुए राजभवन पहुंचे और राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज कराया। प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार यादव ने कहा कि जब तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा नहीं होता, घायल छात्रों का समुचित इलाज नहीं होता और दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज मामले वापस नहीं लिए जाते, तब तक युवा राजद का आंदोलन लगातार जारी रहेगा। इस मौके पर अनीता यादव, राजद नेता रवि जायसवाल, कमलेश यादव, क्षितिज मिश्रा, मंतोष यादव, इम्तियाज हुसैन, बारसी, शौकत अंसारी, जफीर खान सहित प्रदेश के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### डीपीएस रांची और आईआईटी-आईएसएम धनबाद के बीच एमओयू, एआई-वीआर-रोबोटिक्स लैब बनेगी

**रांची।** भविष्य उन्मुख शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेल टाउनशिप रांची ने आईआईटी-आईएसएम धनबाद के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस सहयोग के तहत डीपीएस रांची में अत्याधुनिक एआई, वीआर और रोबोटिक्स इनोवेशन लैब स्थापित की जाएगी। यहां छात्रों को अनुभवात्मक शिक्षण के माध्यम से कृत्रिम बुद्धिमत्ता, वर्चुअल रियलिटी, रोबोटिक्स, नवाचार और समस्या-समाधान जैसे भविष्य के कौशल सीखने का अवसर मिलेगा। प्राचार्या डॉ. जया चौहान ने कहा कि यह साझेदारी छात्रों को 21वीं सदी की चुनौतियों के लिए तैयार करेगी और उन्हें जिम्मेदार नवप्रवर्तक व शोधकर्ता बनने में मदद करेगी। इस अवसर पर आईआईटी-आईएसएम धनबाद ने डॉ. जया चौहान को उनके दूरदर्शी नेतृत्व और छात्रों को विश्वस्तरीय अवसर उपलब्ध कराने के लिए सम्मानित भी किया।

### रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कांग्रेस के हिंसक प्रदर्शन की निंदा की, "चोर मचाए शोर" की राजनीति का आरोप

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री एवं रांची सांसद संजय सेठ ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय के घेराव के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं के हिंसक व्यवहार की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विरोध का अधिकार है, लेकिन किसी दल के कार्यालय का घेराव कर टकराव और अराजकता फैलाना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। कांग्रेस ने संवाद की जगह उग्र राजनीति का रास्ता चुना है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। संजय सेठ ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस देशभर में टकराव की राजनीति कर रही है। रांची की घटना भी उसी सोच का नतीजा है। उन्होंने कहा कि झारखंड कांग्रेस "चोर मचाए शोर" की तर्ज पर काम कर रही है। जेपीएससी और प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितता के मुद्दे पर कांग्रेस को सरकार से सवाल करना चाहिए।

# डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने किया सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण, चिकित्सा सुविधाओं की सराहना की

एजेंसी। रांची



जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने बुधवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीटी स्कैन, एमआरआई, पैथोलॉजी, शिशु वार्ड, ऑर्थोपेडिक वार्ड और ओपीडी सहित सभी प्रमुख विभागों का जायजा लिया। उपायुक्त ने मरीजों और परिजनों से सीधे बातचीत कर फीडबैक लिया। परिजनों ने कहा कि "सदर अस्पताल में इलाज बहुत अच्छा हो रहा है। निजी अस्पताल जैसी सुविधाएं और समय पर दवाइयां मिल रही हैं।" निरीक्षण के दौरान डीसी ने छोटे बच्चों को मोबाइल देने से बचने की अपील की। उन्होंने कहा "मोबाइल बच्चों का खिलौना नहीं है। स्क्रीन टाइम से बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर बुरा असर पड़ता है।" अधिकारियों ने बताया कि सदर अस्पताल अब 128 स्लाइड सीटी स्कैन, एमआरआई, टेली-आईसीयू, डायलिसिस, ईसीजी-टीएमटी जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। तीन महीने में कैथ लैब और पेट स्कैन, छह महीने में बोन मैरो ट्रांसप्लांट शुरू होगा। साथ ही सुपर स्पेशियलिटी और रोबोटिक सर्जरी भी जल्द शुरू होगी। सदर अस्पताल को 'मुस्कान अवार्ड' में 96वीं रैंक मिली है। सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए हर 1-2 माह में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक होती है। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# स्वास्थ्य अधिकारियों को मिला मातृ स्वास्थ्य प्रबंधन का प्रशिक्षण

एजेंसी। रांची

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के मैटरनल हेल्थ सेल की ओर से राजधानी में गुरूवार को हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान, समय पर उपचार और प्रभावी प्रबंधन पर राज्य स्तरीय ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स (टीओटी) का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान राज्य के सभी 24 जिलों से 66 स्वास्थ्य अधिकारी और स्वास्थ्यकर्मियों ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण दो चरणों में संपन्न हुआ। पहला चरण 13 से 15 जुलाई 2026 और दूसरा चरण 21 से 23 जुलाई 2026 तक आयोजित हुआ। इस अवसर पर एनएचएम के अभियान निदेशक शशिप्रकाश झा, डायरेक्टर इन चीफ डॉ सिद्धार्थ सान्याल, मैटरनल हेल्थ सेल की स्टेट नोडल ऑफिसर डॉ पुष्पा और आईईसी के स्टेट नोडल ऑफिसर डॉ राहुल किशोर सिंह ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर एनएचएम के अभियान निदेशक शशिप्रकाश झा ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागी अब अपने-अपने जिलों में मास्टर ट्रेनर के रूप में स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षित करेंगे, जिससे राज्यभर में हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान और बेहतर उपचार सुनिश्चित किया जा सके।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना, जिसका पी0आर0 नं0– PR 384709 Building (26-27)_D है को क्रमांक 18,19,20,21 एवं 22 पर अंकित निविदा को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 385638 (District)26-27*D

# मंत्री इरफान ने गोल इंस्टीच्यूट के नीट में सफल छात्रों को सम्मानित किया

एजेंसी। रांची



गोल इंस्टीट्यूट की ओर से गुरूवार को रांची में नीट में सफल छात्रों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने इंस्ट्रीच्यूट से नीट परीक्षा 2026 में सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही है, लेकिन उनका मन उन लाखों छात्रों के दर्द से भी व्यथित है। जिनके सपनों पर पेपर लीक की घटनाओं ने चोट पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि 28 वर्षों की अपनी गौरवशाली यात्रा में गोल इंस्टीट्यूट के18,000 विद्यार्थी नीट परीक्षा में सफल होकर आज भारत और विदेशों में चिकित्सक के रूप में मानवता की सेवा कर रहे हैं। यह किसी भी संस्थान के लिए असाधारण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 के नीट परिणामों में गोल इंस्टीट्यूट का प्रदर्शन अत्यंत उत्कृष्ट रहा है। मंत्री ने कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाओं के कारण अनेक प्रतिभाशाली विद्यार्थी सफलता से वंचित रह गए। उन्होंने आग्रह किया कि ऐसे बच्चों को न्याय दिलाने के लिए सरकार प्रभावी पहल करे, ताकि मेहनत करने वाले किसी भी विद्यार्थी का भविष्य बर्बाद न हो। अंसारी ने कहा कि वे छात्रों और अभिभावकों की इस पीड़ा को पूरी गंभीरता से समझते हैं। युवाओं के हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राज्य में चिकित्सा शिक्षा को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस एवं पीजी सीटों की संख्या बढ़ाई जा रही है ताकि राज्य के अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को अपने ही राज्य में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध हो सके। वर्षों तक झारखंड की चिकित्सा शिक्षा की उपेक्षा हुई, लेकिन अब महागठबंधन सरकार इसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। आने वाले समय में चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में ऐतिहासिक परिवर्तन देखने को मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रांची नगर निगम की महापौर रोशनी खालखो, गोल इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक बिपिन कुमार सिंह, रांची विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ ए. एन. शाहदेव, संट जेवियर्स इंटरमीडिएट कॉलेज, रांची के प्राचार्य फादर अजय अनिल तिर्की, रिम्स फिजियोलॉजी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ शिशिर कुमार, पैनेसिया हॉस्पिटल, रांची के निदेशक डॉ. प्रशांत कुमार सहित बड़ी संख्या में नीट में सफल छात्र-छात्राएं सहित अन्य लोग मौजूद थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मेदिनीनगर, पलामू
बाईपास रोड (झारखण्ड) पिन नं0 822102
Email : eedwsd.medininagar@gmail.com

आवश्यक-सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर अन्तर्गत आमंत्रित अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– DWSD/DT/Med-07/2026-27 (1st Call) (Construction of drilled tube well) जो PR No. 385370 Drinking Water and Sanitation (26-27)_D द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित हैं, को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
मेदिनीनगर

PR 385697 Drinking Water and Sanitation (26-27)_D

### वाईबीएन विश्वविद्यालय में तृतीय परीक्षा समिति की बैठक संपन्न, सभी एजेंडों को मिली मंजूरी

**रांची।** वाईबीएन विश्वविद्यालय, रांची में गुरुवार को वर्ष 2026 की तृतीय परीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो. सत्यदेव पोद्दार ने की। बैठक में परीक्षा नियंत्रक डॉ. श्रवण कुमार सिंह, कुलसचिव डॉ. दीप्ति भार्गव और उप परीक्षा नियंत्रक ई. मुक्ति सरकार सहित सभी सदस्य उपस्थित थे। बैठक में परीक्षा परिणामों की घोषणा, परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया, पीएच.डी. उपाधि प्रदान करने, पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा, परीक्षा समिति में नए सदस्यों के मनोनयन सहित अन्य शैक्षणिक और प्रशासनिक विषयों पर चर्चा की गई।

समाहरणालय, गढ़वा
(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)
कार्यालय :- जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा
Email Id: dcpsgarhwa@gmail.com

–: आम सूचना :–

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मिशन वात्सल्य बाल संरक्षण सेवाएँ योजना अंतर्गत झारखण्ड सरकार की पालन पोषण देखरेख (Foster Care) दिशानिर्देश–2018 संचालित है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य परिवार विहीन बच्चों को पारिवारिक वातावरण में उचित देखरेख, प्यार अपनापन, पहचान एवं भावनात्मक सुरक्षा प्रदान करना है। यह कार्यक्रम बच्चों को परिवार में देखभाल प्रदान करने हेतु एक अस्थायी व्यवस्था है। ऐसे बच्चे जिनके माता–पिता नहीं है या माता–पिता तो है, लेकिन वे अपने बच्चे को किसी कारणवश परिवार आधारित देखभाल करने में सक्षम नहीं होते हैं या ऐसे बच्चे जिन्हें दत्तकग्रहण (गोद लेना) परिवार नहीं मिला है, उन बच्चों को 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक किसी अन्य परिवार में अल्पावधि/दीर्घावधि के लिए पालन–पोषण परिवार से जोड़े जाने हेतु सहयोग प्रदान की जाती है।

पालक माता–पिता की पात्रता :–
1) पति–पत्नी भारतीय तथा झारखण्ड का नागरिक हो।
2) पति–पत्नी दोनों की आयु का 35 वर्ष से अधिक होना तथा उनका शारीरिक, भावनात्मक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होना।
3) भावी माता–पिता का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं हो।

बच्चों की पात्रता :–
1) 6–18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे।
2) जिसके माता–पिता न हो।
3) जिसके माता–पिता बच्चों के समूचित देखभाल करने में असमर्थ हों।

पालन–पोषण देखरेख (Foster Care) योजना की विशिष्ट जानकारी हेतु जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय, पुराना समाहरणालय, प्रथम तल, गढ़वा में सम्पर्क कर आवेदन समर्पित कर सकते हैं।

सम्पर्क सूत्र :–
जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा –6200118854, 7870520029(POIC)
बाल कल्याण समिति, गढ़वा –8271440076

प्रकाशन कार्यालय :–
जिला बाल संरक्षण इकाई का कार्यालय,
(सामाजिक सुरक्षा कोषांग), गढ़वा।

ह/0
उपायुक्त,गढ़वा

PR 385660 Social Welfare,Women and Child Development(26-27).D

झारखण्ड सरकार नगर विकास एवं आवास विभाग
कार्यालय, नगर पंचायत हरिहरगंज (पलामू)
E-Tender Notice

Short Tender Notice No – UDD/HNP/04/2026-27, Dated- 23.07.2026

The Under signed invites overall percentage rate bid for the work of mentioned in table below through e-Procuremet from eligible and approved contractor registered in appropriate class in state Government Department and only UDHD of Jharkhand. The bid shall be submitted online in the Website http://jharkhandtender.gov.in the bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:

| Sl. No. | Tender ID | योजना का नाम | प्राक्कलित राषि | परिमाण विपत्र का राषि | अग्रधन की राषि 2% | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | मद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UDD/HNP/04/2026- 27/01 | Propesed Construction of Aspirational Toilet (9 Seater) At New Sabji Mandi Hariharganj ward no 7 | 3046900.00 | 2814157.00 | 56284.00 | 10000.00 | 03 माह | SBM 2.0 |
| 2 | UDD/HNP/04/2026- 27/02 | Proposed Construction of Aspirational Toilet (9 Seater) at Block Campus Hariharganj ward no 2 | 3046900.00 | 2814157.00 | 56284.00 | 10000.00 | 03 माह | SBM 2.0 |
| 3 | UDD/HNP/04/2026- 27/03 | Proposed Construction of Aspirational Toilet (9 Seater) at Kali Mandir Bhagat Tendua at ward no 14 | 3046900.00 | 2814157.00 | 56284.00 | 10000.00 | 03 माह | SBM 2.0 |
| 4 | UDD/HNP/04/2026- 27/04 | Propesed Construction of Aspirational Toilet (9 Seater) At OLD Bus Stand Hariharganj at ward no 5 | 3046900.00 | 2814157.00 | 56284.00 | 10000.00 | 03 माह | SBM 2.0 |
| 5 | UDD/HNP/04/2026- 27/05 | Propesed Construction of Aspirational Toilet (5 Seater) At Durga Mandir more Vijay Egg Shop Hariharganj at ward no 06 | 2169600.00 | 2003895.00 | 40078.00 | 5000.00 | 03 माह | SBM 2.0 |
| 6 | UDD/HNP/04/2026- 27/06 | Propesed Construction of Aspirational Toilet (9 Seater) At Pahari Mandir/Near Old CHC Araruakhurd at ward no 12 | 3046900.00 | 2814157.00 | 56284.00 | 10000.00 | 03 माह | SBM 2.0 |
| 7 | UDD/HNP/04/2026- 27/07 | Repairing And Renovation of Sanskar Bhavan Hariharganj at ward no 2 | 1504800.00 | 1504800.00 | 30096.00 | 5000.00 | 03 माह | क्षमता सर्वधन मद |

नोटः– आवश्यकता अनुसार शौचालय निर्माण स्थल विवाद या भूमि उपलब्ध नही होने की स्थिति में परिवर्तन किया जा सकता है।
Note : Updated estimated cost should be consdered for earnet Money.

2. Period of availability of tenders online date & time bidding on-line last date of seeking clarification of opening of tender papers are as give below:

| Sl.No. | Procurement Officer | Place of Opening E Tender | Availability of tender on line for bidding | | Date&time of opening bid |
|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F |
| | | | From | To | |
| 1 | Executive officer. Nagar Panchayat Hariharganj | Officer of Executive officer. Nagar Panchayat Hariharganj | Date- 27.07.2026 Time 10:00 A.M | Date- 08.08.2026 Time 05:00 P.M | Date- 10.08.2026 Time 11:00 A.M |

Note : 1. Only e-Tender will be accepted
2. Any change in BOQ can be seen on website http://jharkhandtender.gov.in
3. Further details can be seen on website http://jharkhandtender.gov.in
4. पथ निर्माण विभाग के संकल्प संख्या 2146 (S) दिनांक 09.09.2020 के अनुसार 10 प्रतिशत से न्यून निविदाताओं के लिए Additional Performance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से
(i) 10 से 20% Below की राशि का 20% तथा
(ii) 20% से अधिक Below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागु रहेगा।
6. Helpline Number of E- Procurement cell- 6206017735, 9835305521, 8574103378
7. Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) is to be paid through online mode as per instruction of IT Department. Gov of Jharkhand (Letter No 120, Date 03.10.2023)
Note : - विस्तृत सूचना/नियम एवं शर्ते को UDHD के पोर्टल पर तथा कार्यालय नगर पंचायत हरिहरगंज के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR 385670 District(26-27)D
कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत हरिहरगंज।

# असम में लगातार हो रही भारी बारिश

# सेना ने तेज किया राहत और बचाव अभियान

**गुवाहटी, एजेंसी।** असम में लगातार हो रही भारी बारिश और नदियों के उफान से उत्पन्न भीषण बाढ़ के बीच भारतीय सेना ने राहत और बचाव अभियान तेज कर दिया है। सेना के स्पीयर कोर के अंतर्गत रेड शील्ड डिवीजन के जवान शिवसागर, चराइदेव और जोरहाट जैसे सबसे अधिक प्रभावित जिलों में चौबीसों घंटे राहत कार्यों में जुटे हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, सेना अब तक 700 से अधिक बाढ़ प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचा चुकी है, जबकि 150 से अधिक लोगों को चिकित्सा सहायता भी उपलब्ध कराई गई है। परिवारों तक आपातकालीन राशन, स्वच्छ पेयजल और अन्य आवश्यक राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। दुर्गम और जलमग्न इलाकों में फंसे लोगों तक पहुंचने के लिए सेना के हेलीकॉप्टर लगातार हवाई सर्वेक्षण कर रहे हैं।



### असम में सेना का राहत अभियान तेज

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, सेना के स्पीयर कोर के अंतर्गत रेड शील्ड डिवीजन के जवान बाढ़ प्रभावित शिवसागर, चराइदेव और जोरहाट जिलों में चौबीसों घंटे मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियान चला रहे हैं, जहां लगातार बारिश और नदियों के उफान से विशाल क्षेत्र जलमग्न हो गए हैं। सेना ने बताया कि बचाव दल ने बढ़ते बाढ़ के पानी में फंसे 700 से अधिक लोगों को निकाला है, जबकि प्रभावित क्षेत्रों में तैनात फील्ड टीमों के माध्यम से 150 से अधिक निवासियों को चिकित्सा सहायता प्रदान की गई है। जिससे बचाव अभियानों को प्राथमिकता देने में मदद मिल रही है। वहीं, सेना के इंजीनियर अलग-थलग पड़े गांवों तक संपर्क बहाल करने में नागरिक प्रशासन की सहायता कर रहे हैं। राज्य में इस वर्ष की सबसे भीषण बाढ़ से 25 जिले प्रभावित हुए हैं, जहां 72 लाख से अधिक लोग प्रभावित और 31 लोगों की मौत हो चुकी है ।सेना ने कहा है कि वह प्रभावित लोगों को समय पर सुरक्षित निकालने और मानवीय सहायता की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नागरिक प्रशासन और अन्य आपदा राहत एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रही है।

### राहत सामग्री का लगातार वितरण

अधिकारियों ने बताया कि चुनौतीपूर्ण मौसम के बावजूद राहत अभियान जारी हैं, सैनिक जलमग्न गांवों और जलभराव वाले इलाकों में फंसे परिवारों तक पहुंचने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। सेना ने प्रभावित निवासियों को आपातकालीन राशन पैकेट, स्वच्छ पेयजल और अन्य आवश्यक राहत सामग्री भी वितरित की है, जिससे बाढ़ में फंसे लोगों को तत्काल सहायता मिल सके। बचाव प्रयासों को मजबूत करने के लिए सेना के विमानन हेलीकॉप्टर दुर्गम स्थानों में फंसे लोगों की पहचान करने और बाढ़ की स्थिति का आकलन करने के लिए हवाई सर्वेक्षण कर रहे हैं। हवाई सर्वेक्षण बचाव दल को बाढ़ के पानी से कटे हुए क्षेत्रों में अभियानों को प्राथमिकता देने में मदद कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय सेना के इंजीनियरों को भी अलग-थलग पड़े गांवों तक संपर्क बहाल करने में सहायता के लिए तैनात किया गया है, ताकि पहुंच मार्गों में सुधार किया जा सके और राहत कार्यों में नागरिक अधिकारियों का सहयोग किया जा सके।

## सिक्किम टनल हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 22 हुई, तीन अन्य की तलाश जारी

**गंगटोक, एजेंसी।** एनएचपीसी तीस्ता स्टेज-6 जलविद्युत परियोजना की निर्माणाधीन सुरंग में फंसे श्रमिकों की तलाश के लिए राहत एवं बचाव अभियान गुरुवार देर रात तक लगातार जारी रहा। बचाव दलों ने अत्यंत चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच अभियान को जारी रखते हुए शेष लोगों की तलाश के प्रयास तेज कर दिए हैं। रात लगभग 10 बजे पश्चिम बंगाल के आसनसोल से ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) की दूसरी विशेष बचाव टीम घटनास्थल पर पहुंची और तुरंत अभियान में शामिल हो गई। विभिन्न एजेंसियों की टीम समन्वय के साथ मध्यरात्रि तक लगातार राहत एवं बचाव कार्य में जुटी रहीं। ताजा जानकारी के अनुसार, सुरंग से अब तक 22 मृतकों के शव बरामद किए जा चुके हैं। शेष लोगों की तलाश के लिए विशेष बचाव दल लगातार अभियान चला रहे हैं। नामची जिला प्रशासन तथा संबंधित सभी एजेंसियां स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। साथ ही, बचाव कार्य में जुटी टीमों और प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है। बता दें कि हादसा सोमवार दोपहर को टनल के अंदरमिथेन गैस रिसाव होने के कारण हुई थी। सोमवार से बचाव और आउद्धार कार्य लगातार चल रही है। एनएनपीसी केआधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार टनल के अंदर 25 लोग फंसे हुए थे, गुरुवार सुबह से बांकि के तीन लोगों की तलाशी में टीम जुटी हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्रों को भड़का कर देश में गृहयुद्ध कराना चाहता है विपक्ष

**मुंबई, एजेंसी।** युवा चेतना के राष्ट्रीय संयोजक रोहित सिंह ने विपक्ष पर बड़ा हमला बोला है।



उन्होंने कहा कि संपूर्ण विपक्ष छात्रों और नौजवानों को दिग्भ्रमित करके देश में गृहयुद्ध कराने की साजिश रच रहा है। रोहित सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छात्रों और नौजवानों के प्रति संवेदनशील हैं। भारत सरकार के नेतृत्व में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने राहुल गांधी, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा, 'इनकी सांठ-गांठ विदेशों से है। इनको देश की प्रतिष्ठा, भारतीय संस्कृति और सभ्यता से कोई लेना-देना नहीं है। जिन लोगों ने परिवारवादी राजनीति को अपना आभूषण बनाया है, आज वो भोले-भाले छात्रों को भड़का कर अपनी राजनीतिक रोटी सेंक रहे हैं।' रोहित सिंह ने आगे कहा कि युवा चेतना कश्मीर से कन्याकुमारी तक नौजवानों में जागरूकता अभियान चलाएगी। भारत के छात्रों और नौजवानों का भविष्य प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सुरक्षित है। कांग्रेस और विपक्ष ने हमेशा देश के छात्रों को पीड़ा पहुंचाने का काम किया है।

### योगी के नेतृत्व में उप्र ने मारी बाजी; देश का सबसे बड़ा इलेक्ट्रॉनिक्स हब

**लखनऊ, एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल करते हुए देश का सबसे बड़ा इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण केंद्र बनने की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाया है। कभी इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग के मामले में सीमित पहचान रखने वाला उत्तर प्रदेश आज देश में बनने वाले लगभग 65 प्रतिशत मोबाइल फोन का उत्पादन कर रहा है। यही नहीं, इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट निर्माण में भी प्रदेश की हिस्सेदारी करीब 55 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। इस उपलब्धि ने उत्तर प्रदेश को देश के सबसे बड़े हाईटेक मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित कर दिया है ।नोएडा और ग्रेटर नोएडा को केंद्र बनाकर विकसित हुए औद्योगिक इकोसिस्टम ने इस परिवर्तन में सबसे अहम भूमिका निभाई है। यहां सैमसंग, ओप्पो, वीवो और एलजी जैसे वैश्विक ब्रांड्स बड़े पैमाने पर मोबाइल निर्माण कर रहे हैं। इनके साथ डिक्सन टेक्नोलॉजीज, ऑप्टिमस, पैडजेट इलेक्ट्रॉनिक्स, जेटॉन (जेटवर्क) और भगवती प्रोडक्ट्स (माइक्रोमैक्स) जैसे प्रमुख ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स (ओईएम) और ओरिजिनल डिजाइन मैन्युफैक्चरर्स (ओडीएम) भी संचालित हैं। इससे उत्तर प्रदेश न केवल भारत की जरूरतें पूरी कर रहा है, बल्कि वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स सप्लाई चेन में भी अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज करा रहा है। मोबाइल निर्माण के साथ-साथ प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट उत्पादन का भी सबसे बड़ा केंद्र बन चुका है। सैमक्वांग, होलीटेक, केएचवाई, ख्वाटेक, मिंडा कॉर्पोरेशन, जेवर्ल्ड, शिनसंग सीएंडटी, सनवोडा और ड्रीमटेक जैसी कंपनियां पीसीबीए, डिस्प्ले, कैपेसिटर और अन्य महत्वपूर्ण कंपोनेंट तैयार कर रही हैं। वहीं हायर और पैनासोनिक जैसी कंपनियां उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण में अपने निवेश का लगातार विस्तार कर रही हैं। इससे उत्तर प्रदेश का औद्योगिक आधार पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत हुआ है।

## रायपुर में ईडी के खुलासे से करोड़ों के विदेशी ट्रांजेक्शन का खेल, बेरोजगार को बनाया 'डमी डायरेक्टर'

**रायपुर, एजेंसी।** ईडी की कार्रवाई के बाद रायपुर में करोड़ों रुपये के विदेशी ट्रांजेक्शन का पता चला है। विधानसभा थाना पुलिस ने स्थानीय निवासी संदीप सेठ की शिकायत पर मुंबई के रहने वाले रितेश गुप्ता समेत अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज किया है। संदीप ने आरोप लगाया है कि उन्हें नौकरी का झांसा देकर एक निजी कंपनी का डायरेक्टर बनाया गया। उनके नाम और कथित फर्जी हस्ताक्षरों का उपयोग कर बैंक खाते संचालित किए गए और उन्हीं खातों के माध्यम से करोड़ों रुपये विदेश भेजे गए। दावा किया कि उन्हें डमी डायरेक्टर की तरह इस्तेमाल किया गया। संदीप ने बताया कि वर्ष 2023 में बेरोजगार होने के दौरान मौसेरे भाई रितेश गुप्ता ने उन्हें ठाणे स्थित कांसलीवाल बिजनेस सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड में 50 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन पर डायरेक्टर की नौकरी दिलाई। अधिकांश दस्तावेज उसके घर भेजे जाते थे, जिन पर वह हस्ताक्षर कर वापस भेज देते थे। शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरोपित उन्हें मुंबई ले गया, जहां एसबीएम बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक और आरबीएल बैंक में कंपनी के खाते खुलवाए गए। बैंक रिकॉर्ड में उसे अधिकृत लेनदेनकर्ता के रूप में दर्ज किया गया।

# अग्निवीरों को तोहफा; छत्तीसगढ़ सरकार इन नौकरियों में देगी 10 फीसदी आरक्षण

**रायपुर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ सरकार ने अग्निवीरों के लिए बड़ा ऐलान किया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में दो बड़े फैसले लिए गए। सरकार ने चार साल की सेवा पूरी करने वाले अग्निवीरों को पुलिस, वन और जेल विभाग की सीधी भर्ती में 10 फीसदी आरक्षण देने का फैसला लिया है। सरकार ने किसानों के लिए खाद उपलब्ध कराने को लेकर एक मंत्री-मंडलीय उप समिति गठित करने की भी घोषणा की है।

कैबिनेट ने अग्निवीर सैनिकों को सम्मानजनक रोजगार सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कैबिनेट ने राज्य की तृतीय श्रेणी के पदों (पुलिस विभाग में आरक्षक, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में वनरक्षक और जेल विभाग में प्रहरी) पर सीधी भर्ती में अग्निवीर सैनिकों के लिए 10 फीसदी आरक्षण का प्रावधान पर मुहर लगाई है।

कैबिनेट ने छत्तीसगढ़ के अग्निवीर सैनिकों के लिए छत्तीसगढ़ की सिविल सेवाओं में तृतीय श्रेणी के पदों में रिक्तियों का आरक्षण नियम-2026 बनाए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। इससे सिविल सेवाओं में तृतीय श्रेणी के पदों में अग्निवीरों को 10 फीसदी कोटा मिलेगा। कैबिनेट ने



उक्त निर्णय मुख्यमंत्री की 26 जुलाई 2024 को विधानसभा में की गई घोषणा के पालन में लिया। इस आरक्षण का लाभ उन अग्निवीर सैनिकों को मिलेगा, जिन्होंने सशस्त्र बलों में चार साल की सेवा पूरी करने के बाद वैध सेवा प्रमाण-पत्र के साथ रिटायरमेंट लिया हो। छत्तीसगढ़ सरकार के अनुसार, इस फैसले से अग्निवीर सैनिकों को राज्य की सेवाओं में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। इतना ही नहीं अग्निवीर सैनिकों के अनुभव और अनुशासन का लाभ पुलिस, वन एवं जेल प्रशासन को मिलेगा। कैबिनेट की बैठक में खरीफ और रबी की फसलों के लिए किसानों को उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने और खाद की आपूर्ति, वितरण और प्रबंधन से संबंधित मुद्दे पर सुझाव के लिए मंत्री-मंडलीय उप समिति के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इस उप समिति में उप मुख्यमंत्री, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग को अध्यक्ष बनाया गया है। कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग के कैबिनेट मंत्री, सहकारिता विभाग के कैबिनेट मंत्री और वित्त विभाग के कैबिनेट मंत्री को सदस्य नामित किया गया है।

कृषि उत्पादन आयुक्त उप समिति के संयोजक होंगे। उप समिति जरूरत के अनुसार संबंधित विभागों के अधिकारियों, विषय विशेषज्ञों तथा अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों को बुला सकेगी और उर्वरकों की उपलब्धता और आपूर्ति से जुड़े मुद्दों पर सरकार को सुझाव देगी।

### 111 ब्लॉक रेड जोन में पहुंचे

# पंजाब का भूजल खतरे की आखिरी दहलीज पर, तय सीमा से 56 फीसदी ज्यादा दोहन

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब में भूजल का संकट लगातार गहराता जा रहा है। राज्य अपने वार्षिक दोहन योग्य भूजल संसाधनों की तुलना में 56 प्रतिशत अधिक भूजल निकाल रहा है। केंद्र सरकार ने राज्यसभा में यह जानकारी देते हुए बताया कि ताजा भूजल आकलन के अनुसार पंजाब के 153 आकलन ब्लाकों में से 111 ब्लाक ओवर-एक्सप्लाइटेड श्रेणी में पहुंच चुके हैं। केंद्र ने चेताया है कि सिंचाई के लिए भूजल पर अत्यधिक निर्भरता और पानी की अधिक खपत वाली धान की खेती के कारण राज्य में भूजल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले वर्षों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री सीआर पाटिल




ने बताया कि पंजाब का वार्षिक भूजल पुनर्भरण (एनुअल ग्राउंड वाटर रिचार्ज) 18.60 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) आंका गया है, जबकि वार्षिक दोहन योग्य भूजल संसाधन 16.80 बीसीएम है। इसके बावजूद राज्य में वास्तविक भूजल दोहन इस सीमा से 56 प्रतिशत अधिक दर्ज किया गया है। केंद्र सरकार की ओर से जारी जिला-वार आकलन में संगरूर सबसे अधिक प्रभावित जिला सामने आया है। यहां भूजल दोहन 309.99 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। इसके बाद मलेरकोटला (301.93 प्रतिशत), जालंधर (281.17 प्रतिशत), कपूरथला (242.96 प्रतिशत), मोगा (233.09 प्रतिशत), बरनाला (219.36 प्रतिशत) और पटियाला (208.53 प्रतिशत) का स्थान है। इन जिलों में भूजल का दोहन टिकाऊ सीमा से कई गुना अधिक है।

## 52 लाख कैश, 4 करोड़ का सोना और कई फ्लैट जब्त... तेलंगाना का धनकुबेर इंजीनियर गिरफ्तार

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना में एंटी करप्शन ब्यूरो ने एक सरकारी इंजीनियर के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में बड़ी कार्रवाई की। रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के डिविजनल इंजीनियर मुत्यम वेंकट रमना के घर, ऑफिस और उनके रिश्तेदारों, सहयोगियों और कथित बेनामीदारों से जुड़ी 8 जगहों पर एक साथ तलाशी ली गई। अधिकारियों के मुताबिक, तलाशी में कथित तौर पर अधिकारी की इनकम के जाने-पहचाने सोर्स से कहीं ज्यादा संपत्ति का पता चला। सबूत मिलने के बाद प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। सेरिलिंगमपल्ली और कुकटपल्ली में 4 रेजिडेंशियल फ्लैट मिले, जिनकी ऑफिशियल रजिस्ट्रेशन वैल्यू 1.23 करोड़ रुपये है। इसके अलावा कुकटपल्ली के अंजनेया नगर में 160 स्क्वायर यार्ड में फैली त्व+3 कमर्शियल बिल्डिंग 1.82 करोड़ और सेरिलिंगमपल्ली के गुट्टाला बेगमपेट में 250 स्क्वायर यार्ड में त्व+5 कमर्शियल बिल्डिंग 2.90 करोड़ रुपये की मिली। अपनी पत्नी के नाम पर रजिस्टर्ड 4 कंस्ट्रक्शन फर्मों के जरिए रियल एस्टेट में निवेश किया था। अंजनेया नगर और मूसापेट में 10 रेजिडेंशियल अपार्टमेंट डेवलप किए जा रहे हैं, जिसमें लगभग 20 करोड़ रुपये का



इन्वेस्टमेंट लगा है। अचल संपत्ति के अलावा 52.02 लाख रुपये के बैंट डिपॉजिट, लगभग 4 करोड़ रुपये के 2.09 सोने के गहने, लगभग 45 लाख रुपये की तीन गाड़ियां, 30 लाख रुपये के घरेलू सामान और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, और लगभग 2.5 लाख रुपये की 20 शराब की बोतलें मिलीं। अब तक मिली एसेट्स की ऑफिशियल कीमत 27.65 करोड़ रुपये आंकी है। हालांकि रियल एस्टेट एक्सपर्ट्स का अनुमान है कि मौजूदा मार्केट रेट से मिली संपत्तियों की कुल मार्केट वैल्यू लगभग 100-150 करोड़ रुपये हो सकती है।

## नहीं रहे सपा के दिग्गज नेता आलमबदी आजमी, 5 बार के विधायक का निधन

**आजमगढ़ , एजेंसी।** यूपी के आजमगढ़ के राजनीतिक परिदृश्य के लिए बुधवार की रात दुखद खबर लेकर आई। निजामाबाद विधानसभा क्षेत्र से पांच बार विधायक रहे वरिष्ठ समाजवादी नेता आलम बदी आजमी का लखनऊ के एक अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह कुछ समय से अस्वस्थ थे। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ गई। आलमबदी आजमी अपनी सादगी और ईमानदारी के लिए जनता के बीच मशहूर थे। उनके निधन की खबर से सियासी गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई है।

आलमबदी आजमी की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें 13-14 अप्रैल, 2026 को लखनऊ के मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। इसके बाद मई, जून और जुलाई 2026 में उनका



उसी हॉस्पिटल में लगातार इलाज चला। इलाज के दौरान ही उनकी मौत हो गई। आलमबदी के निधन पर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी ने शोक व्यक्त किया। सपा ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर श्रद्धांजलि दी। इसमें लिखा, 'समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और आजमगढ़ के निजामाबाद विधानसभा सीट से मशहूर विधायक जनाब आलम बदी साहब का निधन बहुत दुखद है! भगवान दिवंगत आत्मा को शांति दे। दुखी परिवार को यह बहुत बड़ा दुख सहने की ताकत मिले। दिल से संवेदनाएं!' 90 वर्ष की उम्र में आलमबादी आजमी के निधन पर आजमगढ़ और समाजवादी पार्टी में शोक की लहर दौड़ गई। आलमबदी आजमी का जन्म वर्ष 1936 में हुआ था। वे मूल रूप से बिंदवल, जयराजपुर (बिलरियागंज), आजमगढ़ के रहने वाले थे। मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और फिर गोरखपुर में नौकरी की। उस समय महात्मा गांधी, सुभाषचंद्र बोस और जवाहरलाल नेहरू के विचारों से प्रेरित होकर उन्होंने राजनीति में कदम रखा। आलमबदी आजमी ने समाजवादी पार्टी से जुड़कर राजनीति में कदम रखा।

## भेड़ें चराई, खेतों में काम, सोलर लैंप में पढ़ा, नीट क्रैक कर डॉक्टर बनेगा किसान का बेटा

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के पुट्टाराज भीमनूर ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से यह साबित कर दिया है कि जब इरादे मजबूत हो तो सफलता के आड़े आने वाली गरीबी और कठिन परिस्थितियां भी हार मान लेती हैं। भेड़ बकरियां चराने वाले पुट्टाराज ने शानदार रैंक के साथ मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी क्रैक कर लाखों गरीब विद्यार्थियों के सामने शानदार मिसाल पेश की है। आमतौर पर छात्र वीकेंड पर मौज मस्ती और घूमना फिरना करते हैं लेकिन कोप्पल जिले के छोटे से गांव हनुमानहल्ली के रहने वाले पुट्टाराज भीमनूर छुट्टियों के दौरान भेड़ें चराते थे और खेतों में काम करते थे। फुर्सत के पलों में वे पिता के साथ बोरवेल व मोटर मरम्मत का काम भी करते थे। अब पुट्टाराज ने नीट यूजी 2026 में एसटी वर्ग में ऑल इंडिया रैंक 694 हासिल कर अपने डॉक्टर बनने के सपने को नई उड़ान दी है। नीट परीक्षा 2026 में उनके 511 अंक है। उनकी ऑल इंडिया 76,000वीं रैंक है। पुट्टाराज ने बताया कि उन्होंने मोरारजी रेजिडेंशियल सरकारी स्कूल, बेवूर से पढ़ाई की। छुट्टियों में घर लौटने पर वह परिवार की आर्थिक मदद के लिए भेड़ें चराते, खेतों में काम करते और पिता के साथ बोरवेल की मरम्मत में हाथ बंटाते थे। वे मवेशियों को चारा-पानी देते और खेतों में पानी लगाते और दादा-दादी की मदद करते थे। इसके बावजूद उन्होंने पढ़ाई कभी नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा, 'मैंने डॉक्टर बनने का सपना कभी नहीं छोड़ा। खेत का काम और भेड़ें चराने के बाद भी, मैंने पढ़ाई के लिए समय निकाला।' श्री विद्यानिकेतन कॉलेज से स्स्ष्ट में 96% और 98% अंक हासिल किए थे। रिपोर्ट के मुताबिक पुट्टाराज ने नीट यूजी 2025 में 390 अंक हासिल किए थे, इतने अंकों पर उन्हें किफायती सरकारी मेडिकल कॉलेज में सीट नहीं मिल सकी। निजी मेडिकल कॉलेजों की मोटी फीस भरना परिवार के लिए संभव नहीं था।



### हिमाचल सरकार का 1800 करोड़ के राजस्व का लक्ष्य रहा अधूरा, जल आयोग के पुनर्गठन पर अब असमंजस

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में राज्य जल आयोग के पुनर्गठन को लेकर असमंजस बना हुआ है। आयोग के अध्यक्ष और दोनों सदस्यों का कार्यकाल 11 अगस्त को समाप्त हो रहा है। जलशक्ति विभाग ने आयोग के भविष्य पर निर्णय के लिए फाइल मुख्यमंत्री कार्यालय भेज दी है। हालांकि, तीन सदस्यीय आयोग पिछले तीन वर्षों से निष्क्रिय है, क्योंकि जल उपकर (वाटर सेस) से जुड़ा मामला न्यायालय में लंबित है। सरकार ने वित्तीय लाभ और जल संसाधनों के पारदर्शी प्रबंधन की मंशा से आयोग का गठन किया था, लेकिन यह संस्था अपने मूल उद्देश्यों को प्राप्त करती नजर नहीं आ रही। जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और सालाना 1,800 करोड़ रुपये के राजस्व लक्ष्य के साथ आयोग का गठन हुआ था। आयोग ने 173 जलविद्युत कंपनियों को 871 करोड़ रुपये के जल उपकर के नोटिस जारी किए थे। कुछ निजी कंपनियों ने शुरुआती दौर में 180 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया।




## संपादकीय

# समावेशी विकास का यूपी मॉडल

किसी भी राज्य की सच्ची प्रगति तभी संभव है जब वहां का नेतृत्व कर्ता क्षेत्रीय असमानताओं को दूर करते हुए प्रदेश के हर कोने, हर वर्ग और हर व्यक्ति के उत्थान के बारे में सोचे। जब राजधानी और महानगर रोशनी से जगमगाते हैं, परंतु दूरदराज के गांव अंधकार में डूबे रहते हैं, तो ऐसा विकास असंतुलित होता है और क्षेत्रीय असमानता को जन्म देता है, जो समाज में असंतोष, पलायन और पिछड़ेपन का कारण बन जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने बीते साढ़े नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश में इसी क्षेत्रीय असमानता को दूर करने का प्रयास कर समावेशी विकास के मॉडल को साकार रूप दिया है। प्रदेश के हर जिले की तस्वीर बदली है तो यह पूरे प्रदेश को समान दृष्टि से देखने की नीति का परिणाम है। पीएम मोदी के विजन और सीएम योगी के मिशन से यूपी के समावेशी विकास का मॉडल न केवल पिछड़े क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ता है, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी विकास का भागीदार बनाता है। मुख्यमंत्री का छोटे-से छोटे जिलों का भी दौरा करना, वहां विकास योजनाओं का उपहार देना इसका उदाहरण व प्रमाण भी है। इस राजनीतिक सत्य को झुठलाया नहीं जा सकता कि देश की सत्ता का रास्ता यूपी से होकर जाता है, फिर भी इस सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य में क्षेत्रीय असमानता को दूर करने की कभी कोशिश नहीं की गई। एक दशक पहले की यूपी की तस्वीर देखें तो पूर्वांचल का पिछड़ापन, बुंदेलखंड का सूखा और पश्चिम के छोटे जिलों की उपेक्षा स्पष्ट रूप से दिखाई देगी। विकास की रोशनी कुछ गिने-चुने शहरों तक सीमित थी और तत्कालीन सरकारों को अंधकार में डूबे एक बड़े भूभाग की कोई चिंता न थी। यह भूभाग सरकारों की नीतिगत प्राथमिकता में थे ही नहीं। सत्ता परिवार और जाति के दायरों में सिमटी थी और विकास का दायरा भी वहीं तक सीमित था। पिछली सरकार का कार्यकाल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जब राजधानी लखनऊ के अतिरिक्त इटावा और मैनपुरी ही उनकी प्राथमिकताओं में था। शामली, अमरोहा, संभल, बस्ती जैसे जिलों का नाम विकास के नक्शे पर दिखाई ही नहीं देता था। लेकिन, अब ऐसे जिलों की तस्वीर भी बदली नजर आ रही है। कोई मुख्यमंत्री यदि लगातार स्वयं जिलों में जाता है तो वह यह संदेश भी देता है कि अब विकास किसी परिवार विशेष या क्षेत्र विशेष की बपौती नहीं, बल्कि हर जिले, हर तहसील, हर गांव का अधिकार है। हाल के हफ्तों के दौरे इसकी बेहतरीन मिसाल हैं। मुख्यमंत्री ने अमरोहा और संभल जैसे अपेक्षाकृत छोटे और पहले उपेक्षित रहे जिलों का दौरा किया और इन दोनों जिलों में 776 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। आज संभल, चंदौसी, गुन्नौर और असमोली जैसे विधानसभा क्षेत्र विकास कार्यों के केंद्र के रूप में सामने आ रहे हैं। इसी तरह शामली जिला है जो लंबे समय तक बड़ी योजनाओं की सूची से बाहर रहा। मुख्यमंत्री ने वहां के कैराना क्षेत्र का भी दौरा किया। शामली के साथ ही उन्होंने बिजनौर और गाजियाबाद का एक साथ दौरा कर लगभग 2500 करोड़ रुपये की 255 से अधिक विकास परियोजनाओं की सौगात दी, जिसमें अकेले शामली, कैराना और थानाभवन क्षेत्र को 581 करोड़ रुपये से अधिक की 89 परियोजनाएं मिलीं। अयोध्या के भव्य विकास की चर्चा तो स्वाभाविक रूप से होती रही है, लेकिन मुख्यमंत्री का ध्यान वहीं तक सीमित नहीं रहा। अयोध्या दौरे के तुरंत बाद मुख्यमंत्री बस्ती जिले के हरैया क्षेत्र पहुंचे, जहां लगभग 504.34 करोड़ रुपये की लागत वाली 77 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास हुआ, जिसमें 27 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय का भूमि पूजन भी शामिल था। अयोध्या और बस्ती को मिलाकर इस एक दौरे में 937 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं जमीन पर उतारी गईं। यह दिखाता है कि सरकार की प्राथमिकता में केवल बड़े और चर्चित शहर नहीं, बल्कि हरैया जैसी छोटी तहसीलें भी शामिल हैं, जिनका नाम पहले कभी विकास योजनाओं की सुर्खियों में नहीं आता था। विकास की समान दृष्टि मुख्यमंत्री योगी की सुनियोजित शासन-शैली का हिस्सा है। उनके इन दौरों की एक और खासियत यह है कि परियोजनाओं की प्रकृति बेहद व्यावहारिक और जनोपयोगी है। पशु चिकित्सालय, राजकीय महिला आईटीआई, कंपोजिट विद्यालय, पीएसी वाहिनी, कर विभाग कार्यालय जैसी बुनियादी संरचनाएं सीधे आम आदमी के जीवन से जुड़ी हैं। यह रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने वाला अवसंरचनात्मक निवेश है। व्यापक आर्थिक तस्वीर भी इस स्थानीय बदलाव की पुष्टि करती है। 2016-17 में उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय जहां लगभग 43 हजार रुपये थी।

*यह बेहद निराशाजनक है कि निगरानी तंत्र में गंभीर खामियां पाई गईं। हर स्तर पर कोताही दिखी। जब इस पर भारी वाद-विवाद होने लगा, तो राजनीतिक खांचों में बंटे लोग आमने-सामने आ गए। इस मुद्दे पर अजीब तस्वीर सामने आने लगी। मंदिर सचालकों में भी कई लोग बंटे नजर आए। जब न्यास की बैठक हुई तो कोषाध्यक्ष ही मुखर दिखाई दिए। वैसे तो कोषाध्यक्ष का दायित्व बड़ा होता है।*

# धर्म की आड़ में आस्था से विश्वासघात-मंदिरों के चढ़ावे में अनियमितताओं पर गंभीर सवाल

**(सुरेश सेठ)**

भारत की धार्मिक आस्था उसकी सबसे बड़ी सांस्कृतिक शक्ति है लेकिन मंदिरों के चढ़ावे में कथित वित्तीय अनियमितताओं ने श्रद्धालुओं के विश्वास को झटका दिया है। विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोगों की आस्था के बीच भारत की छवि विविधतापूर्ण देश की है। यही इसकी खूबसूरती है। इसे आस्था से परिपूर्ण धर्मपरायण देश भी माना जाता है। यहां करोड़ों लोग अपने-अपने धर्म का समर्पित भाव से पालन करते हैं। इससे उन्हें जीवन में नैतिकता से लेकर मर्यादा तक की सीख मिलती है। वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए संतुष्ट भाव से जीवन जीते हैं। यह धर्मपरायणता ही है कि जहां बड़ी संख्या में लोग अमरनाथ की दुरूह यात्रा करते हैं और तमाम कष्ट सह कर तथा खतरे का सामने करते हुए भी अपनी आस्था व्यक्त करते हैं। इसी तरह लाखों लोग कुंभ स्नान के लिए एक स्थान पर जुट जाते हैं। यानी हमारी धार्मिक मान्यताएं इतनी गहरी हैं कि एक विश्वास के सहारे हम पूरा जीवन गुजार देते हैं। मोक्ष और मुक्ति की उम्मीद लिए चलते रहते हैं। हम अपने देश में आस्था के विभिन्न रूप देखते हैं और उनका सम्मान करते हैं। मगर देश को धर्म और धार्मिकता के अंतर को भी समझना होगा। मनुष्य के लिए धर्म महत्त्वपूर्ण है। मगर जिस तरह से पिछले कई वर्षों में धार्मिकता का दोहन किया गया और आस्था को ठेस पहुंचाई गई, यह चिंता का विषय है। सामूहिक रूप से धर्म के प्रति समर्पित होना कोई गलत नहीं। इसी से हमने अपना सांस्कृतिक इतिहास रचा है और मन की शांति के लिए अपने धर्मस्थलों का निर्माण किया है। इनमें श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या भी है। कारसेवकों के बलिदान और त्याग के बाद मंदिर का निर्माण हुआ। जब इसका उद्घाटन हुआ था, तो देश-विदेश में लाखों लोग पूजा-अर्चना कर रहे थे और अपना जन्म सफल कर रहे थे, लेकिन इस सामूहिक धार्मिकता में आडंबर आ गया। फिर इसी के साथ शुरू हो गया आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला। देखते ही देखते वोटों की राजनीति भी शुरू हो गई। पिछले दिनों देशवासियों को व्यथित करने वाली जानकारी सामने आई। पता चला कि श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में चढ़ाई गई राशि में भारी गोलमाल हुआ है। सवाल है कि मंदिर में न्यास होने और पूरी व्यवस्था के बावजूद दान तथा चढ़ावे की चोरी कैसे और क्यों हुई? ताज्जुब है कि लाखों-करोड़ों रुपए इधर से उधर होते रहे और इसकी भनक तक नहीं लगी। जिम्मेदार लोग आंखें मूंदे रहे। इन जिम्मेदार लोगों में न्यास के कर्ताधर्ता-सदस्य, नोट गिनने वाले लोग और गिनवाने वाले बैंक तथा उन पर नजर रखने वाले सीसीटीवी कैमरे के संचालक सब शामिल थे। सवाल यह है कि इन सबके रहते अमानत में खयानत कैसे होती रही। शुरू में तो विश्वास ही नहीं हुआ कि चढ़ावे की राशि भी गायब की जा सकती है। विवाद गहराया और लोगों का आक्रोश बढ़ा, तो सरकार हरकत में आई और एसआइटी गठित कर दी। इसने जो पहली रिपोर्ट दी, उसमें चिंता की बात यही थी कि चोरी हुई है। चढ़ावे को गिनने के स्थान पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे से पता चल रहा था कि मंदिर में चोरी हुई। जिन आरोपियों को संदेह के घेरे में लिया गया, उनकी और परिवारजनों की संपत्ति में बढ़ोतरी देखी गई। यह बेहद निराशाजनक है कि निगरानी तंत्र में गंभीर खामियां पाई गईं। हर स्तर पर कोताही दिखी। जब इस पर भारी वाद-विवाद होने लगा, तो राजनीतिक खांचों में बंटे लोग आमने-सामने आ गए। इस मुद्दे पर अजीब तस्वीर सामने आने लगी। मंदिर संचालकों में भी कई लोग बंटे नजर आए। जब न्यास की बैठक हुई तो कोषाध्यक्ष ही मुखर दिखाई दिए। वैसे तो कोषाध्यक्ष का दायित्व बड़ा होता है, लेकिन यहां पता चला कि वे तो रुपए और चढ़ावा गिनने के बाद जो रिपोर्ट आती थी, उसी का ही हिसाब-किताब रखते थे। गौरतलब है कि कुछ लोगों को जिम्मेदार ठहराए जाने के बाद जिस तरह की राजनीति होने लगी, उससे लोगों की आस्था डगमगा गई। इस प्रकरण के बाद बद्रीनाथ मंदिर में भी अनियमितता की खबरें आने लगीं। इस मामले में जांच हुई, तो समिति के अध्यक्ष के निजी सहायक को निलंबित कर दिया गया और बाद में उसकी गिरफ्तारी भी हुई। यह मामला तब सुर्खियों में आया, जब सोशल मीडिया पर मंदिर में चढ़ावे की गिनती के दौरान कथित गड़बड़ी के वीडियो और आरोप सामने आए। एक संगठन ने शिकायत दर्ज कर निष्पक्ष जांच और प्राथमिकी की मांग की थी। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उत्तराखंड सरकार ने पिछले सप्ताह तीन सदस्यीय उच्च स्तरीय जांच समिति बनाई। राम मंदिर के बाद बद्रीनाथ धाम और फिर दूसरे मंदिरों में वित्तीय अनियमितताओं की जिस तरह की खबरें आ रही हैं, इससे लगता है कि धर्म की आड़ में आस्था से विश्वासघात किया जा रहा है। इस तरह धर्म के नाम पर आडंबर और राजनीति में देश उलझ गया है। राजनीतिक और सामाजिक बहसों में यह तर्क भी दिया जाता है कि जिन्होंने मंदिर बनाने में कोई त्याग नहीं किया, उनको इस मामले में नहीं बोलना चाहिए। फिर एक और मत भी जनता के सामने रखा जाता है कि जिस व्यक्ति ने अपनी पूरी आयु लगा कर मंदिर को संभव बनाया वह ऐसा नहीं हो सकता। अगर उनके सहयोगी दान और चढ़ावे में घपला करते पकड़े जाएं, तो इसमें उनका क्या दोष? जिस व्यक्ति पर ठीकरा फोड़ा गया, वह न्यास के महासचिव का चालक था। विचित्र बात है कि बड़े लोगों पर दोषपूर्ण प्रबंधन और लापरवाही के आरोप लगते हैं, लेकिन पकड़े जाते हैं साधारण लोग। सीसीटीवी फुटेज में साधारण कर्मचारी ही दिखाई देते हैं। आज इस पूरे परिदृश्य को देख कर आम आदमी स्तब्ध है। वह सोच रहा है कि यह कैसा माहौल है, जहां धर्म-कर्म से जुड़े लोग ही अधर्म करते रहे और उनकी आस्था को ठेस पहुंचाते रहे। काजल की कोठरी से प्रमुख चेहरों को बेदाग निकालने की कोशिश भी लोगों को बेचैन करती रही। होना तो यह चाहिए कि जो दोषी हैं उनको कठघरे में लाया जाए। केवल छोटी मछलियां पकड़ कर ही नहीं बैठ जाना चाहिए, हो सकता है कि बड़े मगरमच्छ अब भी कहीं छिपे हुए हों। उन्हें पकड़ना आवश्यक है, क्योंकि अगर उनको पकड़ा नहीं गया, तो आरोपों और कुप्रबंधन का यह सिलसिला चलता रहेगा। भविष्य में भी चढ़ावे सुरक्षित नहीं रहेंगे। असल में आज धार्मिक स्थलों की व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव लाने की जरूरत है। इन स्थानों पर पर जो करोड़ों का चढ़ावा चढ़ता है, उसे तहखानों में बंद करके रखने के बजाय उसके वित्तीय प्रबंधन की पुख्ता व्यवस्था हो। धार्मिक स्थल तो आत्मशुद्धि और आत्म परिष्कार का स्थान है। वहां लोगों ने अपने गाढ़े पसीने की जो कमाई चढ़ावे में दी है, उसका इस्तेमाल वंचित वर्ग की बेहतरी के लिए होना चाहिए। इससे शिक्षा संस्थान खोले जाएं। दान राशि से अस्पताल और वृद्धाश्रम भी खोले जा सकते हैं। ये सुझाव किसी को क्रांतिकारी लगते हैं, तो इसे दरकिनार कर सवालों का सामना तो किया जाए।

# भारतीय रेलवे में नई हाइड्रोजन क्रांति, प्रधानमंत्री ने कई रेलवे स्टेशनों का भी दिया उपहार

**(मृत्युंजय दीक्षित)**

भारत की स्वदेशी हाइड्रोजन ट्रेन अन्य देशों की तुलना में सबसे कम लागत मात्र 136 करोड़ रुपए में बनी है। ट्रेन की सामान्य ऑपरेशनल स्पीड 75 किमी प्रति घंटा होगी। ट्रायल रन के दौरान इसने 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार प्राप्त की थी। यह ट्रेन एक घंटे में 90 किमी का सफर तय कर सकती है। जुलाई 17, 2026 का दिन भारतीय रेलवे के लिए एक स्मरणीय दिन बन गया है क्योंकि इस दिन रेल यातायात में विकसित भारत के नये युग का सूत्रपात हुआऔर भारत को हाइड्रोजन ट्रेन का उपहार मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरियाणा के जींद रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर इसका उद्घाटन किया। अब भारत उन चुनिन्दा देशों की श्रेणी में शामिल हो गया है जहां हाइड्रोजन ट्रेनों का संचालन हो रहा है।अभी तक जर्मनी, फ्रांस और चीन जैसे देश ही इस प्रकार की ट्रेनों का संचालन कर रहे थे । जींद-सोनीपत मार्ग पर चलने वाली यह ट्रेन शून्य कार्बन उत्सर्जन वाली 10 कोच और 3,200 हार्स पावर क्षमता वाली दुनिया की सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेनों मे शामिल है। यह ट्रेन पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक से तैयार की गई है। हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक से चलने वाली इस ट्रेन में हाइड्रोजन से बिजली बनाई जाती है जिससे ट्रेन संचालित होती है। इस प्रक्रिया में केवल जलवाष्प निकलती है इसलिए इससे शून्य कार्बन उत्सर्जन होता है। यह ट्रेन डीजल ट्रेनों की तुलना में प्रदूषण नहीं फैलाती, आवाज भी कम करती है और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करती है। इसके लिए पारपंरिक इलेक्ट्रिक ट्रेनों की तरह मार्ग पर ओवरहेड बिजली लाईन की जरूरत भी नहीं होती क्योकि बिजली ट्रेन के भीतर ही तैयार होती है। ऐसी ट्रेनों के संचालन से कोयला आधारित बिजली उत्पादन पर निर्भरता कम होगी। यह 10 कोच वाली दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेनों में शामिल है। यह अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त ट्रेन है जो बाहर से देखने में तो साधारण ट्रेनों की तरह ही लगती है किन्तु जब यात्री ट्रेन के कोच में बैठकर यात्रा करते हैं तो उन्हें एक अलग प्रकार की सुखद अनुभूति होती है। ट्रेन में आधुनिक सुरक्षा प्रणाली, हाइड्रोजन लीक डिटेक्शन सिस्टम और विशेष फ्यूल सेल तकनीक का उपयोग किया गया है। इस ट्रेन में यात्रियों के लिए टिकट का मूल्य 5 से 25 रुपए तक रखा गया है ताकि आम से खास तक सभी वर्ग के लोग इस पूर्ण रूप से स्वदेशी तथा प्रदूषण रहित ट्रेन की आरामदायक यात्रा का लाभ उठा सकें। भारतीय रेलवे की पहली हाइड्रोजन ट्रेन हरियाणा में जींद से सोनीपत के बीच 89 किमी प्रतिदिन दो राउंड ट्रिप यानी कुल 356 किमी का सफर तय करेगी। यह हाइड्रोजन ट्रेन जींद सिटी, गोहाना, पांडु पिंडारा, ललित खेड़ा, भंभेवा, इसापुर खेड़ी, बुटाना, खंडराई, राबरा, लाथ, मोहाना और सोनीपत स्टेशन पर रुकेगी।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6161

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | 9 | | 2 | |
| | | 9 | 2 | 1 | 6 | | | 5 |
| 5 | | | 8 | | 4 | | | |
| | 6 | | | | | 4 | | |
| 3 | 7 | | | 4 | | | 6 | 1 |
| | | 2 | | | | | 5 | |
| | | | 9 | | | | | 3 |
| 7 | | | 3 | 8 | 5 | 2 | | |
| | 3 | | 4 | | 1 | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6160

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 5 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 9 | 8 | 3 | 2 | 4 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 5 | 9 | 7 | 6 |
| 7 | 8 | 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 9 | 7 | 5 | 2 | 4 | 3 | 8 | 1 |
| 4 | 2 | 5 | 1 | 3 | 8 | 7 | 6 | 9 |
| 3 | 1 | 8 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 | 4 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज अपने पैसों को लेकर सही योजना बनाने से आपकी स्थिति मजबूत होगी। जल्दबाजी में चीजें खरीदने पर रोक लगाएं। आपका कोई रुका हुआ पैसा या पुराना अटका हुआ मामला आज सुलझने की दिशा में बढ़ सकता है। जोखिम वाले कामों से पूरी तरह दूर रहें और बड़ी खरीदारी से पहले अपने बजट को एक बार अच्छे से देख लें।

### वृष
आपको पैसों को नियम से संभालने में मदद करेंगे। पूरी खोजबीन और सही जानकारी के बाद किया गया निवेश ही आगे चलकर फायदेमंद साबित होगा। आज अपने किसी बहुत करीबी या भरोसेमंद व्यक्ति को भी बिना लिखा-पढ़ी के उधार देने से पूरी तरह बचें। आज आपका मेहनत से काम करने का तरीका बड़े अधिकारियों को प्रभावित करेगा।

### कर्क
आपकी सही योजना आज पैसों के मामले में पूरी तरह आपके हक में काम करेगी। तुरंत लाभ कमाने के शॉर्टकट से दूर रहें और सिर्फ लंबी अवधि की सुरक्षित बचत पर ही ध्यान लगाएं। जमीन-जायदाद से जुड़े मामलों में कागजी कार्रवाई को बहुत ध्यान से पूरा करें। आपका अनुशासित स्वभाव दफ्तर में आपके लिए आदर बढ़ाएगा।

### सिंह
आज भाग्य आपको पैसों के मामले में अनुशासन सिखा रहे हैं। फालतू के खर्चों को कम करने और किसी भी मुश्किल समय के लिए अपनी बचत को मजबूत करने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। भावनाओं में बहकर किसी भी तरह का कोई आर्थिक वादा न करें। धीरज और लगन से की गई मेहनत आज आपको धीरे-धीरे सफलता की ओर ले जाएगी।

### मिथुन
आज बैंक के कामों, निवेश और ऑनलाइन पैसों के लेन-देन में बहुत ज्यादा सावधान रहें। जल्दबाजी में धन का कोई भी फैसला करने से बचें। आज से शुरू की गई नई बचत योजनाएं आने वाले महीनों में आपकी आर्थिक स्थिति को बड़ी मजबूती देंगी।

### कन्या
आज आपकी ही राशि में रहकर नए विचार देंगे, लेकिन बुध देव की उल्टी चाल को देखते हुए सुनी-सुनाई बातों या अफवाहों के चक्कर में कहीं भी पैसा न फंसाएं। तकनीक या डिजिटल माध्यम से जुड़े कामों से धीरे-धीरे आपकी कमाई में सुधार देखने को मिलेगा।

### तुला
आज आपकी आर्थिक स्थिति को लंबा लाभ मिलेगा। घर-परिवार की जरूरतों पर कुछ धन लग सकता है, लेकिन सही बजट बनाने से आपका संतुलन बना रहेगा। सुख-सुविधा की महंगी चीजों पर फिजूलखर्ची से बचें और सुरक्षित निवेश पर ध्यान दें। नौकरी में आज आपकी मेहनत को पहचान मिलेगी।

### वृश्चिक
आज आपकी ही राशि में बैठे हैं, जिससे अपने रहन-सहन और आराम पर पैसा खर्च करने का मन करेगा। अपनी खुशी के लिए खर्च करें, लेकिन अपने तय बजट से बाहर बिल्कुल न जाएं। आपके नए विचार धन कमाने का एक जरिया बन सकते हैं, बस जोखिम वाले कामों से अभी दूर रहें। दफ्तर की बैठकों और बातचीत में आज आपका भरोसा बहुत ऊंचा रहेगा।

### मकर
आज भाग्य आपको पैसों के सही फैसले लेने में मदद करेंगे। साझे धन या साझेदारी के मामलों में आज खुलकर बातचीत करना अच्छा रहेगा। कोई भी ऐसा आर्थिक वादा आज न करें जिसे निभाना आपके बजट के बाहर हो जाए। आपका शांत और सुलझा हुआ व्यवहार दफ्तर के झगड़ों को दूर करने में बहुत काम आएगा। आज सबके साथ मिलकर काम करने से ही आपको बेहतर नतीजे मिलेंगे।

### कुंभ
आज पैसों के मामलों में किसी भी तरह का आर्थिक खतरा उठाने से पूरी तरह बचें। सही प्लानिंग के बल पर आप आने वाले खर्चों को बहुत आसानी से संभाल लेंगे। टैक्स, इंश्योरेंस या निवेश के कागजात को दोबारा अच्छे से देखना आपके हक में रहेगा। आपकी लगन और पक्का इरादा आज मुश्किल काम को भी समय पर पूरा करा देगा। मित्रों या संपर्कों के माध्यम से काम के कुछ छिपे हुए अच्छे मौके सामने आ सकते हैं।

### धनु
आज अपने पैसों के हिसाब-किताब को तरतीब से सजाने और पुराने बिलों को चुकाने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। फालतू के खर्चों से खुद को दूर रखें और अपनी बचत को नियम से आगे बढ़ाएं। आज की गई छोटी-छोटी नियमित बचत ही भविष्य में आपकी सबसे बड़ी सुरक्षा बनेंगे। आज दफ्तर में आपके काम की बारीकी ही आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगी।

### मीन
आज यात्रा, शिक्षा या ऑनलाइन कामों के माध्यम से धन लाभ के कुछ नए रास्ते खुल सकते हैं। किसी भी आर्थिक समझौते पर साइन करते समय बहुत आंखें खुली रखें। कुछ नया सीखने का आपका जज्बा आज आपके काम आएगा। दफ्तर के किसी बड़े अधिकारी या अनुभवी व्यक्ति की सलाह से आपको अपने करियर में सही फैसले लेने में मदद मिलेगी।

## वर्ग पहेली 6161

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | 9 | | |
| 10 | | 11 | | ■ | 12 | | ■ |
| | ■ | | ■ | 13 | | ■ | 14 |
| 15 | 16 | | 17 | ■ | 18 | 19 | |
| ■ | | ■ | 20 | | | | ■ |
| ■ | 21 | | | ■ | ■ | 22 | 23 |
| 24 | | ■ | 25 | | | ■ | |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. मुगल सम्राट अकबर का जन्म 15 अक्टूबर 1542 को यहां के राणा वीरसाला के महल में हुआ था (5)
5. बेबाक, चुकता किया हुआ (2)
7. निंदनीय, अहंकार, नशा (3)
8. देवमंदिर, खुदा का घर (5)
10. झंकृत होना (4)
12. पुराणानुसार सुषेण की कन्या और बाली की पत्नी का नाम (2)
13. विश्वामित्र की पिता और कुशिक राजा के पुत्र का नाम (2)
15. वे प्राणी जो पृथ्वी पर विचरित होते हों (4)
18. देश व राज्य में शांति व्यवस्था बनाए रखने के नियम (3)
20. अभ्यास, योग्यता, कार्यक्षमता (4)
21. हंसी, उपहास, विनोद (3)
22. पैगंबर, ईशदूत, रसूल (2)
24. योगी, ब्रह्मचारी, संयासी (2)
25. प्राचीन भारत का प्रसिद्ध ज्ञानकेंद्र (3)

**ऊपर से नीचे**
1. कश्मीर की राजधानी श्रीनगर से सात दिनों के पैदल मार्ग पर हिंदुओं का एक तीर्थ स्थान जहां बर्फ के शिवलिंग के दर्शन होते है (5)
2. मनोज, कामदेव, आलिंगन का एक भेद (3)
3. अपशब्द करहना, बुरा-भला कहना (3)
4. मंदिर में घंटा बजने का शब्द, एक अंग्रेजी तोल जो 29 मन के बराबर होती है (2)
5. पश्चिम अफ्रीका के दश घाना की यह राजधानी है (3)
6. पिता का पिता यह कहलाता है (2)
9. वोदे देने की पात्रता (5)
11. गंडा-तावीज, अंगत्राण, अंगरक्षी (3)
14. गौरव, दृढ प्रतिज्ञा (2)
16. कमबुद्धि, नासमझ (4)
17. झूमते या इतराते हुए चलना (3)
19. नया, नवीन, नवल (3)
23. जमीन नापने की प्राचीन नाम (2)

### वर्ग पहेली 6160 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| को | ल | का | ता | ■ | मो | सा | द |
| सी | व | न | ■ | ■ | म | ह | ल |
| ■ | ली | न | ■ | को | ■ | स | ह |
| का | न | ■ | वि | रा | ट | ■ | न |
| ल | ■ | सू | र | ज | ■ | श | ■ |
| बे | टा | ■ | ह | वा | म | ह | ल |
| ल | ल | क | ■ | ब | ह | ना | ■ |
| ■ | ना | द | ना | ■ | क | ज | री |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# वेस्टइंडीज ने आखिरी वनडे 2 विकेट से जीता

## न्यूजीलैंड के खिलाफ 2-3 से सीरीज गंवाई, हेटमायर की फिफ्टी

**ब्रिजटाउन।** मेजबान वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के आखिरी मैच में 2 विकेट की जीत हासिल की। हालांकि, बुधवार को मिली इस जीत के बावजूद टीम ने 5 मैचों की सीरीज 2-3 से गंवा दी। ब्रिजटाउन में कैरेबियाई टीम ने 269 रन का टारगेट 47.3 ओवर में 8 विकेट खोकर हासिल कर लिया। शिमरोन हेटमायर ने नाबाद 69 रनों की पारी खेली। वे प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। जॉयडन लेनिक्स को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।



**न्यूजीलैंड की खराब शुरुआत-** टॉस हराने के बाद पहले बैटिंग कर रही न्यूजीलैंड 50 ओवर में 9 विकेट पर 268 रन बनाए। टीम ने 16 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवा दिया था। यहां पर हेनरी निकोलस 10 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मैथ्यू फोर्ड ने बोल्ड किया।

**यंग-केली ने पारी संभाली, दोनों की फिफ्टी-** 5वें ओवर में पहला विकेट गंवाने के बाद ओपनर विल यंग और निक केली ने कीवियों की पारी संभाली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 90 गेंद पर 86 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी को विटेल लुईस ने विल यंग को बोल्ड करके तोड़ा। विल यंग ने 56 रन बनाए। यंग के आउट होने के बाद केली ने मार्क चैपमैन के साथ पारी को आगे बढ़ाया, लेकिन चैपमैन 11 रन बनाकर आउट हो गए। चैपमैन के आउट होने के बाद विल यंग 64 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

**टॉम लैथम ने स्कोर 200 पार पहुंचाया-** मार्क चैपमैन के आउट होने के बाद क्रीज पर उतरे टॉम लैथम ने न्यूजीलैंड की पारी को 200 पार पहुंचा दिया। उन्होंने 69 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। आखिर में कप्तान मिचेल सैंटनर और नाथन स्मिथ ने 50 ओवर में टीम का स्कोर 268/9 पहुंचा दिया। विटेल लुइस और अल्जारी जोसेफ को दो-दो विकेट मिले।

कैरेबियाई ओपनर्स में फिफ्टी पार्टनरशिप 269 रन का टारगेट चेज करने उतरे कैरेबियाई ओपनर्स ने फिफ्टी पार्टनरशिप की। हालांकि, 59 रन के टीम स्कोर पर पवेलियन भी लौट गए। एकीम ऑगस्टे 34 और जस्टिन ग्रीव्स 22 रन बनाकर आउट हुए। केसी कर्टी 20 और कप्तान शाई होप 39 रन बनाकर आउट हुए।

## मैदान पर भावुक हुए मेसी के लिए अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने लिखा खास पोस्ट

# 'आपके आंसू हमारे आंसू हैं'



**नई दिल्ली ।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल मुकाबले में अर्जेंटीना को स्पेन के खिलाफ 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही टीम का लगातार दूसरी बार खिताब जीतने का सपना अधूरा रह गया। खिताबी मुकाबले में हार के बाद कप्तान लियोनेल मेसी भावुक नजर आए। इस बीच, अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) ने कप्तान मेसी के लिए खास पोस्ट लिखा है। स्पेन के खिलाफ फाइनल मैच में मेसी लय में दिखाई नहीं दिए और विपक्षी टीम ने उन्हें गोल करने का कोई मौका नहीं दिया। अपने प्रदर्शन और खिताबी मुकाबले में मिली हार से मेसी खुद की भावनाओं पर काबू नहीं रख सके। मेसी के लिए अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'कप्तान, आपके आंसू हमारे आंसू हैं। आपने हमें जिंदगी की सबसे बड़ी खुशियां दीं। आपके समर्पण, उस जादू और आखिरी पल तक अपना सब कुछ झोंक देने के लिए आपका शुक्रिया। हम आपसे हमेशा प्यार करेंगे, लियो।' लियोनेल मेसी का प्रदर्शन फीफा वर्ल्ड कप 2026 में शानदार रहा। उन्होंने टूर्नामेंट में कुल 8 गोल और चार असिस्ट किए। मेसी ने सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड के खिलाफ अर्जेंटीना को मिली जीत में अहम भूमिका निभाई। मेसी ने इस विश्व कप में कई बड़े रिकॉर्ड्स को भी अपने नाम किया। मेसी विश्व कप इतिहास में सबसे ज्यादा असिस्ट (12) करने वाले खिलाड़ी बने।

उन्होंने इस मामले में पूर्व दिग्गज खिलाड़ी पेले (10) को पीछे छोड़ा। वह तीन विश्व कप के फाइनल में खेलने वाले पहले खिलाड़ी बने। मेसी अपनी कप्तानी में अर्जेंटीना को फाइनल तक पहुंचाने वाले पहले कप्तान बने। वह विश्व कप के फाइनल में खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बने। स्पेन के खिलाफ मेसी 39 साल और 25 दिन की उम्र में मैदान पर उतरे। मेसी ने क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ सबसे ज्यादा वर्ल्ड कप ( छह) खेलने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया।

# WTC 2027: ओवल में 9-13 जून के बीच खेला जाएगा खिताबी मुकाबला

**लंदन, एजेंसी।** ओवल आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2027 के फाइनल की मेजबानी करेगा। यह मुकाबला 9 से 13 जून के बीच खेला जाएगा। ऐसा दूसरी बार होगा, जब यह मैदान चैंपियनशिप का फाइनल होस्ट करेगा। इससे पहले, साल 2023 में यहां खिताबी मुकाबला खेला जा चुका है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने भारत को शिकस्त दी थी। पिछले साल, आईसीसी की सालाना कॉन्फ्रेंस के दौरान, ईसीबी को अगले तीन वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल (2027, 2029 और 2031) की मेजबानी के अधिकार मिले थे। डब्ल्यूटीसी फाइनल के शुरुआती तीन संस्करण इंग्लैंड के अलग-अलग वेन्यू पर आयोजित हुए थे।




लॉर्ड्स ने साल 2025 का फाइनल होस्ट किया था, जिसमें साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से मात दी थी। न्यूजीलैंड ने साल 2021 में साउथेम्प्टन में भारत को 8 विकेट से हराकर पहला टाइटल जीता था, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 2023 में ओवल के मैदान पर 209 रन से जीत हासिल करते हुए ट्रॉफी जीती थी। आगामी फाइनल वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के चौथे संस्करण का भी समापन करेगा। 2027 का संस्करण ऐतिहासिक रूप से और भी खास होगा, क्योंकि यह टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होने के जश्न के साथ होगा, जिससे खिताबी मैच की अहमियत और बढ़ जाएगी। ऑस्ट्रेलिया अभी डब्ल्यूटीसी रैंकिंग में 87.50 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष पर है, जबकि मौजूदा चैंपियन साउथ अफ्रीका 75 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड (72.22), बांग्लादेश (58.33) और भारत (48.15) क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर हैं, जबकि श्रीलंका (41.67), इंग्लैंड (24.36), वेस्टइंडीज (15) और पाकिस्तान (8.33) क्रमशः छठे, सातवें, आठवें और नौवें स्थान पर हैं। ईसीबी के कॉम्पिटिशन और बड़े इवेंट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर नील स्नोबॉल ने बताया कि इंग्लैंड को खेल के सबसे लंबे फॉर्मेट के इस ग्लोबल इवेंट को होस्ट करना जारी रखने पर गर्व है।

उन्होंने कहा, 'हमें इंग्लैंड और वेल्स में अगले तीन आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल आयोजित करने का सम्मान मिला है। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अगले साल भी 'द ओवल' ही इसकी मेजबानी करेगा। 'द ओवल' में 2023 का फाइनल ब्रॉडकास्टर्स और फैंस के बीच बहुत लोकप्रिय रहा था। मुझे पूरा भरोसा है कि अगले साल का इवेंट भी बहुत खास होगा। यह देश और दुनिया भर के क्रिकेट फैंस के लिए एक शानदार मौका होगा कि वे पिछले दो वर्षों की दुनिया की दो सबसे बेहतरीन टेस्ट टीमों को एक बड़े इवेंट में आमने-सामने खेलते हुए देख सकें। '

### पंकज आडवाणीः

# महज 10 साल की उम्र में स्नूकर में पहली बार आजमाया हाथ



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में जब बिलियर्ड्स और स्नूकर गेम का जिक्र होता है, तो सबसे पहले एक ही खिलाड़ी का नाम दिमाग में आता है और वो है पंकज आडवाणी। महज 10 साल की उम्र में पहली बार स्नूकर टेबल पर हाथ आजमाने वाले पंकज का करियर ऐतिहासिक रहा। उन्होंने विश्व स्तर पर 28 खिताब अपने नाम किए। पंकज आडवाणी का जन्म 24 जुलाई, 1985 को महाराष्ट्र के पुणे में हुआ था। उस दौर में भारत में बिलियर्ड्स या स्नूकर के खेल को कोई खास पहचानता नहीं था। हालांकि पंकज की इस खेल के प्रति बचपन से ही दिलचस्पी रही। वह अपने बड़े भाई को स्नूकर खेलते हुए देखते थे और देखते ही देखते इस खेल के प्रति उनका लगाव बढ़ने लगा। 10 साल की उम्र में उन्होंने पहली बार स्नूकर टेबल पर हाथ रखा और इसके बाद फिर इस खेल में रमते चले गए। पंकज को द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता अरविंद सावूर के रूप में पहला ही कोच शानदार रहा, जिनकी देखरेख में उन्होंने इस खेल की बारीकियों को सीखा। पंकज ने

**ऐतिहासिक करियर में जीते 28 विश्व खिताब**

सिर्फ 17 साल की उम्र में अपना पहला खिताब जीता। उन्होंने 2003 में आईबीएसएफ विश्व स्नूकर चैंपियनशिप को अपने नाम किया। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। पंकज ने अपने करियर में बिलियर्ड्स और स्नूकर दोनों खेलों को मिलाकर कुल 28 विश्व खिताब अपने नाम किए। साल 2005 में पंकज एक ही साल में प्वाइंट और टाइम दोनों ही प्रारूपों की आईबीएसएफ वर्ल्ड बिलियर्ड्स चैंपियनशिप जीतकर ग्रैंड डबल पूरा करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बने। साल 2014 में आयोजित हुई आईबीएसएफ वर्ल्ड-6 रेड स्नूकर चैंपियनशिप का खिताब जीतकर पंकज बिलियर्ड्स और स्नूकर में छोटे और बड़े दोनों ही स्पर्धाओं में जीत हासिल करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बने।

पंकज का प्रदर्शन एशियाई खेलों में दमदार रहा। उन्होंने देश को साल 2006 और 2010 में हुए एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल दिलवाया। साल 2004 में पंकज को सरकार ने अर्जुन पुरस्कार, 2006 में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न, 2009 में पद्म श्री और 2018 में पद्म भूषण से सम्मानित किया। भारत में बिलियर्ड्स और स्नूकर के खेल को पहचान दिलाने में पंकज आडवाणी की सफलताओं का अहम रोल रहा।

### सर्जरी से गुजरेंगे

# स्पेन को वर्ल्ड चैंपियन बनाने वाले कप्तान रोड्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्पेन को अपनी कप्तानी में फीफा वर्ल्ड कप 2026 का खिताब जिताने वाले रोड्री को एक बार फिर चोट की वजह से लंबे समय तक फुटबॉल से दूर रहना पड़ सकता है। रोड्री पीठ की इंजरी से जूझ रहे हैं और खबरों के मुताबिक अब वह सर्जरी से गुजरेंगे। रोड्री की इंजरी ने स्पेन और मैनचेस्टर सिटी क्लब की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। रोड्री का प्रदर्शन विश्व कप में शानदार रहा था और उन्होंने स्पेन को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। रोड्री ने टीम के मिडफील्ड को मजबूती प्रदान की थी, जिसके लिए उन्हें टूर्नामेंट का बेस्ट खिलाड़ी भी चुना गया था।

रोड्री 'गोल्डन बॉल' पुरस्कार जीतने में सफल रहे थे। हालांकि, पिछले कुछ समय से रोड्री लगातार चोटों से जूझ रहे हैं। सितंबर 2024 में उन्हें लिगामेंट में गंभीर चोट लगी थी, जिसके कारण वह लगभग पूरा 2024-25 सीजन नहीं खेल सके थे। इसके बाद हैमस्ट्रिंग और ग्रोइन की समस्याओं ने भी उनकी वापसी को मुश्किल बना दिया था। पिछले सीजन में वह सभी प्रतियोगिताओं में सिर्फ 33 मैच ही खेल पाए और प्रीमियर लीग में केवल 17 मैचों में शुरुआती एकादश का हिस्सा रहे। मैदान पर लौटने के बाद भी रोड्री पहले जैसी लय में नहीं दिखे। मैनचेस्टर सिटी के तत्कालीन कोच पेप गार्डियोला ने भी माना था कि उन्हें शायद जल्दबाजी में मैदान पर उतार दिया गया था, जिसकी वजह से वह पूरी तरह फिट होकर नहीं लौट सके। रोड्री की नई चोट ऐसे समय आई है, जब मैनचेस्टर सिटी के साथ उनके अनुबंध में केवल एक साल बचा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 30 वर्षीय खिलाड़ी अपने पुराने क्लब रियल मैड्रिड में लौटने का इच्छुक है। विश्व कप जीतने के बाद उनके इस संभावित कदम को लेकर चर्चाएं और तेज हो गई हैं। रोड्री की चोट को देखते हुए मैनचेस्टर सिटी ने इस गर्मी में अपने मिडफील्ड को मजबूत करने की कोशिश की है। क्लब ने नॉटिंघम फॉरेस्ट से इलियट एंडरसन को बड़ी रकम देकर टीम में शामिल किया है, ताकि रोड्री की गैरमौजूदगी का असर कम किया जा सके। रोड्री का भविष्य रियल मैड्रिड के दो अन्य मिडफील्डर ऑरेलियन चौमेनी और एडुआर्डो कैमाविंगा के भविष्य पर भी असर डाल सकता है। दोनों खिलाड़ियों में कई प्रीमियर लीग क्लबों की दिलचस्पी बताई जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, मैनचेस्टर यूनाइटेड लंबे समय से चौमेनी पर नजर रखे हुए है, लेकिन उनकी ऊंची ट्रांसफर फीस और वेतन के कारण फिलहाल कोई नई बातचीत नहीं हुई है। वहीं, कैमाविंगा में मैनचेस्टर सिटी, चेल्सी और आर्सेनल की भी रुचि है। हालांकि, सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या रियल मैड्रिड अपने इन खिलाड़ियों को क्लब छोड़ने की अनुमति देगा या नहीं।





### ED का जुर्माना रद्द

# ललित मोदी 16 साल बाद भारत लौटेंगे

## IPL का पैसा विदेश भेजने का केस; बोले- मैं लीग की भलाई चाहता था

**नई दिल्ली।** आईपीएल के संस्थापक ललित मोदी 16 साल बाद भारत लौटने की तैयारी में हैं। एक अपीलीय ट्रिब्यूनल ने 16 जुलाई को आईपीएल 2009 के दक्षिण अफ्रीका आयोजन से जुड़े FEMA मामले में फैसला सुनाया था। इसमें मोदी को राहत देते हुए ED के लगाए गए जुर्माने को रद्द कर दिया था। फैसले के बाद ललित मोदी ने कहा कि अब उनकी भारत वापसी का रास्ता साफ हो गया है और वह इस साल के आखिर या अगले साल की शुरुआत में भारत लौट सकते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी अक्टूबर में बच्चे को जन्म देने वाली है, जिसके बाद वह भारत आने की योजना बना रहे हैं।

### 2018 में लगा था 10.65 करोड़ रुपए का जुर्माना

ED ने 2018 में ललित मोदी पर 10.65 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था। इसके बाद उन्होंने इस आदेश के खिलाफ अलग-अलग अपील दायर की थीं। अब 16 जुलाई के फैसले में ट्रिब्यूनल ने उन आदेशों में बड़ा बदलाव करते हुए ललित मोदी समेत कई पक्षों को राहत दे दी।

**भारत से दक्षिण अफ्रीका पैसे भेजने का मामला था-** यह मामला 2009 में IPL को भारत से दक्षिण अफ्रीका ले जाने से जुड़ा है। उस समय लोकसभा चुनाव के कारण सुरक्षा कारणों से टूर्नामेंट भारत से दक्षिण अफ्रीका शिफ्ट किया गया था। इसके आयोजन के लिए BCCI ने दक्षिण अफ्रीका में करीब 243.45 करोड़ रुपए भेजे थे। बाद में प्रवर्तन निदेशालय ने आरोप लगाया कि यह रकम भारतीय रिजर्व बैंक की पूर्व मंजूरी के बिना विदेश भेजी गई, जिससे विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (FEMA) का उल्लंघन हुआ।

### ट्रिब्यूनल बोली-

**ललित व्यक्तिगत तौर पर जिम्मेदार नहीं-** ललित मोदी ने कहा कि ट्रिब्यूनल ने ED की सबसे अहम दलील ही खारिज कर दी, जिससे पूरे मामले का आधार बदल गया। उनके मुताबिक अपीलीय ट्रिब्यूनल ने अपने फैसले में कहा कि दक्षिण अफ्रीका भेजी गई रकम 'करंट अकाउंट ट्रांजैक्शन' थी, न कि 'कैपिटल अकाउंट ट्रांजैक्शन'। इसलिए इसके लिए RBI की पहले से मंजूरी लेना जरूरी नहीं था। ट्रिब्यूनल ने यह भी माना कि वह BCCI की ओर से FEMA के तहत कानूनी अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार नहीं थे और न ही उनके पास वह वित्तीय अधिकार थे, जिनका श्रेष्ठ ने दावा किया था। इससे 2009 के दक्षिण अफ्रीका IPL से जुड़े सबसे बड़े कानूनी मामले का अंत हो गया।

## न्यूज बाइट्स

### पचरुखिया बाजार में एनएच-120 पर जलजमाव से आवागमन बाधित

**हसपुरा (औरंगाबाद)(नि. सं.)।** औरंगाबाद जिले के हसपुरा प्रखंड स्थित पचरुखिया बाजार में राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-120 पर भारी जलजमाव से आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाजार के जगदेव चौक के समीप दाउदनगर रोड पर घुटने तक पानी जमा होने से राहगीरों और वाहन चालकों का आवागमन मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क और नाली निर्माण के गलत डिजाइन के कारण पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। इसके अलावा, एनएचएआई द्वारा अतिक्रमण हटाने के दौरान सड़क किनारे बनाई गई मिट्टी की टीलों ने जल निकासी का रास्ता बंद कर दिया है, जिससे बारिश का पानी सड़क पर जमा हो रहा है। जिले में भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी है। पिछले दो दिनों से लगातार हो रही वर्षा के कारण जलजमाव की स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। यह मार्ग कई प्रखंडों को जिला मुख्यालय और अनुमंडल मुख्यालय से जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है, जिस पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन होता है। पचरुखिया बाजार निवासी किशन कुमार, आनंद पाठक और मनोज कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से जलजमाव के कारण सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र स्थायी समाधान की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि समय रहते जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो कई इलाकों का जिला मुख्यालय से संपर्क प्रभावित हो सकता है। अधिसूचना में प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-निर्वाचन पदाधिकारी को 31 जुलाई तक सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

### भाजपा में सुधीर की वापसी से दाउदनगर भाजपा में खुशी

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** जनसुराज नेता सुधीर कुमार शर्मा की भाजपा में वापसी से दाउदनगर भाजपा में खुशी है। बता दें कि करीब दस वर्ष पहले श्री शर्मा भाजपा में प्रदेश महामंत्री थे। वर्तमान में वह जनसुराज में थे। इनकी वापसी पर भाजपा के जिला प्रवक्ता अश्विनी कुमार तिवारी, शमशेरनगर मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, राकेश पांडेय, डॉ. दिनेश वर्मा सहित अन्य भाजपाइयों ने खुशी व्यक्त की है। नेताओं ने कहा है कि इनके आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी।

### तीन महीने पहले हुई थी युवक की शादी, परिवार में पसरा मातम

# वज्रपात से खेत में काम कर रहे युवक और किसान की हुई मौत

- धान का बिचड़ा ढो रहे 20 वर्षीय प्रिंस कुमार की मौके पर मौत
- खेत में काम कर रहे किसान जुगेंद्र यादव की भी बिजली गिरने से जान गई

**निज सं. | ओबरा / गोह | औरंगाबाद**



जिले में गुरुवार को आकाशीय बिजली गिरने से अलग-अलग स्थानों पर दो लोगों की मौत हो गई। दोनों मृतक खेत में कृषि कार्य कर रहे थे। मृतकों की पहचान ओबरा प्रखंड के कलेन गांव निवासी प्रिंस कुमार (20) तथा गोह प्रखंड के झमन बिगहा गांव निवासी जुगेंद्र यादव (47) के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पहली घटना ओबरा प्रखंड के खुदवां थाना क्षेत्र के कलेन गांव की है। जानकारी के अनुसार श्याम सुंदर पासवान का पुत्र प्रिंस कुमार धान के खेत में बिचड़ा ढो रहा था। इसी दौरान अचानक मौसम बदला और आकाशीय बिजली उसकी चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही खुदवां थानाध्यक्ष सूरज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि प्रिंस बेहद गरीब परिवार से था और मेहनत-मजदूरी कर पूरे परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी शादी मात्र तीन माह पूर्व हुई थी। वह चार भाइयों में सबसे बड़ा था तथा परिवार में एक बहन भी है। उसकी असामयिक मौत से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

#### खेत में काम के दौरान किसान की गई जान

दूसरी घटना गोह थाना क्षेत्र के झमन बिगहा गांव की है। यहां किसान जुगेंद्र यादव (47) खेत में कृषि कार्य कर रहे थे। इसी दौरान तेज गर्जना के साथ बिजली गिरने से वे गंभीर रूप से झुलस गए और खेत में ही गिर पड़े। आसपास मौजूद ग्रामीण उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गोह लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर गोह थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

खुदवां थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। वहीं अंचलाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही राजस्व कर्मचारी को मौके पर भेज दिया गया है। आवश्यक प्रतिवेदन तैयार कराया जा रहा है, ताकि राज्य सरकार के प्रावधानों के अनुसार दोनों मृतकों के परिजनों को आपदा राहत मद से निर्धारित मुआवजा उपलब्ध कराया जा सके।

# कानून-व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

## बिना अनुमति धरना-प्रदर्शन पर रहेगी सख्ती

- डीएम-एसपी ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश, संवेदनशील इलाकों की निगरानी बढ़ाने और अफवाहों पर नजर रखने को कहा



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। गुरुवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा और पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा ने सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को सतर्क रहने तथा समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों से कहा गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या तनावपूर्ण स्थिति की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों तक पहुंचाएं। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने और कानून-व्यवस्था से किसी भी तरह का समझौता नहीं करने पर जोर दिया गया।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थलों पर बिना प्रशासनिक अनुमति के किसी भी प्रकार के धरना-प्रदर्शन, जुलूस या भीड़ जुटाने की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई व्यक्ति या संगठन नियमों का उल्लंघन करता है, तो उसके विरुद्ध विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान अधिकारियों को सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से फैलने वाली अफवाहों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही आम लोगों से अपील की गई कि वे किसी भी अपुष्ट सूचना पर विश्वास न करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस या प्रशासन को दें।

#### समन्वय के साथ काम करने के निर्देश

डीएम और एसपी ने विशेष रूप से सदर एवं दाउदनगर अनुमंडल के अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने और नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन और पुलिस के बीच बेहतर तालमेल ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने की सबसे बड़ी कुंजी है। समीक्षा बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, उप विकास आयुक्त अनुपम सिंह, सदर एसडीएम गौरव सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी समेत कई विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं दाउदनगर एसडीएम अमित राजन सहित अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

# नई सरकार के 100 दिन पूरे होने पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम, तैयारियों की मुख्य सचिव ने की समीक्षा

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



नई सरकार के 100 दिन पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 25 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर गुरुवार को बिहार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आमजन के हित में संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों और नीतियों के व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में औरंगाबाद से जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा, उप विकास आयुक्त अनुपम सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तिखार अहमद तथा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी शामिल हुईं।

मुख्य सचिव ने बताया कि 25 जुलाई को आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, राज्य सरकार के मंत्रीगण तथा विधानमंडल के सदस्य शामिल होंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण राज्य के सभी जिलों, प्रखंडों और पंचायतों में किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि जिला स्तर के कार्यक्रमों में स्थानीय सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य, जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, महापौर, अन्य जनप्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया जाए।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि जिला स्तर पर रिपोर्ट कार्ड बुकलेट और लघु वृत्तचित्र के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों का प्रदर्शन किया जाए। इनमें सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय), डिग्री कॉलेज विहीन प्रखंडों में कॉलेज संचालन, बिहार स्कूल लाइव क्लासेज, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, नए राशन कार्ड, सहयोग शिविर, पंचायत विकास दिवस, आयुष्मान भारत के तहत बने कार्ड, प्रगति एवं समृद्धि यात्रा के अंतर्गत शिलान्यासित योजनाओं की प्रगति, पर्यटन, उद्योग, निवेश और रोजगार सृजन जैसी उपलब्धियों को शामिल करने का निर्देश दिया गया। बैठक में निर्देश दिया गया कि कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला सभागार, प्रखंड सभागार और पंचायत सरकार भवनों में एलईडी अथवा टेलीविजन के माध्यम से कराया जाए। कार्यक्रम स्थलों पर बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, फ्लेक्स-बैनर और अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। इसके अलावा कार्यक्रम का प्रसारण जिला प्रशासन के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी किया जाएगा।

#### डीएम ने समय पर तैयारी पूरी करने का दिया निर्देश

जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने बैठक के बाद संबंधित सभी विभागों को निर्देश दिया कि राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर कार्यक्रम का सफल आयोजन सुनिश्चित किया जाए।

# ग्रामीण प्रशिक्षण शिविर में श्रमिकों को श्रम कानूनों और कल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

- आईटीआई कॉलेज बभनडीह में आयोजित कार्यशाला में ग्रेच्युटी, न्यूनतम मजदूरी, ई-श्रम और प्रवासी श्रमिक योजनाओं पर किया गया जागरूक

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार गुरुवार को आईटीआई कॉलेज, बभनडीह के सभाकक्ष में श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग द्वारा एक दिवसीय ग्रामीण प्रशिक्षण शिविर सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिकों को श्रम कानूनों तथा सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक श्रमायुक्त, औरंगाबाद ने की। इस अवसर पर श्रम अधीक्षक अंजू कुमारी, सभी प्रखंडों के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी तथा जिले की विभिन्न पंचायतों से आए बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं बिहार गीत के साथ हुआ। प्रशिक्षण के दौरान श्रमिकों को चारों श्रम संहिताओं, बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, बिहार शताब्दी असंगठित कार्य क्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना-2011, बिहार प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना-2008, ई-श्रम, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 तथा बंधुआ मजदूरी उन्मूलन अधिनियम के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई।

#### ग्रेच्युटी और न्यूनतम मजदूरी के अधिकार बताए

शिविर में बताया गया कि किसी संस्थान में पांच वर्ष या उससे अधिक अवधि तक कार्य करने वाले श्रमिक को सेवा समाप्त होने पर नियमानुसार ग्रेच्युटी का भुगतान किया जाना अनिवार्य है। यदि नियोजक ग्रेच्युटी का भुगतान नहीं करता है, तो संबंधित श्रमिक उप श्रमायुक्त कार्यालय, गया में आवेदन देकर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

इसके अलावा श्रमिकों को सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दर के बारे में जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि प्रत्येक नियोजक के लिए निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान करना अनिवार्य है। यदि किसी श्रमिक को निर्धारित मजदूरी नहीं मिलती है तो वह संबंधित विभाग में शिकायत दर्ज करा सकता है।

#### लाभुकों को चेक और प्रतिभागियों को पारिश्रमिक

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न श्रम कल्याण योजनाओं के लाभुकों को स्वीकृति चेक वितरित किए गए। वहीं प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए श्रमिकों को एक दिन का पारिश्रमिक तथा मार्ग व्यय का भी भुगतान किया गया। अधिकारियों ने श्रमिकों से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की।

# कुएं से युवक का शव बरामद

**मदनपुर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के भुईयां बिगहा गांव में एक युवक का शव कुएं से बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक बुधवार शाम घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने कुएं के पास उसकी चप्पल देखी, जिसके बाद तलाश शुरू की गई और कुएं से उसका शव बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान महेंद्र प्रसाद के 34 वर्षीय पुत्र नीपू कुमार के रूप में हुई है। गुरुवार सुबह करीब छह बजे कुछ ग्रामीण कुएं के पास पहुंचे तो वहां नीपू कुमार की चप्पल पड़ी मिली। इसके बाद ग्रामीणों ने कुएं में तलाश शुरू की। काफी मशक्कत के बाद युवक का शव बाहर निकाला गया और घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस अवर निरीक्षक सुरेंद्र कुमार एवं एएसआई रोहित कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। नीपू कुमार मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। परिवार में उनकी पत्नी बीना देवी और दो पुत्र हैं। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक का माहौल है और बड़ी संख्या में लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं।

# बंद मकान का ताला तोड़कर जेवरात व कॉपर तार ले गए चोर, साक्ष्य मिटाने की आशंका में लगाई आग

**निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)**



जिले के दाउदनगर शहर में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए चोरी के बाद आग लगा दी। घटना में हजारों रुपये के जेवरात, कॉपर तार और अन्य कीमती सामान चोरी हो गए, जबकि आगजनी में जमीन के मूल कागजात, शैक्षणिक प्रमाण-पत्र समेत कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर राख हो गए। मामला दाउदनगर के पुराना शहर वार्ड संख्या-2 स्थित बालूगंज मोहल्ला का है। जानकारी के अनुसार, चोर मकान के मुख्य गेट के नीचे लगी ईंट हटाकर अंदर प्रवेश कर गए। इसके बाद कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर हजारों रुपये के जेवरात, 10 बंडल कॉपर तार तथा अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद चोरों ने घर में आग लगा दी। आशंका जताई जा रही है कि साक्ष्य मिटाने अथवा परिवार को अधिक नुकसान पहुंचाने की नीयत से आग लगाई गई। देर रात घर से धुआं और आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों ने शोर मचाया और मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ग्रामीणों की तत्परता के कारण आग आसपास के मकानों तक नहीं फैल सकी, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। पीड़ित गणेश चौधरी के परिजनों ने बताया कि उनके दो मकान हैं। परिवार के सभी सदस्य दूसरे मकान में रह रहे थे, जबकि इस मकान में उनका पुत्र राज चौधरी रहता था। आईटीआई की परीक्षा देने के बाद वह अपनी बहन के घर हसपुरा चला गया था, जिसके कारण मकान कई दिनों से बंद था। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया।

राज चौधरी ने बताया कि आग में जमीन के मूल कागजात, शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, जरूरी दस्तावेज और घरेलू सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। उन्होंने कहा कि माता-पिता के लौटने के बाद ही कुल नुकसान का सही आकलन किया जा सकेगा।

घटना की सूचना मिलते ही दाउदनगर थाना और डायल-112 की पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। पुलिस ने पीड़ित परिवार से लिखित आवेदन मांगा है। दाउदनगर थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि चोरों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जा सके।

# अच्छी बारिश और नहर के पानी से ओबरा में धान रोपनी ने पकड़ी रफ्तार

**निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)**



जिले के ओबरा प्रखंड में पिछले दो दिनों से धान की रोपनी का कार्य तेज गति से चल रहा है। क्षेत्र में अच्छी वर्षा होने के साथ-साथ मुख्य नहर (मेन कैनाल) से सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलने से किसान पूरे उत्साह के साथ खेतों में धान की रोपनी में जुट गए हैं। समय पर पानी मिलने से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं और खेती का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। किसान सुनील सिंह, उत्तम पांडेय, वीरेंद्र सिंह, हरेंद्र सिंह, विजय सिंह, बसंत ठाकुर और संतोष सिंह ने बताया कि इस वर्ष सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध है। इससे धान की रोपनी में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। किसानों का कहना है कि पिछले वर्ष की तरह इस बार भी जुलाई माह में समय पर रोपनी शुरू हो गई है, जिससे बेहतर उत्पादन की उम्मीद बढ़ गई है।

धान की रोपनी का कार्य समय पर पूरा करने के लिए किसानों ने पश्चिम चंपारण (बेतिया) जिले से मजदूर बुलाए हैं। मजदूर लगातार खेतों में रोपनी कर रहे हैं, जिससे निर्धारित समय के भीतर खेती का कार्य पूरा होने की संभावना है।

प्रखंड कृषि पदाधिकारी रागिनी कुमारी ने बताया कि ओबरा प्रखंड में अब तक सामान्य विधि से लगभग 15 प्रतिशत क्षेत्र में धान की रोपनी पूरी हो चुकी है। इसकी रिपोर्ट संबंधित विभाग को भेज दी गई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए प्रखंड में 20 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सामान्य विधि से धान की खेती का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

#### संतुलित उर्वरक प्रयोग करने की अपील

प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने किसानों से संतुलित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग की अपील की है। उन्होंने बताया कि सभी अधिकृत उर्वरक दुकानों पर खाद एवं उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और किसानों को किसी प्रकार की कमी नहीं होगी। साथ ही किसानों से कृषि विभाग द्वारा जारी तकनीकी सलाह का पालन करने का आग्रह भी किया गया।

# वित्तीय जागरूकता को लेकर दर्शन इंस्टीट्यूट में सेबी का नि:शुल्क क्लास



**निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)**

वित्तीय जागरूकता को लेकर दाउदनगर के दर्शन इंस्टीट्यूट, वी. सी. एस. आर. एम. में सेबी और समृद्धि शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में बच्चे - बच्चियों को नि:शुल्क वित्तीय मैनेजमेंट के गुर सिखाये गये। गुरुवार को आयोजित इस कीमती क्लास में बचत, निवेश, बजट प्रबंधन, म्यूच्युअल फंड, शेयर बाजार, के.वाई.सी., ठगी से बचाव समेत वित्तीय संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। संस्था के निदेशक रौशन कुमार सिन्हा ने बताया कि आज के समय में वित्तीय साक्षरता बेहद जरूरी है। पुख्ता जानकारी वित्तीय धोखाधड़ी से बचाती है। जानकारी रहेगी तो लोग आर्थिक सशक्तिकरण के दिशा में सोच समझकर कदम उठाएंगे। गलत निवेश व धोखाधड़ी से बच सकेंगे। बताया कि उनके संस्थान में वित्तीय जागरूकता का यह कार्यक्रम रोजाना दो शिफ्ट में आयोजित की जाएगी, जिसकी अवधि 40 मिनट के लिए निर्धारित किया गया है। पहला शिफ्ट सुबह 8 बजे और दूसरा शिफ्ट 2 बजे से आयोजित किया जायेगा। कहा कि न सिर्फ इस संस्थान के बच्चे - बच्चियां बल्कि 18 वर्ष से अधिक आयु के कोई भी इच्छुक नागरिक इस क्लास में भाग ले सकते हैं। इसके लिए संस्थान में पंजीकरण कराना जरूरी होगा।

# रफीगंज रेलवे पार्किंग में कर्मचारी पर हमला नकदी लूटने का आरोप, मामला दर्ज

**रफीगंज (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** जिले के रफीगंज रेलवे स्टेशन परिसर स्थित वाहन पार्किंग में कार्यरत एक कर्मचारी के साथ मारपीट और नकदी लूट का मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़ित ने रफीगंज थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित राघवेंद्र शर्मा, जो गया जिले के कोंच थाना क्षेत्र के छतीहर जमालपुर गांव के निवासी हैं, ने पुलिस को बताया कि वह 20 जुलाई की रात रेलवे स्टेशन की पार्किंग में वाहनों की एंट्री कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक वहां पहुंचा और बिना किसी बात के अभद्र व्यवहार करने लगा। आरोप है कि उसने पार्किंग काउंटर में रखी 4,500 रुपये की नकदी और एक कलाई घड़ी अपने कब्जे में ले ली। शिकायत के अनुसार, जब पार्किंग कर्मचारी ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने गुस्से में ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। हमले में राघवेंद्र शर्मा घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों के पहुंचने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि पीड़ित के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस घटनास्थल और आसपास के साक्ष्यों की जांच कर रही है। साथ ही नामजद आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है।

# हत्या के प्रयास मामले में चार नामजद आरोपी गिरफ्तार

**निज संवाददाता | फेसर (औरंगाबाद)**



मारपीट और हत्या के प्रयास के एक मामले में फेसर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर थाना क्षेत्र के रूपखाप गांव में छापेमारी कर सभी आरोपियों को हिरासत में लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रूपखाप गांव निवासी परिखा सिंह (55), रामेश्वर सिंह (65), रामविलास सिंह (65) और अवधेश सिंह (47) के रूप में हुई है। सभी के विरुद्ध हत्या के प्रयास और मारपीट से संबंधित मामले में प्राथमिकी दर्ज है।

फेसर थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने बताया कि घटना के बाद से ही पुलिस टीम आरोपियों की तलाश में लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। तकनीकी अनुसंधान और स्थानीय सूचना के आधार पर आरोपियों की लोकेशन का पता चलने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)**





औरंगाबाद जिले के रफीगंज प्रखंड अंतर्गत पौथू थाना पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अखिलेश पासवान, पिता बिहारी पासवान, निवासी पौथू, औरंगाबाद के रूप में हुई है। पौथू थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि गुरुवार को न्यायालय से जारी वारंट के अनुपालन में आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद उसके विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा। थाना प्रभारी ने बताया कि फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए थाना क्षेत्र में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि न्यायालय के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए ऐसे अभियानों को आगे भी जारी रखा जाएगा और फरार आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।